www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -193 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





चुनाव का टिकट न पाने वाले लिखित में दे प्रतिवेदन : दिग्विजय 02

■ जनसुविधाएं प्रदान कराना प्राथमिकता : शैली
■ सोनल ने धनखड़ को भेंट की अपनी पुस्तक नेशन कॉलिंग 03

■ इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान ने दी...
■ इंडोनेशिया में इबू ज्वालामुखी फटा 07

69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए आलिया... 10

## सार संक्षेप

### सेना की गरिमा को ठेस पहुंचा रही मोदी सरकार : खडगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार सेना की प्रतिष्ठा का ध्यान रखे बिना अपनी सरकार के कार्यों की उपलब्धियों का प्रचार के लिए उसका इस्तेमाल कर रही है और उसका यह कदम सेना के शौर्य को ठेस पहुंचाने वाला है। श्री खड़गे ने ट्वीट किया राष्ट्र की सुरक्षा करने वाले हमारे भारतीय सेना के वीर जवानों की लोकप्रियता को भुनाकर मोदी जी स्वयं का प्रचार करवा रहें हैं।

### छत्तीसगढ़ में मारा गया 8 लाख का इनामी नक्सली



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सली गतिविधियां बढ़ाने की लगातार आशंका है और ऐसा होता नजर भी आ रहा है। इसी के चलते बीजापुर के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक आठ लाख का इनाम नक्सली मारा गया है। उसके पास से एके-47 राइफल भी बरामद हुई है।

### तमिलनाडु में दो पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट, 10 की मौत



**चेन्नई।** तमिलनाडु के शिवकाशी में मंगलवार को दो अलग-अलग पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट होने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोगों के घायल होने की भी खबर है। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महिलाएं हैं। मृतकों की पहचान को लेकर जांच प्रक्रिया जारी है।

### आईसीआईसीआई बैंक पर लगा 12 करोड़ का जुर्माना



**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने आधिकारिक मानदंडों के उल्लंघन के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड पर 12.19 करोड़ और कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड पर 3.95 करोड़ का जुर्माना लगाया। आईसीआईसीआई बैंक पर जुर्माना 'ऋण और अग्रिम-साविधिक तथा अन्य प्रतिबंधों' एवं 'वाणिज्यिक बैंकों व चुनिंदा वित्तीय संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी वर्गीकरण और रिपोर्टिंग' से संबंधित मानदंडों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है।

### ईडी ने पूर्व मंत्री से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की

**जम्मू।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जम्मू, कठुआ और पठानकोट में छापेमारी की। सूत्रों ने बताया, 'ईडी जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह की पत्नी और एक पूर्व सरकारी अधिकारी द्वारा संचालित एक शैक्षिक ट्रस्ट के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है।

# समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा, कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में नहीं कर सकता है बदलाव

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से सुप्रीम कोर्ट ने

- **संविधान पीठ ने तीन-दो के बहुमत से सुनाया फैसला**
- **सीजेआई ने कहा, कानून बनाना संसद का काम**

इनकार कर दिया है। मंगलवार को 5 जजों की संविधान पीठ ने कहा कि कोर्ट स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव नहीं कर सकता। कोर्ट सिर्फ कानून की व्याख्या कर उसे लागू करा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि स्पेशल मैरिज एक्ट के प्रावधानों में बदलाव की जरूरत है या नहीं, यह तय करना संसद का काम है।





चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हिमा कोहली, जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस रविंद्र भट और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की संविधान पीठ ने इस मामले की सुनवाई की थी। जस्टिस हिमा कोहली को छोड़कर फैसला चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस कौल, जस्टिस भट और जस्टिस नरसिम्हा ने बारी-बारी से फैसला सुनाया। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने की मांग तीन-दो के बहुमत से खारिज कर दी, जबकि हिंसा, जबरदस्ती या हस्तक्षेप के किसी भी खतरे के बिना सहवास के उनके अधिकार को बरकरार रखा। सीजेआई ने सबसे पहले कहा कि इस मामले में 4 निर्णय हैं। एक निर्णय मेरी तरफ से है, एक जस्टिस कौल, एक जस्टिस भट और जस्टिस नरसिम्हा की तरफ से है। इसमें से एक डिग्री सहमति की है और एक डिग्री असहमति की है कि हमें किस हद तक जाना होगा।

**केंद्र ने भारतीय समाज के खिलाफ बताया था**

दरअसल, सेम सेक्स मैरिज का समर्थन कर रहे याचिकाकर्ताओं ने इसे स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत रजिस्टर्ड करने की मांग की थी। वहीं, केंद्र सरकार ने इसे भारतीय समाज के खिलाफ बताया था।

## विधायकों की अयोग्यता मामले मविधायकों की अयोग्यता मामले में अहम टिप्पणीं अहम टिप्पणी

### स्पीकर समय सीमा तय नहीं करेंगे, तो कोर्ट करेगा

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को अंतिम मौका देने की बात कही। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि विरोधी धड़े (उद्धव ठाकरे) की तरफ से जो याचिकाएं दायर की गई हैं, उस पर फैसला लेने के लिए स्पीकर वास्तविक समयसीमा निर्धारित करें। अयोग्यता की याचिकाओं को जल्द निर्णय लिए जाने की जरूरत है। महाराष्ट्र में विधायक अयोग्यता मामले की चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने कहा अगर स्पीकर समय सीमा तय नहीं करेंगे, तो कोर्ट तय करेगा।



# वहीदा रहमान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वहीदा रहमान को दादा साहेब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर वहीदा रहमान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और जूरी मेंबर्स का शुक्रिया अदा किया। वहीदा रहमान ने कहा, आज जिस भी मुकाम पर मैं खड़ी हूं, यह मेरी प्यारी फिल्म इंडस्ट्री की वजह से है। मुझे किस्मत से बहुत अच्छे टॉप डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, फिल्म मेकर्स, टेक्नीशियंस, राइटर्स,डायलॉग राइटर्स और म्यूजिक डायरेक्टर्स सबका बहुत सहारा मिला। बहुत इज्जत दी, बहुत प्यार दिया।

# भारत की चन्द्रमा पर 2040 तक मानव भेजने की तैयारी

- **प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो के गगनयान मिशन की समीक्षा की**
- **2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करेगा भारत**

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के गगनयान मिशन की तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें आने वाले समय में अंतरिक्ष में खोज के भारत के प्रयासों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन (केन्द्र) स्थापित करेगा और 2040 तक चंद्रमा पर मानव को पहुंचाएगा।

भारत इस समय मंगल और शुक्र ग्रहों के अध्ययन के अभियान में भी लगा हुआ है। आज की समीक्षा बैठक में



अंतरिक्ष विभाग ने प्रधानमंत्री के समक्ष गगनयान मिशन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। विभाग ने इस दिशा में अब तक विभिन्न नयी प्रौद्योगिकियों के विकास में हुयी प्रगति की जानकारी दी। मनुष्य को अंतरिक्ष में ले जाने वाले में प्रयोग किए जा सकने वाले प्रक्षेपण वाहनों की प्रौद्योगिकी और उपयुक्त प्रणालियों के विकास में प्रगति शामिल है। बैठक में बताया गया कि अंतरिक्ष में मानव भेजने के तैयारियों के सिलसिले में बड़े परीक्षण किए जाएंगे, जिनमें तीन परीक्षण मनुष्यों की अंतरिक्ष यात्रा के लिए उपयुक्त प्रक्षेपणयान (एचएलवीएम3) के प्रक्षेपण की योजना है। एचएलवीएम3 के तीन अभियान मानवरहित होंगे। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरिक्ष अभियान के क्षेत्र में भारत की अब तक की सफलताओं की नींव पर अब देश को नये महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए, उन्होंने इसी सन्दर्भ में 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और 2040 तक चाँद पर भारत का पहला मानव मिशन भेजने का लक्ष्य रखा।

## राहुल ने विधानसभा चुनावों को लेकर किया बड़ा दावा

# हम सभी पांचों राज्यों में जीत हासिल करेंगे

**आइजोल,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मिजोरम का दो दिन का दौरा किया।

- **भाजपा के खिलाफ जनता में है भारी आक्रोश**

उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह दावा किया कि देश के पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी जीत हासिल करेगी। उन्होंने अपने दावे को और पुख्ता करते हुए कहा कि वे जिधर भी जाते हैं उन्हें बीजेपी के खिलाफ भारी जन-आक्रोश नजर आता है। कांग्रेस सांसद ने कहा, अगर आप उन राज्यों पर नजर डालें जहां हम चुनाव





लड़ रहे हैं तो छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम, तो हम हर राज्य में जीत हासिल करेंगे। मैं जब मध्य प्रदेश जाता हूं तो मुझे भाजपा के खिलाफ भारी जनआक्रोश दिखता है, जब मैं छत्तीसगढ़ जाता हूं तो वहां हमारी सरकार द्वारा किए गए काम के लिए भारी समर्थन देखता हूं, राजस्थान में भी ऐसा ही होता है इसलिए जिन लोगों को पद से हटना है, वह भाजपा है, हम नहीं।'

**'इंडिया' गठबंधन 60 प्रतिशत हिस्से का करता है प्रतिनिधित्व**

राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' देश के 60 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन अपने मूल्यों, संवैधानिक ढांचे और धर्म या संस्कृति से परे लोगों की खुद को अभिव्यक्त करने और सद्भाव से रहने की स्वतंत्रता को संरक्षित कर 'भारत की अवधारणा' की रक्षा करेगा।

## मध्य प्रदेश के लिए कांग्रेस का वचन पत्र जारी

- **महिला, किसान और नौजवान पर फोकस**

भोपाल। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने वचन पत्र जारी कर दिया है, इसमें महिलाओं, किसान और नौजवानों पर खास फोकस किया गया है। इस वचन पत्र में कांग्रेस ने 1290 वचन दिए है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित विधानसभा चुनाव-2023 के लिए कांग्रेस के वचन पत्र विमोचन कार्यक्रम में कहा कि मध्य प्रदेश की जनता गवाह है कि वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने पर पहली किस्त में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था। सत्ता में आने पर सरकार का और शासन तंत्र का सरलीकरण करना है। कमलनाथ ने कहा कि पूर्व में जो गारंटियां दी जा चुकी है, उन पर अमल होगा। कांग्रेस ने पूर्व में वादा किया था कि महिलाओं को 15 सौ रुपए माह, पढो और बढ़ाओ योजना में पांच से 15 सौ रुपए तक, गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में, कर्मचारियों के लिए ओपीएस, किसान कर्ज माफी होगी।

## लोकसभा अध्यक्ष ने दुबे के खत का लिया संज्ञान

# ओम बिरला ने आचार समिति के पास भेजा मामला

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा पर संसद में पैसा लेकर सवाल पूछने का जो आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लगाया है; उसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गंभीरता से लेते हुए ऐथिक्स कमेटी (आचार समिति)के पास भेज दिया है।



उल्लेखनीय है कि दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को खत लिखकर महुआ के खिलाफ आरोप लगाते हुए इसकी जांच के लिए एक समिति गठित करने व सदन से उन्हें तत्काल निलंबित करने की मांग की थी। उन्होंने अपने खत में लिखा था कि ये सदन की अवमानना है। इसकी तत्काल जांच कराई जए। इसके बाद ओम बिरला ने टीएमसी सांसद के खिलाफ पैसा लेकर सवाल पूछने का मामला ऐथिक्स कमेटी के पास भेज दिया है। यही नहीं दुबे ने इसको लेकर आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव व राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर को भी खत लिखकर मामले की जांच कराने को कहा था। बतादें कि दुबे ने अपने खत में दावा किया था कि सुप्रीम कोर्ट के एक वकील ने टीएमसी सांसद पर कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने का दस्तावेजी आरोप लगाया है।

**महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर सवाल पूछने का लगाया था आरोप**

### पहले दुबे के खिलाफ आरोप निपटाएं : महुआ

उधर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को निशिकांत दुबे द्वारा लिखे खत के बाद पलटवार करते हुए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहाकि लोकसभा अध्यक्ष पहले दुबे के खिलाफ लंबित आरोप हैं, उससे निपट लें। उसके बाद वे उनके खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे,उसका स्वागत है।

## राजस्थान में कांग्रेस की खास रणनीति

# तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का कट सकता है टिकट

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी ने तकरीबन सभी चुनावी राज्यों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। लेकिन राजस्थान में पेंच फंस गया है। क्योंकि पार्टी के सियासी रणनीतिकार के सर्वे में 50 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट काटने की सिफारिश की गई है। जबकि सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

- **अशोक गहलोत खेमे को लग सकता झटका**

का कहना है कि अगर टिकट कटना ही है तो उनके टिकट काटे जाएं, जिन्होंने पार्टी से बगावत की थी। इसी के चलते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी लंबित है। हालांकि माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने मामले में दखल दिया है और कल सीईसी की बैठक हो सकती है। गहलोत ज्यादा से ज्यादा समर्थक विधायकों को टिकट दिलाकर विधायक दल पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं। लेकिन आलाकमान सर्वे के साथ जाना चाहता है। इसके पीछे उसका मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे और अगर सरकार बनाने लायक संख्या मिल जाती है तो कोई भी खेमा दबाव की राजनीति न कर सके। इसको देखते हुए आलाकमान ने सर्वे को पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को सौंप दिया है।

# गाजा में 11 फिलिस्तीनी पत्रकारों की हत्या

**गाजा,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी पत्रकार सिंडिकेट ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में कम से कम 11 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। एक प्रेस बयान में, सिंडिकेट ने सोमवार को कहा कि गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में 50 स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया संगठनों को निशाना बनाया गया। सिंडिकेट ने कहा, इसके अलावा, दो पत्रकार लापता हो गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें यह भी कहा गया है कि गाजा में लगातार बिजली कटौती और इंटरनेट समस्या के कारण पत्रकारों की कवरेज जारी रखने की क्षमता सीमित हो गई है। सिंडिकेट ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पत्रकारों की सुरक्षा के लिए हस्तक्षेप करने का आह्वान करते हुए कहा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई पत्रकारों को इज़राइल से धमकियों का सामना करना पड़ा।



**20 अन्य घायल हो गए**

## परेशानी: गेमिंग साइटों से बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा

# ऑनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री में 87 फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया में आनलाइन बाल यौन शोषण सामग्री के मामलों में 2019 के बाद से 87 फीसदी की वृद्धि हुई है तथा गेमिंग साइटों से भी बच्चों के यौन शोषण का खतरा बढ़ा है। यह तथ्य गैर सरकारी संगठन वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की ताजा रिपोर्ट में दिया गया है। बच्चों के लिए आनलाइन खतरे के बारे में वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस ने जारी अपनी चौथी वैश्विक रिपोर्ट में कहा है कि वैश्विक स्तर पर 3.2 करोड़ से अधिक ऐसे मामले की रिपोर्ट की गई है जहां आनलाइन माध्यमों में बाल यौनशोषण से जुड़ी सामग्री प्रस्तुत की गई थी।

**भारत पर भी आसन्न खतरों को किया जिक्र**

भारत चिंताजनक रूप से उन देशों में से एक है जहां बच्चों के लिए आनलाइन माध्यामों पर आसन्न खतरों का जिक्र इस रिपोर्ट में किया गया है। इसमें यह भी पाया गया कि 2020 से 2022 (इंटरनेट वॉच फाउंडेशन) के



- **वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस की रिपोर्ट में दी गई जानकारी**

बीच सात से 10 साल के बच्चों की स्व-निर्मित यौन कल्पना की सामग्रियों में 360 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार चौंकाने वाली बात यह भी है कि सोशल गेमिंग प्लेटफॉर्म पर बच्चों के साथ बातचीत 19 सेकंड के भीतर उच्च जोखिम वाली ग्रूमिंग स्थितियों में बदल सकती है, जबकि ग्रूमिंग का औसत समय केवल 45 मिनट है। वीप्रोटेक्ट ग्लोबल अलायंस के अनुसार सोशल गेमिंग का माहौल वयस्क और बच्चे के बीच मेल-जोल, आभासी उपहारों के आदान-प्रदान और पब्लिक रैंकिंग प्रणालियों की सुविधा प्रदान करता है, उससे ऐसे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं। संगठन की इस शोधपरक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यौन शोषण से जुड़े वित्तीय उत्पीड़न में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज होने का उल्लेख किया गया है।

**पिछले साल 10,000 से अधिक वसूली के मामले**

2021 में जहां बच्चों से वसूली के 139 मामले सामने आए थे, वे 2022 में बढ़कर 10,000 से अधिक हो गए। ऐसी घटनाओं में अपराधियों का अपनी यौन तस्वीरें और वीडियो साझा करने के लिए बच्चों को तैयार करना और हेराफेरी करना और फिर पैसे कमाने के लिए उनसे जबरन वसूली करना शामिल है।

# देश

उवाच

"बिहार सरकार ने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत जातीय सर्वेक्षण के आंकड़ों में फेरबदल कर इसे जारी किया है, जो अपूर्ण एवं भ्रामक है तथा राज्य की जनता को गुमराह करने का प्रयास है।

–रेणु देवी, भाजपा की वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.0 | 22.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 27.0 |

# कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया : श्रीनेत

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फिर कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर किया और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा।

■ कांग्रेस ने भाजपा पर मां गंगा को भी नहीं बख्शने का लगाया आरोप

उन्होंने कहा भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था यह कोरा झूठ है। प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी



गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और यह कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था कोरा झूठ है : सुप्रिया श्रीनेत

बढ़ाना था। पहले 250 एमएल की बोतल 30 रुपए थी लेकिन 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसकी कीमत 35 रुपए हो गई थी। इसकी जानकारी 18 अगस्त को इंडिया पोस्ट ने ट्वीट से दी थी जिसमें साफ लिखा था कि 30 रुपए की बोतल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि सरकार बोलती रही है की गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर जीएसटी नहीं लगेगा।

उन्होंने कहा कि सीबीआईसी के तहत जीएसटी जीएसटी आता है और सीबीआईसी की वेबसाइट पर लिखा है–रुद्राक्ष की माला, रोली, विभूति, यज्ञोपवीत, कलावा, बिना ब्रांड के शहद, लकड़ी के खड़ाऊं, चरणामृत, चंदन का टीका और दीये की बाती पर जीएसटी नहीं है बाकि सब पर जीएसटी है। वेबसाइट में गंगाजल पर जीएसटी नहीं लगाने की कोई बात नहीं है। हिंदू धर्म में गर्भधारण से मृत्यु तक 16 कर्मकांड होते हैं और उन सबमें गंगाजल अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर गत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक पोस्ट में हमला बोलते हुए कहा था कि मोदी जी, मोक्ष प्रदाता मां गंगा का महत्व एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक बहुत अधिक है। आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।

उन्होंने कहा कि आपने एक बार भी नहीं सोचा कि उन लोगों पर क्या असर पड़ेगा जो अपने घरों में गंगाजल रखने इसे ऑर्डर देकर मंगाते हैं। यह आपकी सरकार की लूट और पाखंड की पराकाष्ठा है।

## गंगाजल पर भी वसूला जा रहा था जीएसटी : कांग्रेस

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गंगाजल पर भी 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा था और जब हमने दस्तावेजों के साथ भंडाफोड़ किया, तब जाकर इन्होंने टैक्स हटाया। उन्होंने कहा कि आजकल शारदेय नवरात्र चल रहा और इस पावन पर्व में जब श्रद्धालु बिना जीएसटी के गंगाजल से पूजा करेंगे तो उनका आशीर्वाद कांग्रेस को मिलेगा। दु:ख इस बात का भी है कि जिस झूठ का पर्दाफाश मीडिया को करना चाहिए था उसे हम कर रहे हैं और आगे भी सरकार का असली चेहरा इसी तरह बेनकाब करते रहेंगे।

# झारखंड के लोटिया डैम में छह बच्चे डूबे

**रांची,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में मंगलवार सुबह डूबे सभी छह स्कूली छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी हजारीबाग के माउंट एग्माउंड स्कूल के प्लस टू के छात्र थे और स्कूल ड्रेस पहनकर डैम साइड में सैर करने पहुंचे थे। छात्रों के डूबने की खबर पाकर उनके परिजन डैम के पास पहुंचे। उनकी चीत्कार से माहौल बेहद कारुणिक हो उठा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। बताया गया कि सात छात्र स्कूटी और बाइक से पहुंचे थे। उन्होंने अपने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए पानी में उतर गए। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लोटवा डैम में हादसे की दु:खद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।



■ राज्यपाल व सीएम ने जताया शोक

# जम्मू, कठुआ व पठानकोट में आठ स्थानों पर ईडी ने की छापेमारी

**जम्मू,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिगड़े मौसम के बीच मंगलवार को जम्मू संभाग के जिला कठुआ में पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह के घर पर छापा मारा। साथ ही जम्मू और पठानकोट समेत आठ अलग-अलग जगहों पर ईडी की टीम पहुंची है। यह कार्रवाई आरबी एजुकेशनल ट्रस्ट के खिलाफ पीएमएलए केस में की गई। पूर्व सांसद लाल सिंह की पत्नी एवं ट्रस्ट की चेयर पर्सन कांटा अंदोत्रा से जुड़े ठिकानों पर ईडी की छापेमारी हो रही है। साजिश रचकर ट्रस्ट को 329 कनाल लैंड अलॉटमेंट को लेकर छापे मारे गए हैं। सीबीआई ने 12 सितम्बर 2020 को इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी, जिसके बाद ईडी ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया है। जम्मू में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की गई है। सूत्रों के अनुसार, शहर के शास्त्री नगर में नायब तहसीलदार रविंद्र सिंह, मीरां साहब में एडवोकेट अशीष कोतवाल समेत जम्मू के गुलशन ग्राउंड के नजदीक एक घर पर भी एजेंसी की टीम पहुंची। जम्मू संभाग के जिला कठुआ में आरबी एजुकेशनल ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट के जरिए वन्य भूमि की बिक्री और खरीदी करने का आरोप है। ट्रस्ट के अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने इस काम को अंजाम देने के लिए जिले के राजस्व और



वन अधिकारियों को रिश्वत दी, ताकि वे वन्य भूमि की खरीददारी करवाएं। इस मामले में सीबीआई भी कार्रवाई कर चुकी है। सीबीआई ने इस ट्रस्ट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में कई बार छापेमारी भी की है। 2014 में बसोहली से भाजपा के टिकट पर उन्होंने फिर जीत दर्ज की। तब जम्मू कश्मीर राज्य में भाजपा और पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई। वह एक बार फिर मंत्री बने। इस बार वह वन मंत्री बने। साल 2014 में मंत्री बनने के कुछ सप्ताह बाद ही उनके खिलाफ एक महिला डॉक्टर ने शिकायत दर्ज कराई थी।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह के घर पर छापा मारा

## समर्थकों ने कार्रवाई का विरोध जताया

वहीं, इस कार्रवाई का पता चलते ही कठुआ में पूर्व मंत्री के समर्थक भी उनके घर के बाहर एकत्रित होना शुरू हो गए हैं। समर्थकों ने इस कार्रवाई का विरोध जताया है। चौधरी लाल सिंह ने राजनीति की शुरुआत छात्र नेता के तौर पर की थी। पहली बार 1986 में कठुआ की बसोहली सीट से कांग्रेस टिकट पर विधायक बने। 2002 में भी वह यहां से जीते औप पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। स्वास्थ्य मंत्री बनने के दौरान भी वह खूब सुर्खियों में रहे।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर को मिले बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को बर्फ हटाने वाले विशेष उपकरण और वाहन जनता को समर्पित किए। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा खरीदे गए उपकरण सुरक्षित और प्रभावी बर्फ हटाने और नागरिकों के लिए पहुंच बनाए रखने के लिए पीडब्ल्यू विभाग के मैकेनिकल व अस्पताल इंजीनियरिंग निदेशालय को सौंप दिए गए।

### बुधनी में टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग का छापा

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र में स्थित एक टैक्सटाइल फैक्ट्री पर आयकर विभाग के दल ने छापे की कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग के अधिकारियों का दल संबंधित फैक्ट्री परिसर में सुबह पहुंचा और फैक्ट्री कार्यालय के अलावा इसके परिसर में स्थित दो तीन ठिकानों पर छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया। हालाकि छापे के दौरान क्या मिला, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। सूत्रों का कहना है कि संबंधित फैक्ट्री का नाता पंजाब से है व पंजाब के आयकर विभाग के दल ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संबंध में व कोई अधिकृत विवरण नहीं मिल सका है।

### ओडिशा में चार करोड़ की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने निवेश योजनाओं के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से 4 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। इनके नाम अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत हैं। दोनों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रांची के पुंदाग इलाके में श्याम विहार अपार्टमेंट में छिपे थे। बताया गया है कि इन आरोपियों ने वास्तव इंडिया नामक एक ट्रस्ट के जरिए विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा करवाई।

### गुजरात के मछुआरे की पाकिस्तानी जेल में मौत

**गिर सोमनाथ।** गुजरात के गिर सोमनाथ जिले के एक मछुआरे की इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान की जेल में मौत हो गई। राज्य के मछुआरों के कल्याण के लिए समर्पित गैर सरकारी संगठन समुद्र श्रमिक संघ ने मंगलवार को कहा कि पिछले तीन महीनों में यह इस तरह की दूसरी मौत है। मृतक की पहचान कोडिनार ब्लॉक के डुडाना गांव के 55 वर्षीय भूपतभाई जीवाभाई वाला के रूप में हुई है। कराची जेल में बंद साथी मछुआरों ने बताया कि 9 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। भूपतभाई जीवाभाई वाला को 12 अक्टूबर, 2021 को पीएमएसए ने गिरफ्तार किया था।

# चुनाव का टिकट न पाने वाले लिखित में दे प्रतिवेदन : दिग्विजय

**भोपाल,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद उपजे कथित असंतोष को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने टिकट पाने में असफल प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि वे तथ्यों के आधार पर अपना लिखित प्रतिवेदन टिकट वितरण से जुड़े कांग्रेस पदाधिकारियों को भेजें। सिंह ने एक्स पर अपनी सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि उन्हें 1985 में जब से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था, वे तब से टिकट वितरण प्रक्रिया से जुड़े हैं। ये सबसे कठिन काम है। इस चुनाव में लगभग चार हजार उम्मीदवार चुनाव लड़ना चाह रहे थे, जिनमें से केवल 230 का चयन होना है। सिंह ने कहा कि प्रत्याशियों में असंतोष होना स्वाभाविक है, क्योंकि हर उम्मीदवार यह समझता है केवल वही चुनाव जीत सकता है। जिनको उम्मीदवार नहीं बना पाए हैं उनको संघटन में स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने टिकट वितरण की प्रक्रिया बताते हुए कहा कि इसके लिए मापदंड के तहत जिला कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से नाम लिए गए। कांग्रेस समिति सचिवों ने हर विधानसभा क्षेत्र में जा कर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने भोपाल आ कर सभी से मिलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वे टिकट प्राप्त करने में असफल रहे उम्मीदवारों से अपील कर रहे हैं कि उन्हें जो कहना है वह तथ्यों के आधार पर कांग्रेस महासचिव, सचिव व पर्यवेक्षक को लिखित में प्रतिवेदन दें।



■ टिकट पाने में असफल प्रत्याशियों से किया आग्रह

# महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं : तेजस्वी

**पटना,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिहार के उप मुख्यमंत्री और राजद के नेता तेजस्वी यादव ने साफ तौर पर कहा कि सीट शेयरिंग में बिहार महागठबंधन में कोई कठिनाई नहीं है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि 2015 विधानसभा चुनाव के दौरान जब 243 सीटें थी, तब तो कोई विवाद नहीं हुआ, अब तो उससे कम 40 लोकसभा सीट है।

■ बिहार लोस चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर विवाद की बात को नकारा

■ चिराग और पशुपति पारस के बीच हाजीपुर सीट को लेकर खींचतान चल रही है

बिहार में महागठबंधन को मजबूत बताते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि बिहार में महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं है। पीएम मोदी और अमित शाह अगर 365 दिन भी बिहार में आकर रहेंगे तो भी कुछ होने वाला नहीं है। सीट शेयरिंग के बहाने तेजस्वी के निशाने पर चिराग थे, जो एकबार फिर एनडीए में शामिल हुए हैं। चिराग और पशुपति पारस के बीच हाजीपुर सीट को लेकर खींचतान चल रही है। विधान परिषद के एक कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने ये बातें कहीं।



मोदी व अमित शाह अगर 365 दिन भी बिहार में आकर रहेंगे तो भी कुछ होने वाला नहीं : तेजस्वी यादव

**दिक्कत है तो देश में जातीय गणना कराए केंद्र सरकार**

पटना में मंगलवार को तेजस्वी यादव से पत्रकारों ने जब जातीय गणना के सही आंकड़े नहीं होने के आरोप लगाए जाने के संबंध में पूछा तो उन्होंने कहा कि अगर जातीय गणना के आंकड़े पर भाजपा को भरोसा नहीं है तो प्रधानमंत्री से कहकर देश में ही जातीय जनगणना करा लेना चाहिए।

लेकिन, ऐसा होने वाला है नहीं, क्योंकि भाजपा के जो प्रधानमंत्री हैं या फिर भारत सरकार में बैठे लोग हैं, वो चाहते ही नहीं हैं कि देश में जातीय जनगणना हो। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि बिहार में सही तरीके से गणना हुई है। किसी के बोलने से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम इस पर ध्यान नहीं देते हैं कि कौन क्या चाहता है और क्या करेगा हमारी सरकार जनता की सेवा के लिए काम करती है।

हम लोग जनता से किए वादे को पूरा करने में लगे हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि भाजपा कोई एक ऐसा राज्य बता दे जहां एकसाथ लाखों पदों के लिए बहाली आई हो। भाजपा को भी लगता है कि बिहार के महागठबंधन का कोई मुकाबला नहीं है।

## चरित्र हनन करना भाजपा का पुराना मॉडल रहा है

तेजस्वी यादव ने भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के बीच चल रहे विवाद को लेकर कहा कि चरित्र हनन करना, बदनाम करना, यह भाजपा का पुराना मॉडल रहा है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की जमानत रद्द कराने को लेकर सीबीआई पर कहा कि यह पहली बार है क्या। कितने आरोपी रहे हैं। इस स्कैम में कई को जमानत मिली। न्यायालय अपना काम करती है। मेरा जमानत कैंसिल करने गए थे। कैंसिल कराने गए तो क्या हुआ। आरोप में दम तो होना चाहिए। सबको पता है क्या हो रहा है।

# जब्त किया पैसा भाजपा से जुड़ा : शिवकुमार

**बेंगलुरु,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि बेंगलुरु में आयकर छापे के दौरान जब्त की गई भारी नकदी का संबंध भाजपा और उसके नेताओं से है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि इसका कांग्रेस सरकार या पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि छापे के दौरान आयकर अधिकारियों को उनकी जानकारी के अनुसार किताबें और कई डायरियां मिलीं और जांच के दौरान तथ्य सामने आएंगे। शिवकुमार ने परोक्ष रूप से पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी. रवि.पर निशाना साधते हुए कहा, जो नाम सामने आएंगे वे भाजपा के पूर्व मंत्री आर. अशोक, फर्जी स्वामी, ब्लैकमेल स्वामी और लूट रवि के होंगे। शिवकुमार ने कहा कि उन्हें जांच करने दीजिए। पिछली भाजपा सरकार भ्रष्टाचार का प्रतीक थी। हमारे नेता भी जांच की मांग कर रहे हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच शुरू होने दीजिए। उन्होंने कहा कि पूरा भ्रष्टाचार केवल भाजपा द्वारा किया जाता है। भाजपा भ्रष्टाचार की नींव है और यही कारण है कि कर्नाटक की जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। सभी ठेके पिछली भाजपा सरकार द्वारा दिए गए हैं। शिवकुमार ने कहा कि क्या मुझे विधायकों और पूर्व मंत्रियों से भाजपा सरकार के दौरान भ्रष्टाचार पर बयान जारी करने के लिए कहना चाहिए। पिछले सप्ताह से अब तक आयकर विभाग के अधिकारियों ने 80 करोड़ रुपए से अधिक नकदी जब्त की है। पिछली भाजपा सरकार के खिलाफ 40 प्रतिशत कमीशन का आरोप लगाने वाले एक ठेकेदार के फ्लैट से 40 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त की गई थी।



■ आईटी छापों पर बोले कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री

## भाजपा भ्रष्टाचार का हिमालय

भाजपा द्वारा सीएम सिद्धारमैया और शिवकुमार को कलेक्शन मास्टर्स के रूप में चित्रित करने वाले पोस्टर जारी करने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार का हिमालय है। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार के दौरान सीएम कार्यालय से 2,000 करोड़ रुपये हाईकमान तक पहुंचने का आरोप था।

# उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट

**देहरादून,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में मानसून के जाने के बाद अब मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश में गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के साथ ही तेज आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रदेश में आंधी तूफान बारिश और बर्फबारी भी हुई। वहीं मंगलवार को भी मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने के साथ ही कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बुधवार से अगले कुछ दिन राहत मिलने के आसार हैं।

# केटीआर ने हथकरघा श्रमिकों के लिए लड़ीं कई लड़ाइयां : चंद्रशेखर राव

**सिरसिला,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने मंगलवार को सिरसिला में आयोजित प्रजा आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सिरिसिला एक ऐसा जिला है जहां मैंने अपने सत्तर साल के जीवन में कम से कम एक सौ सत्तर बार दौरा किया है। सिरसिला वह जिला है जहां मेरी रिश्तेदारियां, रिश्ते, दोस्ती और मेरे कई सहपाठी हैं।केटीआर सिरिसिल्ला को विधायक पाकर आप सभी भाग्यशाली हैं।

चूंकि केटीआर हथकरघा मंत्री भी थे, इसलिए उन्होंने कई बैठकों में मेरे साथ संघर्ष किया, कई तरह की लड़ाइयां लड़ीं, हथकरघा श्रमिकों के लिए करघे स्थापित किए, उनके आधुनिकीकरण के लिए धन लाए और हथकरघा श्रमिकों की स्थितियों को बदल दिया। मैं हथकरघा श्रमिकों को आत्महत्या की स्थिति से बचाने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए केटीआर की भी सराहना करता हूं। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केटीआर हस्तशिल्प के लिए लड़ रहा है। सिरिसिल्ला में हथकरघा श्रमिकों की स्थिति बदल दी। एक अच्छा नेता, एक अच्छे भविष्य वाला नेता, केटीआर आपके साथ खड़े हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि केटीआर को आशीर्वाद दें और कार चुनाव चिह्न के लिए वोट करें और उन्हें जिताएं। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि रामाराव की प्रशंसा करना स्वयं की प्रशंसा करना है। रामाराव के गुण क्या हैं, यह तो आप मुझसे अधिक जानते हैं। मुझे रामा राव की प्रशंसा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि आप और वह एक साथ काम कर रहे हैं। मैं सिरिसिला को भविष्य में एक महान शैक्षिक केंद्र और पानी के लिए एक महान स्थान बनाने के लिए कदम उठाऊंगा।



■ केटीआर के विस क्षेत्र में केसीआर ने किया सभा को संबोधित


पहल | तनावग्रस्त छात्रों के लिए केंद्र की अनूठी पहल

# विद्यार्थियों के लिए सभी स्कूलों में गठित होगी वेलनेस टीम

**नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। देश में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही प्रतिस्पर्धा और इंजीनियरिंग व मेडिकल में पवेश के लिए भारी दबाव के बीच कभी-कभी कुछ छात्र अप्रत्याशित कदम उठा लेते हैं। जिसका कोई अंदाजा भी नहीं लगा पाता है। यानि छात्रों में अवसाद के चलते बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति यह बेहद चिंताजनक दौर है।**

इसी से निपटने के लिए अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय आगे आया है। इसके लिए जरूरी कदम उठाने को लेकर सभी राज्यों के लिए गाइड लाइन भेजी गई है। जानकारी के मुताबिक जो गाइड लाइन भेजी गई है, उसके तहत सभी स्कूलों में छात्रों के लिए वेलनेस टीमें गठित किए जाने का निर्देश दिया गया है।

इस वेलनेस टीम में वाइस प्रिंसिपल, हेडमास्टर, शिक्षक, वार्डन, छात्र, अभिभावक और काउंसलर जैसे लोग शामिल होंगे। इस टीम में शामिल लोग स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बातचीत के लहजे के साथ ही उनके व्यवहार का अध्ययन करेंगे। इसके साथ ही बच्चों में किसी भी तरह के असामान्य व्यवहार को नोटिस करने के बाद टीम की ओर से जरूरी कदम उठाना अनिवार्य होगा। मंत्रालय की ओर से भेजी गई गाइड लाइन में यह भी कहा गया है कि गठित टीम के सदस्यों को छात्रों के भीतर के उन लक्षणों को समझना बेहद जरूरी होगा। जिसके तहत पीड़ित छात्र अगर अपने दोस्तों व परिवार के बीच यह कहता है कि उसकी इस समस्या का कोई समाधान नहीं कर सकता है। वह बेकार हो गया है और शारीरिक रूप से थक गया है, हर समय उदास महसूस करता है और कभी ठीक नहीं हो सकता है। इस तरह का व्यवहार वह करता है तो संबंधित छात्र से तुरंत बात करनी होगी।



■ केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजी गाइड लाइन

गाइड लाइन में कहा गया है कि समय रहते इस तरह के प्रयास करके पीड़ित छात्र के अनमोल जीवन को बचाया जा सकता है। ऐसे तनावग्रस्त छात्रों को अकेले बिल्कुल नहीं छोड़ें। दोस्ताना व्यवहार के साथ परिवार व अन्य शिक्षकों व काउंसलिंग टीम को शामिल करते हुए मदद लें। इसके अलावा स्कूलों को अपने कैंपस और क्लासरूम में सकारात्मक व्यवहार का निर्माण करना होगा, ताकि कोई भी छात्र बिना किसी डर के आसानी से अपनी बात रख सके। पढ़ाई, परिवार या किसी दोस्त से लड़ाई, परीक्षा में कम अंक आना, परिवार का दूसरे बच्चों से परीक्षा को लेकर तुलना करना, स्कूल में शिक्षक द्वारा प्रताड़ित या कोई अन्य कारण और आर्थिक दिक्कत समेत अन्य कारण मुख्य रूप से सकते हैं। वेलनेस टीम और परिवार के लोगो को आगे आकर छात्र को तनाव या अवसाद से निकालना होगा। मंत्रालय ने स्कूलों के लिए इस तरह की जो गाइड लाइन तैयार की है,उसे कई भागों में बांटा गया है और हर स्तर पर ध्यान देने व तत्काल जरूरी कदम उठाने की बात कही गई है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पप्पू अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर डॉक्टर के पास गया।
डॉक्टर : बेटी यह चोट कैसे लगी?
पप्पू : डॉक्टर साहब ये मेरे से रोज लड़ती थी! मैंने रोज लड़ने का कारण पूछा तो बोली : लड़ने से मोहब्बत बढ़ती है।
डॉक्टर : फिर क्या हुआ?
पप्पू : फिर होता क्या, मोहब्बत बढ़ाने के लिए मैंने भी जड़ दिए लात घूंसे।

# जनसुविधाएं प्रदान कराना प्राथमिकता : शैली

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने आज साउथ जोन के वार्ड 148 हौज खास एवं वार्ड 150 ग्रीन पार्क का

**■ मेयर ने गौतम नगर के पार्कों व ढलावों में साफ सफाई का किया निरीक्षण**

निरीक्षण किया और क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की। मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने गौतम नगर के पार्कों व ढलावों में साफ सफाई की निरीक्षण किया। उन्होंने गौतम नगर मेन रोड पर मौजूद ढलाव घर की मरम्मत के निर्देश दिए। इस अवसर पर मेयर ने स्थानीय लोगों से मस्जिद मोठ गांव के पार्क की खराब स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने पार्क में मौजूद साफ-सफाई एवं फुटपाथ की हालत का जायजा लिया। अधिकारियों को पार्क की चारदीवारी व फुटपाथ की



**मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र में लेबर रूम व अल्ट्रासाउंड की मिलेगी सुविधा : शैली ओबरॉय**

मरम्मत, एवं गार्डेन हट के नवीनकरण के निर्देश दिए। वहीं मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने गौतम नगर के मातृ एवं शिशु कल्याण केंद्र का दौरा किया। यहां पर डिस्पेंसरी के हिस्से का भी उद्घाटन किया। इस दौरान केंद्र में उपस्थित मरीजों से बातचीत की और समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मरीजों की जरूरतों को देखते हुए यहां एक लेबर रूम और एक अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके बाद मेयर डॉ.शैली ओबरॉय ने पार्षद सरिता फोगाट के साथ ग्रीन पार्क वार्ड में अर्जुन नगर में साफ सफाई की निरीक्षण किया। उन्होंने यहां गलियों में पड़े कूड़े का निपटान करने व जलभराव से संबन्धित समस्याओं को दूर करने पर जोर दिया। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सफदरजंग एन्क्लेव मेन रोड से वाहनों के अतिक्रमण को हटाने व सड़कों की साफ सफाई सुनिश्चित की जाए।

## गोपाल राय ने वायु प्रदूषण से निपटने को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव को पत्र लिखकर राजधानी में वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने को लेकर एनसीआर के राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ जल्द से जल्द संयुक्त बैठक करने की अपील की है। गोपाल राय ने दिल्ली में सर्दियों के मौसम में होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने को लेकर एनसीआर के राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों के साथ जल्द से जल्द संयुक्त बैठक करने की अपील की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि दिल्ली के प्रदूषण में 31 प्रतिशत दिल्ली के अंदर के स्त्रोतों की भूमिका है जबकि 69 प्रतिशत एनसीआर के राज्यों के स्त्रोतों की भागीदारी है। सर्दी के मौसम में दिल्ली के अंदर वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर हो जाती है।

## रविंद्र सोलंकी बिजवासन फेडरेशन के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिजवासन विधानसभा के अंतर्गत राज नगर में फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फॉर्म की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के चेयरमैन चौधरी रणबीर सिंह सोलंकी ने किया। इस दौरान बिजवासन विधानसभा 36 क्षेत्र के पदाधिकारी की घोषणा की गई। रविंद्र सोलंकी को बिजवासन विधानसभा फेडरेशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है वही उपाध्यक्ष नंदलाल तंवर, सलाहकार विपिन वत्स, सचिव विनय लाल, एवं सुमित कुमार सामान्य सचिव के रूप में चुने गए। पालम गांव में आयोजित इस कार्यक्रम में फेडरेशन के चेयरमैन रणबीर सिंह सोलंकी ने पदाधिकारियों को अपने पद की गरिमा एवम कर्तव्यों के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य किसी भी प्रकार से जन हित में कार्य करना है।



# सोनल ने धनखड़ को भेंट की अपनी पुस्तक नेशन कॉलिंग

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। चर्चित महिला आईएएस अधिकारी सोनल गोयल ने विगत सोमवार उप-राष्ट्रपति निवास पहुंचकर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और उन्हें अपनी पहली पुस्तक नेशन कॉलिंग की एक प्रति भेंट की। इस मौके पर उप-राष्ट्रपति की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ और सोनल गोयल के पति एवं भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारीआदित्य यादव भी मौजूद रहे।

सोनल गोयल ने उप-राष्ट्रपति से बातचीत के दौरान अपने लगभग डेढ़ दशक लम्बी प्रशासनिक सेवा के अनुभवों को साझा किया और बताया कि पुस्तक लिखने की प्रेरणा कैसे मिली। उप-राष्ट्रपति की इस टिप्पणी पर कि लोग अक्सर सेवानिवृत्ति के बाद किताबें लिखते हैं, लेकिन आपने सेवा में रहते हुए ही यह काम कर दिखाया है, सोनल



गोयल ने बताया कि, पिछले कई वर्षों से वह सोशल मीडिया पर लाखों यूपीएससी एस्पिरेंट्स को गाइड और मोटिवेट करती आ रही हैं। कोविड के बाद इस संख्या में बहुत तेजी से बढ़ोतरी हुई और छात्रों की तरफ से कई-कई बार इस तरह की रिक्वेस्ट अथवा सुझाव आए कि मुझे अपने अनुभवों को एक जगह संकलित कर प्रकाशित करना चाहिए।

# महाप्रबंधक ने उत्तर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तमर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के विभागाध्यसक्षों और मण्डकल रेल प्रबंधकों के साथ उत्त,र रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन, माल आय की वृद्धि पर बल, संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा, समयपालनबद्धता, बिजनेस डेवलपमेंट, जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंनि उत्तमर रेलवे पर चल रही परियोजनाओं और अन्यक विकासात्ममक ढांचागत कार्यों के निर्धारण, समाप्तिह क्रियान्वअयन और प्रगति के लिए उत्तकर रेलवे के पूंजी व्यय योजना पर विस्तारि से चर्चा की। उन्होंपने बताया कि संरक्षा उत्ततर रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्हों ने रेलपथों, वेल्डोंह के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेलपटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर



**■ ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक सहित अन्य-परियोजनाओं की समीक्षा की**
**■ रेलपथों पर संरक्षा और रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर बल**

किए गए कार्यों किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंनने मण्डरलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए रेलपथों पर संरक्षा बढ़ाने हेतु अभियान तेज करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंतने कहा कि सिग्नोलों, रेल फ्रेक्चैरों और रेल वेल्डोंि की व्यापिक निगरानी की जानी चाहिए और इसमें कोई त्रुटि नहीं छोड़नी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया।

**सार संक्षेप**

## बाल विवाह के खिलाफ लोगों को दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** बंगाली बस्ती साउथ दिल्ली में बाल विवाह मुक्त दिवस मनाया गया इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों के अलावा लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई और महिलाओं के नेतृत्व में




मशाल जुलूस और कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च में स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और धार्मिक नेताओं सहित समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बाल विकास धारा से देवेंद्र बरार के नेतृत्व में होने वाले कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों, महिलाओं और बच्चों ने शपथ ली। इस समारोह में बाल विकास धरा के समस्त कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। कैलाश सत्यार्थी के आह्वान पर पूरे देश में आज के दिन बाल विवाह मुक्त दिवस पिछले वर्ष 16 अक्टूबर को शुरू हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के साल भर पूरे होने के अवसर पर साउथ दिल्ली बंगाली बस्ती में बाल विकास धारा द्वारा देवेंद्र बराल के नेतृत्व में शपथ समारोह मनाया गया है। इस अभियान में बच्चों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे देश भर के 160 गैर सरकारी संगठन एक मंच पर आए और वे बाल विवाह से सबसे ज्यादा पीड़ित देश के 300 जिलों में इसके खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

## सनातन धर्म के प्रति लोगों को किया जागरूक



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र में रामलीला पार्क में श्री रामलीला मंचन का आरंभ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी रामदास मलिक आर. डी मलिक उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित करके श्री रामलीला का शुभ आरंभ किया साथ ही सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक किया। आर डी मलिक ने कहा कि रामलीला का आयोजन कर हमारे हिंदू संस्कृति को सोए हुए लोगों को जगा कर संस्कारों को आप तक पहुंचाने का काम करते हैं, जिस युवा पीढ़ी के घर-घर रामायण होगी हमें पता है जब हम बच्चे थे घर में बैठकर पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म सदा से चला आया है, लेकिन आज कुछ बुद्धिहीन लोगों ने हमारे सनातन धर्म को जड़ से मिटाने की बात कही। वहीं, इस अवसर पर रामलीला कर रहे कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया।

## कैम्पस एक्टिववियर ने रीटेलर मीट का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्पोर्ट्स एवं एथलेजर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने दिल्ली में अपनी वार्षिक रीटेलर्स मीट का आयोजन शू प्लैनेट से पंकज यादव के सहयोग से किया। इस मीट में कैम्पस एक्टिववियर की लीडरशिप टीम, स्टाफ और शहर से 250 से अधिक दुकानदारों ने हिस्सा लिया। मीट की थीम ब्राण्ड की आधुनिक तकनीक, प्रोडक्ट इनोवेशन, डिजाइन एवं ट्रैंड्ज पर आधारित थी, ब्राण्ड अपने उत्पादों में इसी दृष्टिकोण के साथ युवाओं की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। इस अवसर पर प्रेरणा अग्रवाल, सीएमओ, कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा कि कैम्पस एक्टिववियर में हम फैशनेबल फुटवियर के दायरे से आगे बढ़कर उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। हम उन्हें आधुनिक तकनीक और ऐसे डिजाइन उपलब्ध कराना चाहते हैं जो उन्हें उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करें।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/तह0वी0के0/1062/2023 दिनांक : 17.10.2023

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है –

**(ग्राम रबूपुरा, सैक्टर –21 फिल्म सिटी कॉमर्शियल,ट्रान्सपोर्ट एरिया व ग्रीन एरिया)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 272 | 517 | 0.5900 | में से | 0.0492 | विजय सिंह पुत्र हरिचन्दी नि0 रबूपुरा। |
| 2. | 272 | 517 | 0.5900 | में से | 0.0492 | जगत सिंह पुत्र हरचन्दी नि0 रबूपुरा। |
| 3. | 25 | 657 | 1.2280 | में से | 0.4475 | दानिस व फईम पुत्रगण शकील व महफूजा खानम पत्नी शकील नि0 रबूपुरा। |
| 4. | 76 | 531 | 1.7300 | में से | 0.0843 | श्रीमती गजना देवी पत्नी महावीर सिंह नि0 साउथ दिल्ली। |
| 5. | 488 | 907 | 1.2880 | में से | 0.0716 | धमेन्द्र व सरोज पुत्र व पत्नी गोपीचन्द नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 6. | 174 | 1117 | 0.8750 | में से | 0.2187 | रमेश पुत्र भग्गू नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 7. | 174 | 1117 | 0.8750 | में से | 0.2187 | लाला पुत्र भग्गू नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 8. | 326 | 544 | 0.2640 | में से | 0.0880 | विपिन पुत्र शेरसिह नि0 चकवीरमपूर। |

**सैक्टर–28, मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉमर्शियल व फ्यूचर यूज**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 400 | 1080 | 2.3450 | में से | 1.0460 | लेखराज पुत्र बिहारी नि0 रबूपुरा। |
| 10 | 114 | 876 | 0.3160 | में से | 0.1053 | विजयपाल पुत्र चोखा नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| | 114 | 1153 | 0.4020 | | 0.1340 | |
| 11 | 114 | 876 | 0.3160 | में से | 0.1053 | कुवरपाल पुत्र चोखा नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| | 114 | 1153 | 0.4020 | | 0.1340 | |
| 12 | 1193 | 1110 | 0.5640 | में से | 0.1410 | अर्चना पत्नी सुनील नि0 नंगला गोपाल । |
| 13 | 675 | 1568 | 1.2650 | में से | 0.2530 | जुगेन्द्र पुत्र मेधसिंह नि0 रबूपुरा। |
| | 675 | 1318 | 0.1430 | | 0.0286 | |
| | 674 | 1553 | 0.2450 | | 0.0490 | |
| | 675 | 1327 | 0.0220 | | 0.0022 | |
| | 675 | 1328 | 0.8560 | | 0.0856 | |
| | 675 | 1346 | 0.2910 | | 0.0291 | |
| 14 | 675 | 1568 | 1.2650 | में से | 0.2530 | बिजेन्द्र पुत्र मेधसिंह नि0 रबूपुरा। |
| | 675 | 1318 | 0.1430 | | 0.0286 | |
| | 674 | 1553 | 0.2450 | | 0.0490 | |
| | 675 | 1327 | 0.0220 | | 0.0022 | |
| | 675 | 1328 | 0.8560 | | 0.0856 | |
| | 675 | 1346 | 0.2910 | | 0.0291 | |
| 15 | 675 | 1568 | 1.2650 | में से | 0.2530 | मुकेश पुत्र मेधसिंह नि0 रबूपुरा। |
| | 675 | 1318 | 0.1430 | | 0.0286 | |
| | 674 | 1553 | 0.2450 | | 0.0490 | |
| | 675 | 1327 | 0.0220 | | 0.0022 | |
| | 675 | 1328 | 0.8560 | | 0.0857 | |
| | 675 | 1346 | 0.2910 | | 0.0291 | |
| 16 | 675 | 1568 | 1.2650 | में से | 0.2530 | सुरेन्द्र पुत्र मेधसिंह नि0 रबूपुरा। |
| | 675 | 1318 | 0.1430 | | 0.0286 | |
| | 674 | 1553 | 0.2450 | | 0.0490 | |
| | 675 | 1346 | 0.2910 | | 0.0291 | |
| | 675 | 1328 | 0.8560 | | 0.0857 | |
| | 675 | 1327 | 0.0220 | | 0.0022 | |
| 17 | 675 | 1568 | 1.2650 | में से | 0.2530 | राधा सिंह पुत्र मेधसिंह नि0 रबूपुरा। |
| | 675 | 1318 | 0.1430 | | 0.0286 | |
| | 674 | 1553 | 0.2450 | | 0.0490 | |
| | 675 | 1327 | 0.0220 | | 0.0022 | |
| | 675 | 1328 | 0.8560 | | 0.0856 | |
| | 675 | 1346 | 0.2910 | | 0.0291 | |
| 18 | 1048 | 1156 | 0.2070 | में से | 0.0690 | सतवीर पुत्र लौहरे नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 19 | 1048 | 1156 | 0.2070 | में से | 0.0690 | ममता पत्नी बबलू वन्शी ना0बा0 प्रीति ना0 वैशाली ना0बा0 देव ना0बा0 पुत्रीगण व पुत्र बबलू नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 20 | 1048 | 1156 | 0.2070 | में से | 0.0690 | राकेश व अनिल शर्मा प्रमोद शर्मा लोकेश पुत्रगण प्रेमदत्त नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 21 | 1232 | 1383 | 0.3100 | संम्पूर्ण | 0.3100 | सचिन कुमार पुत्र धर्मवीर नि0 पचोकरा। |
| 22 | 343 | 1180 | 0.8730 | में से | 0.0612 | बलभद्र सिंह पुत्र नरायन सिंह नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 23 | 711 | 1521 | 0.7150 | में से | 0.0715 | बिजेन्द्र पुत्र किशनलाल नि0 रबूपुरा। |
| | 125 | 1519 | 0.5770 | | 0.1154 | |
| 24 | 198 | 1142 | 0.3890 | में से | 0.0648 | धनश्याम पुत्र खिच्चू नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| | | 1143 | 0.3400 | | 0.0567 | |
| 25 | 230 | 1101/1 | 0.1140 | में से | 0.0380 | श्रीमती ममता सिंधल पत्नी प्रमोद कुमार सिंधल नि0 रबूपुरा। |
| | 632 | 1101/2 | 0.2280 | | 0.0760 | |
| 26 | 83 | 1373 | 1.6350 | में से | 0.2740 | अलीमुददीन आशिफ सलीम खॉन पुत्रगण सफी मौहम्मद नि0 तिरथली। |
| | 942 | 1066 | 3.8210 | | 0.1687 | |

**(फिल्म सिटी, चक 01)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | 119 | 554 | 0.3380 | में से | 0.0422 | सोमवती पत्नी खुशहाल नि0 दिल्ली। |
| 28 | 009 | 549म/2 | 0.6890 | में से | 0.1665 | दलीप कुमार पुत्र किशनलाल नि0 मकान नं0 5281 पहाडगंज दिल्ली। |
| | | 558 | 0.1830 | | 0.0443 | |
| 29 | 999 | 806 | 0.1620 | में से | 0.0405 | श्रीमती चन्दा देवी पत्नी रधुवीर सिंह नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 30 | 295 | 428 | 1.7900 | में से | 0.0534 | ब्रजेश कुमार पुत्र चन्द्रपाल नि0 खानपुर जिला बुलन्दशहर। |

**(फिल्म सिटी, चक 02)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | 407 | 841 | 1.2787 | में से | 0.0936 | आशिफ पुत्र इब्राहिम नि0 रबूपुरा। |
| 32 | 580 | 837 | 1.2840 | में से | 0.0713 | हरिप्रेम पुत्र रामचन्द्र नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| | 990 | 835 | 0.0920 | | 0.0460 | |
| 33 | 837 | 788 | 1.2880 | में से | 0.0403 | सूरता पत्नी प्रेमराज नि0 साकीपुर। |
| | 1179 | 766 | 2.4250 | | 0.1317 | |
| | 510 | 777 | 0.2000 | | 0.0500 | |
| 34 | 386 | 910 | 4.1280 | में से | 0.0510 | शशी पत्नी लक्ष्मीकांत नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |

**(फिल्म सिटी, चक 03)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | 623 | 1303 | 0.6080 | में से | 0.3040 | राजवती पत्नी विजयपाल नि0 रबूपुरा। |
| 36 | 791 | 1172 | 0.4970 | संम्पूर्ण | 0.4970 | रामचन्द पुत्र झासी नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 37 | 321 | 687 | 2.4410 | में से | 0.0814 | गजेन्द्र सिंह पुत्र मनवीर सिंह नि0 कादरपुर दनकौर। |
| | 320 | 589 | 0.7110 | | 0.0237 | |
| | 555 | 588 | 0.9970 | | 0.0664 | |
| 38 | 761 | 927 | 1.2620 | में से | 0.4207 | रामवीर पुत्र नत्थी नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |

**( मेडिकल डिवाईस पार्क फेज 03)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | 489 | 1176 | 0.5250 | में से | 0.0292 | धर्मेन्द्र कुमार व सरोज पुत्र व पत्नी गोपीचन्द नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 40 | 1082 | 1206 | 2.2950 | में से | 0.0817 | नसरू खॉ पुत्र हकीम खॉ नि0 रबूपुरा। |
| 41 | 1082 | 1206 | 2.2950 | में से | 0.0012 | दिलशाद पुत्र जहीर खॉ नि0 रबूपुरा। |
| 42 | 1082 | 1206 | 2.2950 | में से | 0.0433 | मतीम पुत्र जहीर खॉ नि0 रबूपुरा। |
| 43 | 1082 | 1206 | 2.2950 | में से | 0.0433 | मुस्तकीम पुत्र जहीर खॉ नि0 रबूपुरा। |
| 44 | 169 | 1193 | 1.2380 | में से | 0.2477 | गिरराज व विष्णुदत्त पुत्रगण राजपाल व प्रेमवती पत्नी राजपाल नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 45 | 169 | 1193 | 1.2380 | में से | 0.1650 | पृथ्वीराज व जयचन्द पुत्रगण राजपाल नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |
| 46 | 928 | 1158 | 0.2060 | में से | 0.0687 | वेदराम पुत्र लक्खी नि0 भाईपुर ब्रहमनान। |

**( मेडिकल डिवाईस पार्क फेज 02)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | 1208 | 1500 | 0.2400 | में से | 0.0800 | कृष्णकांत व गिरजेश कुमार व हरीश कुमार व नीशूकान्त पुत्रगण रामदास व गायत्री देवी पत्नी रामदास नि0 रबूपुरा। |
| 48 | 854 | 1493 | 0.0820 | संम्पूर्ण | 0.0820 | श्रीमती लता सिंधल पत्नी अनिल सिंधल नि0 रबूपुरा। |
| | 855 | 1494 | 0.0980 | | 0.0980 | |
| | 853 | 1534 | 0.4720 | में से | 0.3934 | |
| 49 | 852 | 1479 | 1.4500 | में से | 0.1611 | विरेन्द्र सिंह पुत्र मन्नू सिंह नि0 रबूपुरा। |

**(रबूपुरा डाटा सेन्टर)**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | 1162 | 1425 | 0.7260 | सम्पूर्ण | 0.7260 | हबीब सलाम पुत्र करीमुददीन नि0 तिरथली। |
| 51 | 757 | 1426 | 0.6960 | में से | 0.4430 | मजीदन पत्नी रियाजुदीन निजामुदीन व जलालुदीन पुत्रगण रियाजुददीन नि0 तिरथली। |

**( फिल्म सिटी चंक 03 )**

| क्रम सं० | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे० में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 52 | 718 | 1012 | 1.5350 | में से | 0.2841 | नईम खान व बुन्दु खा व फईम खान व नाजिम खान व अरवाज खान पुत्रगण खान मौहम्मद नि0 रबूपुरा। |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी0आर0सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेष कार्याधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "वर्तमान में हमने मिशन शक्ति के चौथे संस्करण को आगे बढ़ाया है। यह संस्करण भी एक बार फिर से प्रभावी ढंग से नारी गरिमा की सुरक्षा करते हुए, उनके सम्मान को बढ़ाते हुए, उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करने का एक अभियान है। इसकी शुरुआत हमने 2020 में की थी। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए डबल इंजन की सरकार महिलाओं के कल्याण के कार्यक्रमों आगे बढ़ा रही है।

**योगी, सीएम**

# माताओं व बहनों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे : योगी

■ देवेंद्र सिंह

**बुलंदशहर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आधी आबादी सुरक्षित है तो सब कुछ सुरक्षित है। माताओं और बहनों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को पाताल से भी ढूंढ निकालेंगे। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ बुलंदशहर में सहायता राशि वितरण कार्यक्रम के दौरान



■ बुलंदशहर में मुख्यमंत्री ने 632 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया
■ आधी आबादी सुरक्षित तो सब कुछ सुरक्षित : योगी आदित्यनाथ
■ सीएम योगी ने कहा, 2017 के पहले बीमारू राज्य था उत्तर प्रदेश, होते थे दंगे

जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक माता, बहन और बेटी की कोई जाति नहीं होती। बहन, बेटी और मां को बांटों मत उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरे समाज को खड़ा होना चाहिए। अगर नारी गरिमा की रक्षा हो जाएगी तो निवेश अपने आप आ जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि विगत साढ़े नौ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आधी आबादी के सम्मान और गरिमा को बढ़ाने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने बुलंदशहर के ट्रांसपोर्ट नगर में 632 करोड़ रुपए की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा। अब प्रदेश की माताओं और बहनों को पंचायत एवं स्थानीय निकायों की तरह विधानसभा और लोकसभा में एक तिहाई सीटों पर चुनकर जाने का अवसर प्राप्त होगा। सीएम योगी ने प्रदेश पिछली सरकारों पर सीधा हमला करते हुए कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था। यहां दंगे होते थे। अव्यवस्था फैलाई जाती थी। बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। हमारी सरकार आने के बाद दंगाई गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगते दिखाई पड़ते हैं। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में हमने मिशन शक्ति के चौथे संस्करण को आगे बढ़ाया है। यह संस्करण भी एक बार फिर से प्रभावी ढंग से नारी गरिमा की सुरक्षा करते हुए, उनके सम्मान को बढ़ाते हुए, उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करने का एक अभियान है। इसकी शुरुआत हमने 2020 में की थी। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए डबल इंजन की सरकार महिलाओं के कल्याण के कार्यक्रमों आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम आवास योजना के अंतर्गत देश की माताओं और बहनों को घर का उपहार भी उन्हें लखपति बनाने का काम किया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में अब तक 55 लाख बहनों को एक-एक आवास उपलब्ध कराया जा चुका है।

## लाभार्थियों को वितरित की सहायता राशि

सीएम योगी ने 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' के 2,528 स्वयं सहायता समूहों को 72.90 करोड़ रुपए की राशि वितरित की साथ 'एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम' के 54 लाभार्थियों को उन्होंने 29.02 करोड़ रुपए वितरित किए। इसके अलावा 'प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम' के 175 लाभार्थियों को सीएम योगी ने 19.16 करोड़ रुपए प्रदान किए। वहीं 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' के 103 लाभार्थियों को उन्होंने 10.94 करोड़ रुपए वितरित किए।

### उद्यमियों से किया संवाद

अपने संबोधन के बाद सीएम योगी ने एक अन्य कार्यक्रम में बुलंदशहर के उद्यमियों से बात की और उनका हाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक नई नीति के विषय में बात करते हुए उद्यमियों को सरकार की तरफ सभी तरह के नीतिगत सहयोग का भरोसा दिया। कार्यक्रम में जनपद के एमएसएमई से जुड़े उद्यमी समेत जिले कई आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, बुलंदशहर सांसद डॉ. भोला सिंह, गौतमबुद्ध नगर सांसद डॉ. महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अंतुल तेवतिया, शिकारपुर विधायक अनिल कुमार शर्मा, अनूपशहर विधायक संजय कुमार शर्मा, स्यान विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी और बुलंदशहर विधायक प्रदीप कुमार चौधरी मौजूद थे।

**एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वालों के तीन करोड़ रुपए देगी सरकार**

सीएम योगी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हमारी बेटी पारूल चौधरी और अनु रानी ने एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल लाकर देश के साथ-साथ मातृ शक्ति के गौरव को भी बढ़ाया है। दोनों को बेटियों को हमारी सरकार सीधे डिप्टी एसपी बनाएगी। साथ ही लखनऊ में समारोह आयोजित कर एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वालों को 3 करोड़, सिल्वर मेडल जीतने वालों को डेढ़ करोड़ और कांस्य पदक जीतने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को 75 लाख रुपए की सहायता राशि देंगे।

## अन्ना पूर्णा गर्ग बनी नोएडा प्राधिकरण की नई एसीईओ

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश आईएएस अफसरों के तबादला का दौर जारी है। हर दिन किसी न किसी डिपार्टमेंट में अधिकारियों के ट्रांसफर किए जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग का नोएडा प्राधिकरण में ट्रांसफर किया गया है। अब अन्नपूर्णा गर्ग प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) बनाकर भेजा गया है। अन्नपूर्णा गर्ग यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की एडिशनल एमडी के पद पर तैनात थीं। उनकी गिनती तेज तर्रार अफसरों में होती है। इससे पहले एसीईओ प्रभाष कुमार का ट्रांसफर हुआ था। सोमवार को उनको रीलीव कर दिया गया। यहां एसीईओ का एक पद खाली था। ऐसे में अन्नापूर्णा गर्ग को यहां नवीन तैनाती मिली है। उनके ज्वाइन करते ही नोएडा में एक फिर कार्य विभाजन किया जाएगा। नोएडा में वर्तमान में अन्नपूर्णा के अलावा एसीईओ वंदना त्रिपाठी, एसीईओ संजय खत्री और एसीईओ सतीश पाल विभिन्न जिम्मेदारियों का निवर्हन कर रहे है।



■ एसीईओ प्रभाष का हुआ था ट्रांसफर, जल्द करेंगी ज्वाइन

**कौन हैं अन्नपूर्णा गर्ग**

अन्नपूर्णा गर्ग हरियाणा के फरीदाबाद के रहने वाली हैं। अन्नपूर्णा ने 10वीं गीता कान्वेंट स्कूल से और 12वीं एमवीएन सेक्टर-17 से पास की। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। अन्नपूर्णा गर्ग के पिता राजेंद्र गर्ग बिजनेसमैन हैं, जबकि मां मीना गर्ग हाउस वाइफ हैं। अन्नपूर्णा गर्ग ने सिविल सेवा परीक्षा-2015 में 68वीं रैंकिंग हासिल की थी। उन्होंने तीसरे प्रयास में यह सफलता मिली थी।

**सार** संक्षेप

### छेड़छाड़ के बाद युवती को पेट्रोल छिड़ककर जलाने को कोशिश, आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना ट्रॉनिका सिटी में एक युवक ने युवती के साथ पहले छेड़छाड़ की और बाद में पेट्रोल छिड़कडकर आग लगने की कोशिश की। बाद में पुलिस ने युवक को उसके घर से घायल अवस्था में पकड़ लिया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हालांकि पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद बताया कि युवक व युवती पूर्व में एक दूसरे को जानते थे और जांच में युवती को पेट्रोल छिड़क कर जलने की बात अभी प्रकाश में नहीं आई है हाल के गहराई से जांच पड़ताल की जा रही है। एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि एक युवती ने पुलिस तहरीर दी गई जिसमें उसने बताया कि एक जाहिद नाम के व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ कर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की गई है। पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेकर अभियोग पंजीकृत किया। उन्होंने बताया कि प्रकरण एक ही समुदाय से सम्बन्धित है। जांच पड़ताल में पता चला कि अभियुक्त घायल अवस्था में अपने घर पर मौजूद है, उसे पुलिस हिरासत में लेकर उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्वस्थ होने के उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। पीड़िता का मेडिकल व बयान अंकित करा दिये गए है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**नोएडा।** स्पेक्ट्रम मॉल के सामने कार चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मारकर बाइक सवार युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-49 थाने की पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में वसुंधरा निवासी अयन नारेड़ा ने बताया कि शनिवार को वह अपनी बाइक से सेक्टर-56 से वसुंधरा जा रहा था। जब वह स्पेक्ट्रम मॉल के पास पहुंचा तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कार के चालक ने बिना कोई इंडिकेटर दिए हुए बाइक में टक्कर मार दी। इसमें शिकायतकर्ता के सिर और हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई और बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की जानकारी उसके परिजनों को दी। आरोप है कि घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

### दबंगों ने सोते हुए युवक को पीटा

**नोएडा।** आठ से दस लोगों ने लाठी और डंडे से लैस होकर ठेली के पास सो रहे युवक को पीटकर घायल कर दिया। घायल को जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। राहगीरों की मदद से उसके पिता ने घायल को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। फेज वन थाने में दी शिकायत में प्रदीप कुमार उर्फ भोला ने बताया कि वह टकसाल के पास जूस की ठेली लगाता है। ठेली के पास प्रदीप अपने बेटे के साथ सो रहे थे तभी आठ से दस लोगों ने लाठी डंडे से युवक के ऊपर हमला कर जमकर पीटा तथा मौके से भाग गए। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## संभव सुनवाई में 20 समस्याओं के निस्तारण के निर्देश



**गाजियाबाद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभव के अंतर्गत नगर निगम के अधिकारियों ने जनसुनवाई की गई जिसमें 20 संदर्भ प्राप्त हुए समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल अधिकारियों ने कार्रवाई भी की, संभव के दौरान प्राप्त संदर्भ में शिकायतों के साथ-साथ मांग पत्र भी प्राप्त हुए जिन पर योजनाबध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए।मुख्य रूप से अवैध अतिक्रमण की शिकायत के संभव के दौरान प्राप्त हुई इसी क्रम में आरडीसी राज नगर से सफाई व्यवस्था, पानी की आपूर्ति की समस्या प्राप्त हुई, रहीसपुर से अवैध अतिक्रमण की समस्या प्राप्त हुई। मॉडल टाउन पार्क मरम्मत हेतु समस्या प्राप्त हुई, वसुंधरा सेक्टर 10 से पार्कों में बेंच लगाने हेतु शिकायत प्राप्त हुई, पटेल नगर से नाले पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त हुई, माता कॉलोनी विजय नगर से पानी की पाइपलाइन नीची हो गई है शिकायत प्राप्त हुई व अन्य प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई गई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, संपत्ति अधीक्षक भोलानाथ गौतम व अन्य संभव के दौरान जनसुनवाई में उपस्थित रहे।

## जीडीए ने ध्वस्त की अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी

**गाजियाबाद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का बुलडोजर मंगलवार को सिद्धार्थ विहार में चला और वहां पर बिल्डर द्वारा अवैध रूप से की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया।

जीडीए की विशेष अधिकारी व प्रवर्तन जॉन 4 की प्रभारी गुंजा सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत आ रही थी कि सिद्धार्थ विहार डूब क्षेत्र में अज्ञात बिल्डर द्वारा अवैध प्लाटिंग व निर्माण कर अवैध कालोनी विकसित की जा रही है। इसके आधार पर आज प्रवर्तन दल डूब क्षेत्र में पहुंचा और वहां पर अवैध रूप से विकसित की जा रही पूरी कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध भी किया लेकिन की टीम की सख्ती के आगे उनकी एक न चाली। उन्होंने लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में कहीं भी भूमि अथवा कोई संपत्ति खरीदने से पहले इसकी तस्दीक अवश्य कर लें ताकि ठगी से बच सके।





आज की कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता रूद्रेश कुमार शुक्ला, पर प्रबुद्ध राजसिंह, एके सिंह अवर अभियंता मनोज गौड़, निहाल सिंह, चंद्रमौली पांडेय, मनोज वशिष्ठ, गणेश चंद जोशी आदि शामिल रहे।

## सीईओ ने किया औचक निरीक्षण 50 से ज्यादा कर्मी अनुपस्थित

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने सात विभागों का औचक निरीक्षण किया। इन विभागों में 50 से अधिक कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने मंगलवार सुबह करीब सवा दस बजे सेक्टर-6 प्राधिकरण के दफ्तर परिसर में स्थित विभागों का औचक निरीक्षण किया। सीईओ ने सामान्य प्रशासन, व्यवसायिक, संस्थागत, वर्क सर्किल-1, आवासीय लेखा, भूलेख, नियोजन, आवासीय भवन, वर्क सर्किल-10 आवासीय भूखंड लेखा, आवासीय भूखंड, औद्योगिक लेखा, कार्मिक एवं संस्थागत लेखा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति की जानकारी ली। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इनमें से सामान्य प्रशासन, संस्थागत, आवासीय लेखा विभागों में सबसे अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाई गई। अनुपस्थिति मिलने पर सीईओ ने नाराजगी जताते हुए एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम का कहना है कि काफी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले हैं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

■ नाराजगी जाहिर करते हुए एक दिन का वेतन रोकते हुए मांगा स्पष्टीकरण

## वीके सिंह ने अपने आवास पर सुनी जनता की समस्याएं

**गाजियाबाद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को गाजियाबाद के सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. विजय कुमार सिंह ने अपने आवास राज नगर पर क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उन सभी का कुशलक्षेम जाना। सांसद ने कई समस्याओं का तत्काल रुप से निवारण किया और अन्य सभी को आश्वस्त किया जो समस्याएं अभी बनी हुई है, जल्द से जल्द उनका निवारण होगा। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि भारत को समृद्ध व सशक्त राष्ट्र बने उसी कड़ी में वह कार्य भी कर रहे हैं। उसी के साथ गाजियाबाद भी उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज गाजियाबाद में बेहतर सड़कें, बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, अच्छी शिक्षा के माध्यम व अनेकों जन सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मेट्रो रेल, रैपिड रेल और एयरपोर्ट से सुगम यातायात के प्रबंध मिल रहे हैं।



## सिरफिरे युवक से परेशान युवती ने किया सुसाइड

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली फेज-वन क्षेत्र में एक किशोरी ने सिरफिरे युवक से परेशान होकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। किशोरी का शव घर के कमरे में फंदे पर लटका मिला। मृतका की मां की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित को जेल भेज दिया है। सेक्टर-10 स्थित जेजे कालोनी की एक महिला ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि नौ अक्टूबर की दोपहर करीब 3.30 बजे दो पुत्री व भतीजी स्कूल से घर वापस आई। उन्होंने जैसे घर का दरवाजा खोला तो देखा कि 17 वर्षीय बड़ी पुत्री फंदे पर लटकी हुई थी। इसी दौरान पड़ोसी युवक वीरू उर्फ वरुण तेजी से कमरे से बाहर निकलकर बाहर की ओर भागा। पीड़िता को उसकी पुत्री ने फोन पर सूचना दी। घर पहुंची तो लोगों की भीड़ लगी हुई थी। बेटी जमीन पर पड़ी थी। उसकी सांसें चल रही थीं। अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने बताया कि आरोपित युवक उनकी बेटी को आए दिन परेशान करता था। इसकी शिकायत उसके माता-पिता से की थी। उन्होंने कहा था कि वह अपने बेटे को समझा देंगे। वह पुलिस में शिकायत न करें।

## मूक बधिर बच्चों का किया गया निरीक्षण

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत 0-5 वर्ष तक के मूक बधिर बच्चों का सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर लगाकर परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि गौतम बुद्ध नगर में स्थित स्व. डॉ0 एसएन मेहरोत्रा इ.एन. टी फाउंडेशन द्वारा डीईआईसी सेंटर के मीटिंग हॉल में इस कैंप का आयोजन किया गया।

जिसमें 0 से 5 वर्ष तक के मूक बधिर बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद जिन बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता होगी। उनकी आरबीएसके के अंतर्गत मुफ्त सर्जरी कानपुर में ही कराई जाएगी। शिविर की जानकारी देते हुए आरबीएसके के नोडल अधिकारी डॉ ललित कुमार ने बताया कि मूक बधिर श्रेणी में वह बच्चे आते हैं। जो बोलने और सुनने में असमर्थ होते हैं। जिन बच्चों में ऐसी समस्या है वह अपना पंजीकरण डीईआईसी सेंटर में करा सकते हैं। टोटल 7 बच्चों में 6 बच्चे चिन्हित किए गए। जिनको ऑपरेशन से पहले की जांचों के लिए कानपुर रेफर किया गया है। डॉ. मनोज ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. दुर्गेश पटेल ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. मनजीत कुमार जिला कार्यक्रम प्रबंधक रचना वर्मा आदि उपस्थित रहे।



## जल्द हो धारा 10 के नोटिस का समाधान : डॉ. आश्रय गुप्ता

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में लागू धारा 10 के नोटिस के समाधान के लिए मंगलवार को समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा और महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता के नेतृत्व में सीईओ लोकेश एम से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता ने नोएडा के विभिन्न सेक्टरों जैसे 12, 22, 11, 31, 71, 70, 34, 56, 55 आदि में जारी धारा 10 नोटिस को हटाने की मांग की।

■ नोएडा वासियों के प्रमुख समस्याओं के समाधान हेतु सीईओ से मिले सपा नेता



सीईओ ने जल्द इस समस्या के निस्तारण करने की बात कही। प्रदेश सचिव पंडित रवि शर्मा ने कहा कि धारा 10 का नोटिस नोएडा वासियों के मूल अधिकारों का हनन है। इसे जल्द हटाया जाना चाहिए इससे नोएडा प्राधिकरण को भी राजस्व का लाभ होगा। शर्मा ने विभिन्न आर डब्ल्यू ए के शिकायत पत्र भी सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पत्र में नोएडा प्राधिकरण से जुड़ी अपनी-अपनी पीड़ा बताई और साथ ही विभिन्न सेक्टरों और ग्रामीण क्षेत्रों में सीवर लाइन, पानी, लाइट, सड़क पर गड्ढों आदि की समस्या बताई। इसके साथ ही किसानों की आबादी जहां है जैसी है के आधार पर छोड़ने, 5 प्रतिशत के भूखंडों पर व्यावसायिक कार्य करने की अनुमति,1997 से आजतक 64.7 प्रतिशत मुआवजा जैसे मुद्दों आदि को भी उनके सामने रखा। सीईओ ने मौके पर ही क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो समस्या के लिए डीजीएम आर पी सिंह को फोन पर आदेश भी दिए और बाकी समस्याओं का जल्द निस्तारण का आश्वाशन दिया। इस बैठक में समाजवादी पार्टी महासचिव विकास यादव, विधानसभा अध्यक्ष बब्लू चौहान, सालनी खारी, देवेंद्र अवाना, ओमपाल राणा, राणा मुखर्जी, शादाब खान, भानु प्रताप सिंह, नेहा पांडेय, सौरभ चौहान, सतपाल सिंह आदि मौजूद थे।

## भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रतिनिधियों ने मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन मंच के 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने तीन अलग अलग ज्ञापन जिलाधिकारी के नाम एसडीएम को दिया। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि अब नोएडा प्राधिकरण गलत और झूठे तत्थों के आधार पर किसानों पर झूठे मुकदमे दर्ज कराए जा रहे है। यह सब किसानों की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है। यह तरिका स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। भारतीय किसान यूनियन मंच इसकी घोर निंदा करती हैं। यदि पुलिस प्रशासन ओर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी दोहरी नीतियों को बंद नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन मंच नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ जन आंदोलन करेगी।

भारतीय किसान यूनियन मंच की यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान ने कहा की किसान और मजदूर की आवाज उठाने वाले राजनेता राज्य सभा सांसद संजय सिंह ओर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके नियम विरूद्ध जेल में नहीं रखना चाहिए। यह लोकतंत्र की हत्या है। कोर्ट में इन दोनों को भी अपना पक्ष रखने के लिए समय मिलना चाहिए। दोनों का पक्ष सुनने के बाद दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिये। यूथ विंग के महासचिव रिंकू यादव ने कहा की नोएडा प्राधिकरण ने गेझा तिलपताबाद के किसानों के विरुद्ध थाना सेक्टर 20 में नोएडा में फर्जी तरीके से मुआवजा उठा लेने का आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कराई है। विधि अधिकारीयों द्वारा बिना सभी दस्तावेजों की जांच पड़ताल किए यह कार्य किया गया। जो की पूर्णत: अनुचित है। उपरोक्त गांव के किसानों की जमीन वर्ष 1982 में ली गई थी, वर्ष 1984 से लगातार वह कोर्ट में रहे। 1998 में गाजियाबाद में वाद खारिज हो जाने के बाद उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली। उच्च न्यायालय द्वारा आदेश पारित होने के उपरांत जिसमें यह किसान भी शामिल थे। उन्हें सीमिलर ऑर्डर मानते हुए मुआवजा वितरित किया गया किसानों को समानता से मुआवजा दिए जाने की सूचना नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के संज्ञान से ही दी गई। जिसको न्यायालय में पेश करके उन्हें मुआवजा दिया गया आपको यह भी अवगत कराना हैं कि संविधान के आर्टिकल 14 में न्याय से पहले समानता का अधिकार दिया गया है।



## एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने 5 विकेट से जीता क्रिकेट का फाइनल मैच

**नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे अंतर संस्थान खेल प्रतियोगिता 'संगठन 2023' के अंतर्गत आज पुरुषों के क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम और एमिटी बिजनेस स्कूल की टीम के बीच खेला गया। इस मैच को एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम 5 विकेटों से जीत लिया। क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में एमिटी बिजनेस स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें सत्यजीत ने 10 रन, युगांश ने 10 रन, अक्षत ने 61 रन (नॉट आउट), साई ने 0 रन, अतिशय जैन ने 24 रन, सरबजीत ने 27 रन बनाये। इस तरह अतिरिक्त 12 रनों के साथ 15 ओवर के मैच में एमिटी बिजनेस स्कूल की टीम ने कुल 144 रन बनाये। इसके उपरांत बल्लेबाजी करते हुए एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम के कृष ने 27 रन, वंश ने 42 रन, केशव ने 16 रन, एकांश ने 28 रन, अब्दुल समाद ने 20 रन (नॉट आउट), आर्यन ने 01 रन और अभिषेक ने 05 रन (नॉट आउट) बना कर 09 अतिरिक्त रनों के साथ कुल रन 148 रन बनाये और एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने यह मैच 05 विकेटों से जीत लिया। विजयी टीम को 26 अक्टूबर 2023 को संस्थापक दिवस पर पुरस्कृत किया गया।



उवाच

कालांतर आर्ट फाऊंडेशन ग्राम गेझा तिलपत को आदर्श कला ग्राम के रूप में स्थापित करने जा रहा है। आदर्श कला ग्राम परियोजना के तहत हम ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के कलाओं का प्रशिक्षण देंगे जैसे ड्राइंग और पेंटिंग, संगीत, नृत्य, लेखन, कहानी सुनाना और वेदों में वर्णित कला की 64 विधा सम्मिलित हैं।

**विशाल श्रीवास्तव, कलांतर आर्ट फाउंडेशन अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## ग्रेनो प्राधिकरण की पहल पर तीन स्थानीय युवाओं को मिला रोजगार

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। खोदना कलां के अनुज भाटी ने चार साल पहले बीटेक कर ली थी। रोजगार के लिए लगातार प्रयास कर रहे थे। नौकरी न मिलने से परेशान थे। अब प्राधिकरण के सहयोग से अनुज भाटी की नौकरी ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने वाली एक नामी कंपनी में लग गई है। वे अब बहुत खुश हैं।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपने अधीन 124 गांवों के बेरोजगार युवाओं को ट्रेनिंग एक्सपर्ट से प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार दिलाने की मुहिम शुरू की है। बीते दिनों किसान प्रतिनिधियों ने प्राधिकरण के समक्ष ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने का मुद्दा उठाया था। किसान प्रतिनिधियों की तरफ से स्थानीय बेरोजगार युवाओं की सूची भी सौंपी थी। प्राधिकरण ने इस मांग पर पहल करते हुए युवाओं को रोजगार दिलाने की शुरुआत कर दी है। प्राधिकरण ने खोदना कलां के अनुज भाटी व निशांत और खोदना खुर्द के रविंदर कुमार की ग्रेटर नोएडा के प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी लगवाई है। अनुज भाटी ने बीटेक और रविंदर कुमार व निशांत आईटीआइ प्रशिक्षित हैं। तीनों ने रोजगार मिलने पर खुशी जाहिर की है और प्राधिकरण के प्रति आभार जताया है। वहीं, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इन 124 गांवों के बेरोजगार युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार दिलाने का बीणा भी उठाया है। किसान प्रतिनिधियों की तरफसे प्राप्त सूची के आधार पर प्राधिकरण इन युवाओं को प्रशिक्षण दिलाने के लिए कोशिश कर रहा है। एचएडीएफसी बैंक के सहयोग से इन युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने की कोशिश है।



ग्रेटर नोएडा के 124 गांवों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्राधिकरण कोशिश कर रहा है। अभी तीन युवाओं को रोजगार दिलाने से इसकी शुरुआत की गई है। आने वाले दिनों में और भी युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा।

**एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

- **किसान प्रतिनिधियों ने बेरोजगार युवाओं की नौकरी का उठाया था मुद्दा**
- **100 की सूची सौंपी थी, तीन युवाओं के रोजगार दिलाने से हुई शुरुआत**
- **इन युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए प्राधिकरण दिलाएगा प्रशिक्षण**

## नोएडा एयरपोर्ट का एटीसी टॉवर दिसम्बर तक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सौंप दिया जाएगा

- **एयरपोर्ट ट्रैफिक कंट्रोल में उपकरण लगाने का सामान पहुंचा**
- **केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने की एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों की समीक्षा**

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर का एटीसी टॉवर दिसम्बर तक बनाकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सौंप दिया जाएगा। अथॉरिटी एटीसी टावर में उपकरण लगाएगी। इसके बाद एयरपोर्ट का ट्रायल रन शुरू किया जाएगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर को लेकर सोमवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय में समीक्षा बैठक हुई। इसमें मंत्रालय के अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह, नोडल अफसर शैलेंद्र भाटिया और विकासकर्ता कंपनी के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में एयरपोर्ट में अब तक हुए निर्माण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। एयरपोर्ट साइट में 38 मीटर ऊंचा एटीसी टॉवर बन रहा है। दिसम्बर तक एटीसी को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को सौंप दिया जाएगा। तब इसमें तकनीकी उपकरण लगाए जाएंगे। त्योहारी सीजन में श्रमिकों का संकट हो जाता है। ऐसे समय में भी काम को तेजी के साथ करना है। अभी साइट पर 7137 श्रमिक काम कर रहे हैं। त्योहारी सीजन के लिए एक हजार श्रमिकों का अतिरिक्त इंतजाम किया जाएगा।



### मुख्यमंत्री से आसमान से किया एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने मंगलवार को हेलीकॉप्टर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ हेलीकॉप्टर से बुलंदशहर व हापुड़ में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने जा रहे थे। बुलंदशहर जाते समय दोपहर करीब 12 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्य का हेलीकॉप्टर जेवर में 1334 हेक्टेयर में निर्माणधीन एयरपोर्ट के चारों तरफ चक्कर लगाया। मुख्यमंत्री ने आसमान से नोएडा एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

## पेवर ब्लॉक तकनीक से और मजबूत बनेंगी ग्रेनो की सड़कें

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा में बनने वाली सड़कें अब और भी मजबूत बनेंगी। अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पेवर ब्लॉक तकनीक के जरिए ये सड़कें बनवाएगा। ये सड़कें पहले से अधिक समय तक चलेंगी। इस तकनीक से रोड बनाने पर प्लास्टिक का पुर्नउपयोग होने से प्रदूषण को रोकने में भी मदद मिलेगी।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा की सड़कों को और मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के बारे में जानकारी हासिल करने के मकसद से एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट निकाला था, जिसमें सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) ने भी हिस्सा लिया। इन कंपनियों ने प्राधिकरण में प्रस्तुतिकरण दिया। सीआरआरआई ने भी इस प्रस्तुतिकरण में हिस्सा लिया। सीआरआरआई ने पेवर ब्लॉक से सड़कों को बनाने की तकनीक के बारे में जानकारी दी। प्लास्टिक मिश्रित पेवर तकनीक से रोड बनने पर पहले से अधिक मजबूत होगी। इससे रोड जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होगी। पेवर ब्लॉक का इस्तेमाल अंदरूनी सड़कों के लिए भी किया जा सकता है। प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने सीआरआरआई की इस तकनीक पर सहमति जताई है और सड़कों का निर्माण करने के लिए इसी तकनीक का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए हैं। आने वाले दिनों में इसी तकनीक से सड़कें बनाने के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे। इससे सड़कों की लाइफ बढ़ जाएगी और प्लास्टिक का पुर्नउपयोग होने से प्रदूषण को रोकने में भी सहायता मिलेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार ने बताया कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी पारदर्शिता के साथ ग्रेटर नोएडा की सड़कों की गुणवत्ता को और बेहतर करने तथा पहले से अधिक मजबूती के साथ सड़कों को बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

- **मजबूत सड़कें बनाने के लिए प्राधिकरण ने कंपनियों से मांगे थे सुझाव**
- **सीआरआरआई के प्रजेंटेशन से प्राप्त सुझावों पर अमल करेगा प्राधिकरण**
- **प्लास्टिक का पुर्नउपयोग होने से प्रदूषण से रोकथाम में भी मदद मिलेगी**

## जेवर एयरपोर्ट के पास मकान बनाने का सपना आज होगा साकार

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास घर बनाने वालों का बुधवार को सपना पूरा हो जाएगा। आवासीय भूखंड योजना का ड्रा बुधवार को निकाला जाएगा। 1184 भूखंड की योजना में 130537 आवेदक हैं। ड्रा का आयोजन पी-3 के सामुदायिक केंद्र में होगा।

यमुना प्राधिकरण ने आवासीय भूखंडों की योजना निकाली है। इसमें 120 वर्ग मीटर से लेकर 2000 वर्ग मीटर तक के भूखंड हैं। इसमें 130537 आवेदन आए हैं। बुधवार को इसका ड्रा निकाला जाएगा। आवंटन में सफल आवेदकों को आवंटन पत्र जारी होने के साठ दिन में प्लॉट की कुल कीमत का भुगतान करना होगा। प्राधिकरण ड्रा का आनलाइन प्रसारण करेगा। इसका क्यूआर कोड भी जारी किया गया है। आप क्यूआर कोड स्कैन करके घर बैठे ड्रा को देख सकते हैं। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि तैयारी पूरी हो गई हैं।

## यमुना प्राधिकरण में किए जा रहे भ्रष्टाचार को रोकने की मांग

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सम्पत्ति विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने के संबंध में सीईओ अरुणवीर सिंह को ज्ञापन सौपा।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौ. प्रवीण भारतीय ने बताया कि यमुना प्राधिकरण में यूं तो लगभग सभी विभागों में बिना पैसे के लेनदेन किए काम करना लगभग असंभव सा है परंतु संपत्ति विभाग ने तो हर तरह की हद पार कर दी है, लोगो का कहना है कि 300 मी. और इस तरह के जो भी प्लॉट है उनके ट्रांसफर में 200 रूपए प्रति वर्गमीटर की घूस लिए बिना अर्थात 300 मीटर के प्लॉट ट्रांसफर में 60000 रूपए की घूस लिए बिना ट्रांसफर करना लगभग असंभव है और पैसे देने के बाद क्लर्क भी चपरासी भी और प्रबंधक आपकी फाइल तीन या चार दिन में क्लियर करके देने की सोच ले अन्यथा तो धक्के पर धक्के खाने के बावजूद कभी फाइल में कोई कमी निकाल दी जाती है और कभी कोई और बिना घूस के ट्रांसफर हो पाना नामुमकिन है। प्रवीण भारतीय ने बताया कि इस तरह लीज के प्रकरणों में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसी संबंध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने सीईओ अरूणवीर सिंह को पत्र के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को तत्काल रोकने की मांग की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बलराज हूंण, दीपक शर्मा, दिनेश मास्टर, प्रेम प्रधान, सुभाष नेता, धीरज खटाना, राकेश, मोहित आदि लोग मौजूद रहे।



- **करप्शन फ्री इंडिया संगठन ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ को सौपा ज्ञापन**

## व्यापारी से एक हजार कट्टे चावल देने के बहाने 13 लाख ठगे

**दनकौर,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बा निवासी व्यापारी आकाश मांगलिक से तीन ठगों ने एक हजार कट्टे चावल सस्ते दामों में देने के बहाने 13 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ डीसीपी से शिकायत की। जिसके बाद मंगलवार को पुलिस ने ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित व्यापारी ने शिकायत में कहा है कि वह चावल चीनी व तेल आदि का व्यापार करता है। साल 2002 में एक रिश्तेदार के माध्यम से राहुल निवासी ग्रेटर नोएडा से हुई थी। तभी से राहुल उसे सस्ते दामों पर तेल व चीनी उपलब्ध कराने लगा। करीब 4 महीने तक पीड़ित ने उसके साथ व्यापार किया। लेकिन जनवरी 2023 में राहुल ने फिर पीड़ित से संपर्क किया और बाजार से कम दामों में 1 हजार चावल के कट्टे देने के लिए कहा। इस माल की बाजार कीमत करीब 29 लाख रुपए थी। आरोपी ने अपने दो साथियों सतपाल व आकाश को उच्च अधिकारी बताकर झांसे में ले लिया और 13 लाख रुपए ले लिए। आरोपियों के बताए समय पर चावल के कट्टे नहीं पहुंचे तो पीड़ित ने संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी ग्रेटर नोएडा से फोन बंद करके फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद आला अधिकारियों से शिकायत की गई। कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि अधिकारियों ने निर्देश पर तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है, जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- **डीसीपी के निर्देश पर तीन ठगों के खिलाफ हुआ मुकदमा**

## संतोष ट्रॉफी लीग मैच में यूपी ने मध्य प्रदेश को 4-1 से हराया

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीनियर नेशनल फुटबाल चैम्पियनशिप फार संतोष ट्राफी के अंतिम लीग मैच में उत्तर प्रदेश टीम ने मध्य प्रदेश टीम को 4-1 से हराकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके पूर्व नागालैंड व तमिलनाडु के बीच 1-1 गोल से ड्रा रहा तथा मणिपुर ने झारखण्ड को 3-0 से हराकर 15 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। 12 अंकों के साथ उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला।

पारितोषिक वितरण में मुख्य अतिथि अरविन्द मेनन राष्ट्रीय सचिव भाजपा व अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आने वाला समय में उत्तर अपने आपको अंकित कर पाया है, हम अच्छा खेल पा रहे हैं, बच्चों के तालमेल से खेल रहे हैं। आने वाले समय में खेलो इंडिया के तहत 2026 तक ओलंपिक में खेल का स्तर ऊंचे पर उठेगा।

उत्तर प्रदेश नए ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। इस दौरान डॉ. शाहजी प्रभाकरण महासचिव अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन ने सभी प्रदेश की टीमों के खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों को उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ व फुटबॉल संघ गौतमबुद्ध नगर का ध्यन्यवाद किया। इस दौरान ग्रुप सी में मणिपुर की टीम अरुणांचल प्रदेश में आयोजित चैम्पियनशिप के फाइनल राउंड में खेलेगी व उत्तर प्रदेश टीम की भी खेलने की सम्भावना है। इस अवसर पर पुष्कर शर्मा, मोहम्मद कमरुद्दीन अध्यक्ष यूपीएफएस, मनीष कुमार वर्मा जिलाधिकारी, मनोज अग्रवाल चेयरमैन प्रियागोल्ड ग्रुप, गोपालकृष्ण अग्रवाल, डॉ. अरुण वर्मा निदेशक खेल बेनेट विवि, भूपेन्दर सिंह, पवन त्यागी। उत्तर प्रदेश फुटबाल संघ के महासचिव मो. शाहिद ने मुख्य अतिथि एवं सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।



## अंतर्विद्यालयी संगीत, नृत्य और कला के समागम में बच्चों में दिखा उत्साह

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल, स्वर्ण नगरी, ग्रेटर नोएडा में एक इंटर-स्कूल 'गूंज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 'पंद्रह' स्कूलों ने भाग लिया जिसमें सात प्ले स्कूल थे। अलग-अलग मंच पर छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय ने कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा पांचवी के लिए कुल बारह कार्यक्रम की मेजबानी किया जिसमें प्री नर्सरी एवं नर्सरी के लिए क्ले मौरया, टाइनी पब्लोस, रामलीला - वाल्क एंड टॉक। किंडरगार्टन एंड ग्रेड 1 के लिए क्रैकर प्लाटटर, स्पार्कल्स, ढोल बाजे। ग्रेड सेकंड एंड थर्ड के लिए- गेंदा फूल, कहे कबीरा, नगाड़े तथा ग्रेड फोर्थ एंड फिफ्थ के लिए रंग तरंग, चौपाई, घुंघरू आदि। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह 9 बजे मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। प्रतियोगिताओं ने बच्चों को नई चुनौतियों के माहौल से अवगत कराया। कार्यक्रम के जजों को एक प्रतिष्ठित पैनल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की साथ ही कहा कि इस कार्यक्रम से छात्र निश्चित रूप से एक अद्भुत प्रतिभा का हिस्सा बनेंगे और उपस्थित लोग इस सह शैक्षिक कार्यक्रम का आनन्द उठा पाएंगे। जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल पहला स्थान हासिल किया, तथा द्वितीय स्थान ग्रेटर वैली स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान दयानंद विद्या मंदिर ग्रेटर नोएड़ा ने प्राप्त किया। कुल 58 स्वर्ण पदक, 58 रजत पदक तथा 58 कांस्य पदक दिए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणुसहगल के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।




पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## आदर्श कला ग्राम परियोजना को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलांतर आर्ट फाऊंडेशन आगामी नवम्बर माह में आदर्श कला ग्राम परियोजना के माध्यम से ग्रामीणों को दिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कलाओं के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिलामुख्यालय में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कलांतर आर्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कालांतर आर्ट फाऊंडेशन ग्राम गेझा तिलपत को आदर्श कला ग्राम के रूप में स्थापित करने जा रहा है। आदर्श कला ग्राम परियोजना के तहत हम ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के कलाओं का प्रशिक्षण देंगे जैसे ड्राइंग और पेंटिंग, संगीत, नृत्य, लेखन, कहानी सुनाना और वेदों में वर्णित कला की 64 विधा सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि इससे हर घर में कम से कम एक कलाकार होगा। कला का प्रयोग तथा प्रशिक्षण ग्रामीणों के लिए एक अवसर होगा, जो उन्हें मानसिक संतुष्टि के साथ ही आजीविका का स्रोत भी देगा। उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि आदर्श कला ग्राम कार्यक्रम के दौरान हमें उपयुक्त स्थान, आवश्यक सामग्री एवं मानव संसाधनों की आवश्यकता होगी, जिसके लिए जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट इंजीनियर प्राधिकरण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अधिकरण, जिला पर्यटन अधिकारी, जिला संस्कृति अधिकारी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि आदर्श कला ग्राम परियोजना के तहत आयोजित होने वाले कला कार्यक्रमों को लेकर आपके स्तर से कार्यक्रम के भव्य आयोजन को लेकर पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाए एवं आदर्श कला ग्राम कार्यक्रम को लेकर अपने-अपने स्तर से जनपद में व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट इंजीनियर प्राधिकरण को निर्देश दिए कि आदर्श कला ग्राम के लिए एक उपयुक्त स्थान प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि कला प्रशिक्षण के प्रभाव का अन्वेषण करने के लिए दो मनोवैज्ञानिकों को नियुक्त किया जाए।



- **कलांतर आर्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर आदर्श कला ग्राम परियोजना के संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को मिला निर्देश**

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पचोकरा में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 222/एस0टी0-एस0डी0एम0/2018, दिनांक 21.05.2018 मृतक स्व0 श्री हरवंश लाल पुत्र सरूपा नि0 ग्राम पचोकरा परगना जेवर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 11.08.2013 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पचोकरा | 16म | स्व0 श्री हरवंश लाल पुत्र सरूपा नि0 ग्राम पचोकरा परगना जेवर | श्री भूलेराम शर्मा | पुत्र | 55 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्री कर्मवीर | पुत्र | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | अशोक शर्मा | पुत्र | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | कमलेश | पुत्री | 60 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिरथली, उपजिलाधिकारी, जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 351/एस0टी0-एस0डी0एम0/2020, दिनांक 03.04.2023, से मृतक श्रीमती विमला पत्नी स्व0 श्री रामकिशोर निवासी ग्राम भाईपुर ब्रहमान परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैं।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तिरथली | 03 | श्रीमती विमला पत्नी स्व0 श्री रामकिशोर निवासी ग्राम भाईपुर ब्रहमान परगना व तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर | संजय | पुत्र | 49 वर्ष | विधवा |
| | | | | सुनीता | पुत्री | 48 वर्ष | विवाहित |
| | | | | निशी | पुत्री | 40 वर्ष | विवाहित |
| | | | | रजनी | पुत्री | 39 वर्ष | विवाहित |

उक्त तालिका में ग्राम तिरथली के खसरा संख्या 03 में मूल काश्तकार श्री रामकिशोर पुत्र किशनचन्द निवासी ग्राम भाईपुर ब्रहमनान के मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों का प्रकाशन पूर्व में किया जा चुका है। जिसमें उनकी पत्नी की मृत्यु दिनांक 21.02.2023 को हो चुकी जिनके वारिसान प्रकाशन हेतु प्रस्तावि है।
उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड सं0-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-04,
ग्रेटर नौएडा सिटी, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की BHS06 आवासीय भूखण्ड योजना में Smt. Santi Devi Vikal के पक्ष में आवंटन संख्या BHS0674021, भवन संख्या-ए-4, क्षेत्रफल-250 वर्गमीटर, सैक्टर-ओमिकान-02 ग्रेटर नोएडा अंतरित/पंजीकृत है। Smt. Santi Devi Vikal की दिनांक 03.06.2023 को मृत्यु उपरान्त Sh. Vijay Vir Vikal S/o Sh. Jagveer Singh Vikal ने कार्यालय उप जिलाधिकारी गाजियाबाद के यहाँ से जारी मृतक के पारिवारिक सदस्यों की सूची के आधार पर उक्त/भवन को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Smt. Santi Devi Vikal के स्थान पर Sh. Vijay Vir Vikal S/o Sh. Jagveer Singh Vikal के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेषकार्याधिकारी, सम्प.
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरंगपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या-1089/एस.टी.-एस.डी.एम./2018 दिनांक 30.11.2018 मृतक स्व0 श्री राधेलाल पुत्र स्व0 श्री मदनलाल तथा सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या -975/एस.टी.-एस.डी.एम./2023 दिनांक 11.10.2023 मृतक स्व0 श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र स्व0 श्री राधेलाल नि0 ग्राम औरंगपुर, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 503अ 503ब | स्व0 श्री राधेलाल पुत्र स्व0 श्री मदनलाल नि0 ग्राम औरंगपुर, तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती मेहरचन्दी | पत्नी | 75 वर्ष |
| | | | श्रीमती बाला देवी | पुत्रवधू | 48 वर्ष |
| | | | श्री निरंजन कुमार पुत्र स्व0 लक्ष्मन सिंह | पौत्र | 28 वर्ष |
| | | | श्री नकुल नागर पुत्र स्व0 लक्ष्मन सिंह | पौत्र | 24 वर्ष |
| | | | श्री फतेहसिंह पुत्र स्व0 लक्ष्मन सिंह | पौत्र | 19 वर्ष |
| | | | श्रीमती विमला देवी | पुत्री विवाहित | 58 वर्ष |
| | | | श्रीमती शीला देवी | पुत्री विवाहित | 56 वर्ष |
| | | | श्रीमती कृष्णा देवी | पुत्री विवाहित | 54 वर्ष |
| | | | श्रीमती शिमला देवी | पुत्री विवाहित | 52 वर्ष |
| | | | श्रीमती समन्तरा देवी | पुत्री विवाहित | 50 वर्ष |
| | | | श्रीमती बाला देवी | पुत्री विवाहित | 48 वर्ष |
| | | | श्रीमती सीमा देवी | पौत्री विवाहित | 32 वर्ष |
| | | | श्रीमती सुन्दरी | पौत्री विवाहित | 29 वर्ष |
| औरंगपुर | 622 | स्व0 श्री लक्ष्मण सिंह पुत्र स्व0 श्री राधेलाल नि0 ग्राम औरंगपुर तहसील व जनपद गौतमबुद्धगर | श्रीमती बाला देवी | पत्नी | 58 वर्ष |
| | | | श्री निरंजन कुमार | पुत्र | 43 वर्ष |
| | | | श्री नकुल नागर | पुत्र | 29 वर्ष |
| | | | श्री फतेहसिंह | पुत्र | 27 वर्ष |
| | | | श्रीमती सीमा देवी | पुत्री विवाहित | 36 वर्ष |
| | | | श्रीमती सिमरन उर्फ सुन्दरी | पुत्री विवाहित | 33 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 विकास प्राधिकरण

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 18 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी की मिजोरम यात्रा

अगले माह जिन 5 राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने जा रहे है, उनमें एक उत्तर-पूर्वी प्रदेश मिजोरम भी है। यहां 7 नवम्बर को यानी पहले ही चरण में मतदान होगा। 40 सीटों वाली यहां की विधानसभा में फिलहाल मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इसका चुनावी मुकाबला अब तक तो मुख्य विपक्षी दल जोराम पीपुल्स मूवमेंट के साथ माना जाता था लेकिन अब इन दोनों के मुकाबले कांग्रेस भारी दिखाई देने लगी है। अब तक कांग्रेस को तीसरे नंबर पर समझा जा रहा था लेकिन राहुल गांधी की मंगलवार को खत्म हुई दो दिवसीय मिजोरम यात्रा ने जो संकेत दिये हैं उससे अनुमान लगाये जाने लगे हैं कि 3 दिसम्बर को निकलने वाले चुनावी परिणाम सबको चौंका सकते हैं। वैसे राहुल की यह यात्रा राजनैतिक सन्दर्भों से कहीं बढ़कर है। चुनावी जीत-हार से भी परे और बहुत आगे।

मुख्यमंत्री जोरामथंगा के बारे में कहा जा रहा था कि 1998 और 2003 की तरह वे फिर से सतत दो बार यह पद धारण करने वाले सीएम बन सकते हैं। इसका कारण यह था कि पिछले चुनाव में कांग्रेस को, जो उस समय सत्तारुढ़ थी, केवल 7 की संख्या में सिमटकर रह गई थी। कहने को भाजपा ने एमएनएफ के साथ चुनाव पूर्व गठबन्धन किया था पर जब पिछले वक्त एमएनएफ को पूर्ण बहुमत मिल गया तो जोरामथंगा ने साफ कर दिया कि उन्हें भाजपा की जरूरत नहीं है। फिर भी भाजपा अपने को गठबन्धन का हिस्सा बतलाती रही। उसके हिस्से में एक ही सीट आई थी। अब की एमएनएफ ने हमार पीपुल्स कन्वेंशन (रिफॉर्मेशन) से गठबन्धन कर लिया है। जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के 6 विधायक हैं। राहुल की यात्रा के पूर्व तक मिजोरम पर खास चर्चा नहीं होती थी। ज्यादातर राजनैतिक विश्लेषकों का समय पहले राजस्थान, मप्र व छत्तीसगढ़ पर खर्च होता था। बाद में तेलंगाना पर भी होने लग गया था। मिजोरम चर्चा से बाहर ही था पर यहां राहुल ने जैसा मौसम बदला है, मिजोरम भी सियासी विमर्श का हिस्सा बन गया है।

वैसे मिजोरम में राहुल के पदार्पण का महत्व राजनैतिक चर्चा व समीकरण, चुनाव आदि से बढ़कर है। उत्तर-पूर्व में ही स्थित एक अन्य राज्य मणिपुर में पिछले दिनों हुए घटनाक्रम का असर अन्य छह राज्यों पर भी होता दिख रहा है। इनमें मिजोरम भी शामिल है। वैसे तो ज्यादातर उत्तर-पूर्वी राज्यों का मानस केन्द्र में आरुढ़ पार्टी के साथ जाने का होता है ताकि उनके विकास में बाधा न हो। भाजपा की इस हिस्से के कई राज्यों में पूर्ण बहुमत वाली या गठबन्धन की सरकारें है। मणिपुर की घटना के बाद यहां के राज्यों को समझ में आ गया है कि भाजपा का लक्ष्य यहां का विकास करना नहीं वरन अपनी विचारधारा को फैलाना है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण यह पूरा इलाका भाजपा के लिये आर्थिक दोहन के लिहाज से महत्वपूर्ण है। कई राज्यों में ईसाइयों की बहुलता भी उसकी आंखों में खटकती है। मणिपुर में मैतेई हिंदू आदिवासियों और ईसाई कुकी समुदाय के बीच पिछले कई माह से जारी संघर्षों ने जिस तरह से मणिपुर को जलाकर रख दिया है, उसने भी सभी राज्यों की आंखें खोलकर रख दी हैं। असम भी भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला बनी हुई है, वह भी ये सारे राज्य देख रहे हैं। यहां के लोगों को अब यह समझ में आने लगा है कि भाजपा-संघ द्वारा इन राज्यों में सायास अशांति का वातावरण बनाया जा रहा है। नफरत का जो ज़हर फैलाने की कोशिश भाजपा व केन्द्र सरकार कर रही है, उसके विरूद्ध राहुल द्वारा शांति व प्रेम का पैगाम मिजोरम के नागरिकों को आकर्षित कर रहा है। आइजोल में सोमवार को तथा लुंगलेई में मंगलवार को हुई आम सभाओं में एवं एक प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने बतलाया कि विकास के लिए शांति आवश्यक है और यहां के युवाओं को समझना होगा कि उनके लिए विकास कितना ज़रूरी है। उन्होंने साफ किया कि भाजपा व संघ ने सत्ताधारी एमएनएफ को मिजोरम में अपने प्रवेश के लिये इस्तेमाल किया है। राहुल की यह बात निश्चित ही लोगों तक पहुंची होगी कि कांग्रेस समावेशी भारत का हिमायती है जबकि भाजपा व संघ बहुसंख्यकवाद के सिद्धांत पर काम कर रहा है।

राहुल गांधी ने इस राज्य के साथ अपने पहले-पहल के सम्बन्ध को बतलाकर लोगों को भावुक कर दिया है जिसमें उन्होंने बतलाया कि 16 वर्ष के एक किशोर के रूप में वे अपने दिवंगत पिता व तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के साथ 1986 में आए थे। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी के कार्यकाल में ही मिजो शांति समझौता हुआ था जिसके बाद इस राज्य से अलगाववादी ताकतों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में खुद को शामिल किया था। इस राज्य के विकास में उस समझौते का बड़ा हाथ था। इसे मिजोरमवासी नहीं भूल सकते।

यह बात तो सही है कि राहुल की यह यात्रा विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में हो रही है और उसका फौरी उद्देश्य 7 नवंबर के मतदान को अपने पक्ष में प्रभावित करना है लेकिन उसे सीमित सन्दर्भों में नहीं देखा जाना चाहिये। मणिपुर के घटनाक्रम से सभी उत्तर-पूर्वी राज्य सहमे हुए हैं। भाजपा-संघ की विभाजनकारी नीति एवं केन्द्र द्वारा संघवाद (फेडरलिज़्म) पर प्रहार के दुष्परिणाम आज देश देख रहा है। हर राज्य में अपनी सरकारें बनाना और जहां न हो वहां असंवैधानिक, अनैतिक या गैरकानूनी तरीकों से बनाने की प्रवृत्ति छोटे राज्यों के लोगों को विशेष रूप से भयभीत कर रही है। राहुल की यह यात्रा चुनावी लिहाज से कितनी सफल होती है, कहना मुश्किल है पर उसके सकारात्मक परिणाम ज़रूर निकलेंगे।

# डूबते मोदी को अब सेना की रेस्क्यू टीम का सहारा

देश में काफी कुछ ऐसा हो रहा है जिससे लगता है कि केन्द्र में बैठी नरेन्द्र मोदी सरकार को न तो लोकतंत्र का सलीका है और न ही प्रशासन करने का शऊर। पिछले करीब साढ़े नौ वर्षों से जिस तरह से मोदी केन्द्र की सरकार चला रहे हैं, उससे सभी मान्य लोकतांत्रिक परम्पराएं और मर्यादाएं तो ध्वस्त हो ही रही हैं, यह खतरा भी पैदा हो रहा है कि कहीं यह हमारी कार्यप्रणाली की कुरीतियां बनकर सदा-सर्वदा के लिये स्थापित ही न हो जाये। सभी तरह की शक्तियों को अपने हाथों में बटोरकर जैसा राज मोदी जी चला रहे हैं उसमें विपक्ष तो दूर, अपने ही दल के लोगों से तक विचार-विनिमय का कोई स्थान नहीं है। विशेषज्ञों, मातहत अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों की तो कोई बिसात ही नहीं है। इसके चलते एक नहीं अनेक ऐसे निर्णय लिये गये हैं जिनके कारण देश और जनता को बड़ी कीमतें चुकानी पड़ी हैं। जन धन योजना, उज्ज्वला, स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, नोटबन्दी, जीएसटी, सेंट्रल विस्टा जैसे कामों की लम्बी फेहरिस्त है जो असफल होने के साथ लोगों की बर्बादी का सबब भी बनी हैं। मोदी और भाजपा के लिये बहुत ज़रूरी हो गया है कि कोई उनकी नाकामयाबी को सफल बता सके। विभिन्न तरीकों से वे इसकी कोशिशें तो करते रहते हैं पर लोगों का उनमें भरोसा लौटता हुआ नज़र नहीं आ रहा है।

असफल योजनाओं की पूरी की पूरी श्रृंखला के कारण जहां एक ओर मोदी की छवि तथा विश्वसनीयता गिरी है वहीं पूरी भारतीय जनता पार्टी गहरे राजनैतिक संकट में धंसती चली जा रही है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मिली पराजयों के बाद अगले महीने होने जा रहे पांच राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) में भी भाजपा के लिये जीत की सम्भावनाएं दूर-दूर तक नज़र नहीं आ रही हैं। पिछले 9 वर्षों के सारे छोटे-बड़े चुनावों की तरह हाल में हुए हिप्र-कर्नाटक के चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़े गये थे और आगामी 5 चुनाव भी ऐसे ही लड़े जायेंगे। यहां तक कि लोकसभा के भी। मोदी की दरकी हुई छवि और गिरी हुई साख को ऊर्ध्वगामी बनाने के लिये मोदी और भाजपा को कोई ऐसी संस्था चाहिये जिसकी अपनी छवि व विश्वसनीयता हो। डूबते मोदी के लिये अब तिनके से बढ़कर किसी रेस्क्यू बोट जैसा सहारा भारतीय सेना में दिख रहा है जो मोदी-भाजपा को चुनावी भंवर से निकालकर सुरक्षित किनारे पर पहुंचा सके। इसका लाभ मिलेगा या नहीं-यह तो बाद की बात है, पहली बात तो यह है कि ऐसा प्रयास ही बहुत कुत्सित है। यह एक तरह से हमारी प्रतिष्ठित सेना और समग्र गौरवशाली सैन्य परम्परा का राजनीतिकरण करने जैसा है जिसके बहुत गम्भीर परिणाम हो सकते हैं।

सभी जानते हैं कि भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता,



डॉ. दीपक पाचपोर

> भारतीय सेना की केवल उसके पराक्रम व समर्पण के ही नहीं बल्कि अनेक कारणों से बड़ी विश्वसनीयता है। बहुत कुशल, गुणवत्तायुक्त सेवाभाव, राजनीति से उसकी सम्पूर्ण विलगता, धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है।

धर्मनिरपेक्षता, उच्च आदर्श, मूल्यगत संस्कार व प्रशिक्षण और मानवीय दृष्टिकोण उसे दुनिया की ज्यादातर सेनाओं से एकदम अलग बनाती है। इन कारणों से ही उसकी बहुत उज्ज्वल छवि है। ऐसे वक्त में जब भारतीय राजनीति लोगों को पूरी तरह से निराश कर रही हो, सरकार के सभी अंग (विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका), तमाम संवैधानिक संस्थाएं, मीडिया आदि अपनी साख को पूरी तरह से खो चुके हों, अकेली भारतीय सेना ऐसी है जिसके प्रति जनता के दिलों में आज भी बहुत ऊंचा स्थान है। देश के लिये वह हमेशा उम्मीद की अंतिम किरण बनकर जनता के साथ उसके दुख व तकलीफों में खड़ी मिलती है। युद्ध ही नहीं, शांति काल में भी उसी पर भारतीय जनता का शत-प्रतिशत व आखिरी भरोसा होता है। भूकम्प हो या बाढ़, भूस्खलन हो या आतंकवाद- पीड़ित जनता सेना का बेसब्री से इंतज़ार करती है; और वह कभी निराश नहीं करती। सेना का कहा लोगों द्वारा आंख मूंदकर माना जाता है। ऐसा इसलिये क्योंकि उसकी दशकों में अर्जित की गयी विश्वसनीयता है।

उसकी इसी साख और छवि का फायदा उठाने के लिये केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि उसके माध्यम से प्रमुख शासकीय योजनाओं का प्रचार किया जायेगा। तीनों सेनाएं आत्मनिर्भर भारत, सशक्तिकरण व नारी शक्ति की सफलता लोगों तक पहुंचाएंगी। थल सेना, वायुसेना व सीमा सड़क संगठन को सीमाओं पर हुए अधोसंरचना विकास की बात करने को कहा गया है, तो व रक्षा उपक्र म कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इतना ही नहीं, सेना के तीनों अंग व उपक्रम तथा रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (डीआरडीओ) दिल्ली, प्रयागराज, पुणे, बेंगलुरु, मेरठ, नासिक, कोल्लम, कोलकाता और गुवाहाटी में रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मॉल्स एवं पर्यटन स्थलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 822 डिजिटल सेल्फी प्वाइंट बनाएंगे।

महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी स्थलों पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीरों के साथ ये सेल्फी प्वाइंट बनेंगे जिससे स्पष्ट है कि एक निर्मल और बहुत सम्मानित संस्था की आड़ में मोदी अपनी असफलताओं को कामयाब बतलाकर न सिर्फ अपनी खोई हुई साख को वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं बल्कि खुद की गिरती छवि को भी संवारने की कोशिश कर रहे हैं जिसका वे चुनावी लाभ उठा सकें। सेना को अपनी योजनाओं से सम्बद्ध कर इसका सियासी फायदा उठाने की यह परम्परा बहुत घातक है। सेना एक पूर्णत: स्वतंत्र संस्था है जिसका काम सरकार की छवि या साख की नहीं बल्कि देश व जनता की रक्षा करना है। शासकीय योजनाओं को लेकर सभी दलों के अलग-अलग विचार हो सकते हैं। सरकार भी किसी दल के द्वारा ही बनती है। विचार विशेष के आधार पर बनी किसी भी पार्टी की सरकार के पक्ष में प्रचार करना खुद को कोई विचारधारा से जोड़ना होता है। मोदी ने तमाम संस्थाओं को राजनैतिक रंग में रंग दिया है लेकिन उन्हें कम से कम सेना को तो बख़्श देना चाहिये। सेना सरकार का प्रचार विभाग नहीं है। इसके लिये सरकारों के पास पर्याप्त व सक्षम मशीनरी उपलब्ध है। केन्द्र सरकार के पास भी है। पूरा का पूरा सूचना एवं प्रसारण विभाग है जिसके अंतर्गत न जाने कितने प्रभाग हैं और अरबों-खरबों रुपयों का बजट होता है। फिर, हर मंत्रालय-विभाग का अपना प्रचार तंत्र होता है। वैसे भी मोदी खुद पर बड़ी सरकारी राशि खर्च कर अपना प्रचार करते हैं। फिर, मोदी जी हर तरह के शासकीय-गैर सरकारी मंचों का उपयोग खुद के, अपनी सरकार व पार्टी के प्रचार के लिये करते हैं। उनका 'मन की बात' के नाम से कार्यक्रम होता है। सोशल मीडिया पर भी मोदी सक्रिय हैं जो लोगों से आग्रह करते हैं कि उनके यू ट्यूब चैनल को सभी सबस्क्राइब करें, बेल आइकन दबाएं।

प्रतीत होता है कि सरकारी प्रचार तंत्र नाकाम एवं गैर भरोसेमंद साबित हो चुका है इसलिये मोदी को सेना जैसी दमदार साख वाली संस्था का सहारा लेना पड़ रहा है। केन्द्र सरकार के इस फैसले की आलोचना करते हुए कांग्रेस के महासचिव व प्रचार प्रमुख जयराम रमेश का यह कहना वाजिब है कि पिछले साढ़े नौ साल के दौरान महंगाई, बेरोजगारी व अन्य सभी मोर्चों पर विफलता का सामना करने के बाद मोदी सरकार अब सेना से अपना राजनीतिक प्रचार पाने का बहुत घटिया प्रयास कर रही है। इसे सेना का राजनीतिकरण करने का प्रयास और खतरनाक कदम बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे मामले में इस कदम को तुरंत वापस लेने का निर्देश दें।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष विश्व अर्थव्यवस्था के लिए नया जोखिम

■ नन्तू बनर्जी

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष के विश्व अर्थव्यवस्था पर दुष्परिणामों की भविष्यवाणी करना थोड़ा जल्दी हो सकता है, लेकिन अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा और आने वाले सर्दियों के महीनों में तेल की कीमतें बढ़ती रहीं तो भारत पर असर पड़ना तय है। युद्ध का अब दूसरा सप्ताह चल रहा है।

भारत की लगभग 86प्रतिशत तेल आवश्यकता आयात से पूरी होती है। पिछले साल के मध्य से सस्ते रूसी तेल के आयात से देश को कुछ हद तक मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिली। अप्रैल से जुलाई 2023 तक, रूस से भारत के तेल आयात की वृद्धि 126.94प्रतिशत से भी अधिकथी, जो भारत के तेल परिदृश्य में रूस की मजबूत स्थिति को रेखांकित करती है। चालू वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में रूस से तेल आयात की लागत 15.74 अरब डॉलर आंकी गई थी। हालांकि, इसी अवधि के दौरान इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और कुवैत से संयुक्त आपूर्ति की वजह से भारत को 20.7अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। इस प्रकार, भारत तेल आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर काफी हद तक निर्भर है। यदि वैश्विक तेल की कीमतें काफी बढ़ जाती हैं तो रूस द्वारा अपने वर्तमान निर्यात मूल्य को बनाये रखने की संभावना नहीं है।

> भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

भारत में जारी महंगाई ने आम आदमी की जेब पर डाका डाल दिया है। बचत दरें निराशाजनक रूप से कम हो गई हैं। पिछले महीने के अंत में केंद्रीय बैंक द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत देश की जीडीपी के 5.1प्रतिशत तक गिर गई, जो 1976-77 के बाद सबसे कम है। 2021-22 में यह जीडीपी का 7.2 फीसदी था।

भारतीय रिज़र्व बैंक संभवत: व्यापारियों और निवेशकों की मदद के लिए बैंक दर को नियंत्रित करने के लिए सरकार से प्रभावित है। हालांकि, अगर तेल की बढ़ती कीमतें, उच्च व्यापार घाटा, पश्चिम एशिया से कम प्रेषण, कम विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और रुपये के गिरते विनिमय मूल्य ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव डाला, तो इसके विकल्प खत्म हो सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने हाल ही में भविष्यवाणी की थी कि वित्त वर्ष 2024 में भारत की विकास दर 6.3प्रतिशत होगी जो पहले के अनुमानित 6.1प्रतिशत से अधिक है। वैश्विक ऋणदाता को उम्मीद है कि भारत की खुदरा मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2025 में घटकर 4.6प्रतिशत होने से पहले वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 5.5प्रतिशत हो जायेगी। आईएमएफ की अक्टूबर 2023 विश्व आर्थिक दृष्टिकोण रपट हमास द्वारा इज़राइल पर हमले के बमुश्किल 72 घंटे बाद जारी की गई थी। स्वाभाविक रूप से, आईएमएफ रिपोर्ट में पश्चिम एशिया की स्थिति और भारत सहित विश्व अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का जायजा लेने की उम्मीद नहीं थी।

हमास-इजराइल सशस्त्र संघर्ष एक क्षेत्रीय युद्ध में बदलने की संभावना है जिसमें अरब दुनिया के फिलिस्तीन और हमास के समर्थक और अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्यों जैसे इजराइल के मजबूत राजनयिक और रणनीतिक मित्र शामिल होंगे। लंबे समय तक चलने वाले हमास-इज़राइल संघर्ष से तेल की कीमतें बढ़ने, उच्च मुद्रास्फीति और अधिक आर्थिक अनिश्चितता का खतरा बढ़ जाता है। यह आंशिक रूप से कोविड महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पहले से ही नाजुक वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए जोखिमों की एक पूरी नई श्रृंखला पेश करता है।

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के बाद, आईएमएफ ने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया में व्यापक संघर्ष से मुद्रास्फीति के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था को खतरा होगा और बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि लड़ाई अन्य देशों भड़कती है या नहीं। आईएमएफ के शीर्ष अर्थशास्त्री, पियरे-ओलिवियर गौरींचास ने कहा कि संघर्ष से ऊर्जा-आपूर्ति को झटका लगने का खतरा है, जिससे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं, मुद्रास्फीति बढ़ सकती है और विकास कम हो सकता है।

आईएमएफ के शोध से पता चलता है कि तेल की कीमतों में 10प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक आर्थिक विकास में 0.15प्रतिशत की कमी आती है। लड़ाई शुरू होने के बाद से तेल की कीमतों में उछाल आया है, हालांकि गौरींचास ने कहा कि बढ़ोतरी लंबे समय तक नहीं रह सकती है।

आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री ने कहा कि यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि लंबे समय से चल रहे संघर्ष में वृद्धि वैश्विक अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित करेगी: 'यह इस पर निर्भर करता है कि स्थिति कैसे सामने आयेगी, कई अलग-अलग परिदृश्य हैं जिनका हमने अभी तक पता लगाना भी शुरू नहीं किया है। इसलिए हम इस बिंदु पर अभी तक कोई आकलन नहीं कर सकते।' दरअसल, आईएमएफ ने मौद्रिक अधिकारियों को चेतावनी दी है कि वे ब्याज दरों में जल्द कटौती न करें।

इस प्रकार, 2023-24 के लिए भारत पर आईएमएफ के आर्थिक विकास पूर्वानुमान की प्रभावशीलता काफी हद तक हमास-इज़राइल सशस्त्र संघर्ष के विकास के तरीके पर निर्भर करेगी। इससे पहले कभी भी इजराइल ने आतंकी हमलों में इतनी ज्यादा जानें नहीं गंवाई थीं। इज़राइल के तीन बार के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने 'हमास का सफाया' करने के लिए एक राष्ट्रीय आपातकालीन सरकार की स्थापना की है, जिसमें विपक्षी दल के नेता और एक युद्ध कैबिनेट शामिल है। लेकिन, यह कहना जितना आसान होगा, करना उतना आसान नहीं।

फतह द्वारा सशस्त्र संघर्ष छोड़ने के बाद से हमास लंबे समय से फिलिस्तीनियों के लिए एक उचित राज्य के लिए लड़ रहा है। ईरान, अफगानिस्तान, सऊदी अरब, इराक, मिस्र, यमन, कतर, लेबनान और सीरिया हमास के प्रति सहानुभूति रखते हैं। वे सभी फ़िलिस्तीन राज्य के पक्ष में हैं। संयोग से, ब्रिक्स सदस्य भी फ़िलिस्तीनियों के लिए एक स्वतंत्र मातृभूमि के समर्थन में हैं। हालांकि, यह अंदाज़ा लगाना मुश्किल है कि वे आतंकवादी संगठन माने जाने वाले हमास के साथ इसराइल के ख़िलाफ़ अचानक हुए युद्ध में किस हद तक मजबूती से खड़े रहेंगे।

फ़िलिस्तीन राज्य के समर्थक हमास आतंकवादियों की तुलना में बदले हुए फिलिस्तीन मुक्ति संगठन और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के वर्तमान अध्यक्ष महमूद अब्बास पर भरोसा करते हैं। हैरानी की बात यह है कि अब्बास, जो अब जॉर्डन की राजधानी अम्मान में हैं, तब तक अपनी चुप्पी कायम रखी जब तक कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनीब्लिंकन ने पिछले हफ्ते उनसे मुलाकात नहीं की। हमास के हमले ने निश्चित रूप से अब्बास के राजनीतिक अधिकार को कमजोर कर दिया है।

ब्लिंकन ने प्रत्यक्ष रूप से हमास-इज़राइल लड़ाई में भाग न लेने का आश्वासन लेने के लिए कई अरब नेताओं से भी मुलाकात की। हालांकि, अरब भावनाएं चरम पर हैं। हमास के लिए अखिल अरब समर्थन, जो फिलहाल असंभावित लग रहा है, लड़ाई को तेज कर सकता है और इसके आधार का विस्तार कर सकता है। हालांकि न तो वेस्ट बैंक और न ही गाजा तेल का उत्पादन करते हैं, लेकिन जब से हमास ने इज़राइल पर हमला किया है तब से वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं, इस अटकल के बीच कि संघर्ष पश्चिम एशिया में ऊर्जा उत्पादन को प्रभावित कर सकता है।

विडंबना यह है कि छोटा सा इज़राइल, जो भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के लगभग एक-चौथाई आकार का है, दुनिया की 27वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह भारत के व्यापार अधिशेष के कुछ प्रमुख स्रोतों में से एक है। 2022-23 के दौरान दोनों देशों के बीच माल और सेवाओं का व्यापार 12 अरब डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था। 2022-23 के दौरान इज़राइल से भारत का व्यापारिक निर्यात और आयात क्रमश: 8.4 अरब डॉलर और 2.3 अरब डॉलर था, जिससे 6.1 अरब डॉलर का व्यापारिक व्यापार अधिशेष हुआ। माना जाता है कि भारत इज़राइल से एक प्रमुख स्पाइवेयर आयातक है।

7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किये गये बड़े पैमाने पर आश्चर्यजनक रॉकेट हमले ने अब इजराइल के बहुप्रतीक्षित जासूसी उपकरणों और खुफिया उपकरणों की प्रभावशीलता पर सवाल उठा दिया है। हमास-इज़राइल युद्ध का विस्तार, जिसमें कुछ अरब राष्ट्र और ईरान शामिल हैं, आने वाले महीनों में भारत की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव डाल सकते हैं।

## पावन प्रसंग

# एकांत का आनंद

एकांत में बैठने, ववक्त गुजारने उसे महसूस करने का अपना ही आनंद है। एकांत व उससे उपजी शां शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए मरहम का काम करती है, जबकि बहुत ज्यादा शोरगुल खून में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा देता है। इसकी वजह से हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत हो सकती है। यदि हम एकांत का लाभ उठाने की सही तकनीक जान लें तो शोर के कारण होने वाले नुकसानों को कम किया जा सकता है। अक्सर एकांत से लोग डरने की शिकायत करते हैं। वे एकांत होने पर सन्नाटे की स्थिति में आने के कारण घबरा जाते हैं। इसलिए सन्नाटे से बाहर आकर एकांत में समाने की कोशिश करनी चाहिए। उससे डरना या घबराना नहीं चाहिए, बल्कि हर क्षण में एकांत तलाशने की काबिलियत खुद में पैदा करनी चाहिए।

एकदम संबव है कि हम शोरगुल के बीच एकांत को महसूस कर सकते हैं। एकांत की सबसे ज्यादा जरूरत सुबह-सुबह होती है; क्योंकि उसके बाद कोलेस्ट्राल की मात्रा बढ़ने लगती है। टीवी देखने या अखबार पढ़ने के बजाय कुछ देर चुपचाप बैठना चाहिए। सुबह के आधा घंटे का एकांत खुद को देना चाहिए। प्रकृति का संगीत एकांत है, जिसका पूरा आनंद लेना चाहिए, महसूस करना चाहिए। अपने बगीचे की देखभाल करनी चाहिए। उसका माली खुद बनना चाहिए, मानसिक शांति महसूस होगी कि उच्च रक्तचाप होया कोलेस्ट्राल का बढ़ा स्तर सब शांत हो जाएगा। बागवानी के बी फायदे हैं, एक तो यह कि बागवानी हमको प्रकृति के निकट रखती है और जब हम प्रकृति के निकट होते हैं तो वह क्षण एकांत में बिताने का समय होता है। इससे तनाव व मानसिक दबाव का स्तर कम होता है। इसलिए आंखें मूंदकर ाजे अच्छा लगे, उस बारे में मन ही मन सोचना चाहिए, दिन भर के कामों पर मनन करना चाहिए इससे तकान दूर होगी और मन को चैन मिलेगा।

मोबाइल फोन, इंटरनेट की घंटियों से सारा माहौल गुंजायमान रहता है। इस तरह की आवाजें शोर का रूप धारण कर लेती हैं। इसलिए कोशिश करनी चाहिए कि कभी-कभार जब सोने जा रहे हैं हों या शांति से बैठे हों, तो ऐसे समय में कुछ देर के लिए ऐसे उपकरणों को बंद करके कुछ घंटे एकदम शांतिपूर्वक अलगअंदाज में बिताना चाहिए। जिंदगी आजकल इतनी तनावपूर्ण और व्यस्त हो गई है कि लोगों के सोने-गने का वक्त ही बदल गया है। परिणामस्वरूप अनिंद्रा, अवसाद और तनाव की स्थिति बनती जा रही है। देर रात तक जागना और सुबह देर से जागना, इससे जीवन और स्वास्थ्य दोनों का संतुलन बिग़ड़ता है। जरूरी है कि दस या साढ़े दस बजे राक्षि चत सो जाएं और सुबह छह बडे तक उठें। यह समय हमारी सैर का भी हो सकता है और एकांत का भी। जरूरी है कि ऐसे समय काम का, दफ्तर का अथवा घर की किसी भी मुसीबत का विचार, मस्तिष्क में नहीं होना चाहिए। अगर सैर पर नहीं जाना चाहते हैं तो अपने बगीचे की देखभाल करते हुए भी हम एकांत का लाभ उठा सकते हैं। इतना सा प्रयास हमारा मन-मस्तिष्क और स्वास्थय सुरक्षित रखेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भोजन की सात्विकता पर धअयान देना चाहिए। ठीक इसी तरह भारतीय स्वास्थ्य के लिए स्वाध्याय एवं मानसिक संगीत की जरूरत है। इससे एकांत का आनंद और बढ़ जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# खेलकूद की जगह घर के कामों में उलझा दी गई किशोरियां

हाल ही में संपन्न हुए एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार मेडलों का शतक लगाते हुए नया कीर्तिमान गढ़ दिया। इस ऐतिहासिक सफलता में पुरुष खिलाड़ियों के साथ-साथ भारत की महिला खिलाड़ियों का भी बराबर का योगदान रहा है। गर्व की बात यह है कि घुड़सवारी जैसी प्रतिस्पर्धा में भी महिला खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि समाज को अब उसे देखने का नजरिया बदल लेनी चाहिए. लेकिन एक कड़वी सच्चाई यह है कि अभी भी हमारे समाज का एक वर्ग महिलाओं और किशोरियों के प्रति संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित है। वह महिलाओं और किशोरियों को चारदीवारी के पीछे ज़ंजीरों में कैद देखना चाहता है। वह उनके सर्वांगीण विकास को कुचल देना चाहता है। उसे महिलाओं का सशक्त होना और आत्मनिर्भर बनना संस्कृति पर कुठाराघात नज़र आने लगता है।

भले ही भारत विकास के नित्य नए प्रतिमान गढ़ रहा है। आए दिन देश में नई-नई चीजों का आविष्कार एवं नई-नई चीजों की शुरुआत हो रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए कन्या उत्थान योजना से लेकर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ के नारे बुलंद हो रहे हों, लेकिन इससे इतर लैंगिक पूर्वाग्रह एवं पुरुष मानसिकता लड़कियों के प्रति यथावत है। भले हम चांद और मंगल पर आशियाने की तलाश कर रहे हों मगर स्त्रियों के प्रति रवैया और विचार में बहुत कुछ बदलाव नहीं दिखता है। लड़कियों से उनका बचपन इस तरह से छीन लिया जाता है, जैसे लड़की होकर उसने कोई गुनाह कर दिया हो। जब लड़कियों के खेलने-कूदने की उम्र होती है, तब उसे 'ससुराल में गृहस्थ जीवन संभालने' के नाम पर रसोई से लेकर खेत-खलिहान तक के काम में लगा दिया जाता है। वहीं, लड़कों को कुछ सिखाने की जरूरत नहीं समझते, उसे खेलने-कूदने की पूरी आजादी दी जाती है जो खेलना है वह खेलो, जो मन में आए वह करो। जैसे भेदभाव के साथ एक लड़की से उसका बचपन छीन लिया जाता है।

हमारे देश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कमोबेश यही मानसिकता व्याप्त है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की अपेक्षा अधिक है।

11 वर्षीय रोशनी बताती है कि वह छठी क्लास में पढ़ती है। वह घर का सारा काम करके, खाना बनाकर स्कूल जाती है। फिर स्कूल से घर आकर सारा काम करती है और फिर रात का खाना बनाने की तैयारी करने लगती है। उसे खेलने का भी टाइम नहीं मिलता है। स्कूल में थोड़ा लंच टाइम में खेलती है लेकिन घर पर उसे ज़रा भी खेलने नहीं दिया जाता है।

सामाजिक बंदिशों की वजह से आज भी गांव में लड़के-लड़कियां छोटी उम्र में भी एक साथ नहीं खेल सकती हैं। माता-पिता का कहना है कि लड़की खेलेगी तो समाज क्या कहेगा? हमसे बस काम कराया जाता है। हालांकि गांव के कुछ शिक्षित लोगों का मानना है कि लड़कियों को भी उनका बचपन खुलकर जीने देना चाहिए। माता-पिता को अपनी लाडली का बचपन नहीं छीनना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। वहीं उनमें टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं निर्णय करने की समझ का विकास होता है।

खेलकूद पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गतिविधियों का एक मजबूत हिस्सा है। यही कारण है कि बिहार सरकार ने स्कूलों में बैगलेस डे की शुरुआत की है। खेल शिक्षकों की बहाली भी हुई है। बहुत सारी लड़कियां कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी, पहलवानी आदि के जरिए राष्ट्र का नाम भी ऊंचा कर रही हैं।

**सिमरन सहनी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## इजरायली हमलों से संरा के 24 सुविधा केंद्रों को नुकसान

**जिनेवा।** गाजा पट्टी पर गत सात अक्टूबर से इजरायली हमलों और बमबारी से फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के करीब 24 सुविधा केंद्रों को नुकसान पहुंचा है। एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि हवाई हमलों और बमबारी के परिणामस्वरूप गाजा पट्टी में यूएनआरडब्ल्यूए के 24 प्रतिष्ठानों के प्रभावित होने की पुष्टि की गई है हालांकि वास्तविक संख्या और अधिक होने की संभावना है।



# इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच ईरान ने दी दीर्घकालिक युद्ध की चेतावनी

**तेहरान/गाजा,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने सरकारी टीवी पर कहा कि इजरायल को बिना परिणाम भुगते हुए गाजा में कार्रवाई करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

■ गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते


ईरान ने क्षेत्रीय देशों और इजरायल और अमेरिका का विरोध करने वाली शक्तियों को एक प्रतिरोध मोर्चे के रूप में संदर्भित किया। श्री होसैन ने कहा, सभी विकल्प खुले हैं और हम गाजा के लोगों के खिलाफ किए गए युद्ध अपराधों के प्रति उदासीन नहीं हो सकते हैं। प्रतिरोध मोर्चा दुश्मन के साथ दीर्घकालिक



युद्ध करने में सक्षम है। जापान, सात विकसित देशों के समूह का मौजूदा अध्यक्ष, की विदेश मंत्री योको कामिकावा ने गाजा के लिए एक करोड़ डॉलर की मानवीय सहायता की घोषणा करते हुए कहा कि वह ईरान के साथ बातचीत शुरू करने के अंतिम चरण में है। पिछले सप्ताह, ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा था कि तेहरान इजरायल पर हमास के हमले में शामिल नहीं था, लेकिन उन्होंने इजरायल की अपूरणीय सैन्य तथा खुफिया हार की सराहना की। यह संकेत प्राप्त होने के बाद कि युद्ध एक नए मोर्चे पर फैल सकता है, इजरायल ने सोमवार को लेबनानी सीमा के पास दो किलोमीटर के क्षेत्र में 28 गांवों को खाली करने का आदेश दिया। इस बीच, रूस द्वारा तैयार किया गया संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव, जिसमें इजरायल और हमास के बीच युद्ध में मानवीय संघर्ष विराम का आह्वान किया गया था, सोमवार को 15 सदस्यीय निकाय में आवश्यक न्यूनतम नौ वोट पाने में विफल रहा। प्रस्ताव के पक्ष में पांच वोट पड़े, विरोध में चार वोट पड़े जबकि छह सदस्यों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। रूस ने शुक्रवार को एक पृष्ठ के मसौदे का प्रस्ताव रखा था, जिसमें बंधकों की रिहाई, मानवीय सहायता तक पहुंच और जरूरतमंद नागरिकों की सुरक्षित निकासी का आह्वान किया गया था।

## इजरायली हमलों में अब तक 2,800 से ज्यादा लोग की मौत

**रामल्लाह।** गाजा के गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस और रफा में घरों को निशाना बनाकर पूरी रात किए गए इजरायली हमले में कम से कम 49 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक यह घटना ऐसे समय हुई है जब इजरायल 23 लाख लोगों के एन्क्लेव में आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है, जिसके कारण गाजा में मानवीय संकट उत्पन्न हो गया है और ईरान के साथ व्यापक संघर्ष की आशंका उत्पन्न हो गई है। गाजा के अधिकारियों ने कहा कि 07 अक्टूबर से इजरायली हमलों में अबतक 2,800 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जिनमें लगभग एक चौथाई बच्चे हैं और 10 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं और अस्पतालों में आपूर्ति का अभाव झेल रहे हैं। इजरायल ने हमास के हमले का जवाब गाजा पर अपनी नाकाबंदी को कड़ा करके दिया है, जिसमें भोजन, पानी और ईंधन के प्रवेश को प्रतिबंधित करना और हवाई हमलों के साथ क्षेत्र पर बमबारी करना शामिल है, जिसने हजारों फिलिस्तीनियों की मौत हुई है और लाखों विस्थापित हुए हैं।



इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने आज तड़के तेल अवीव में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ घंटों बातचीत की और कहा कि राष्ट्रपति बिडेन इजरायल का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति इज़राइल से पूछेंगे कि उसे अपने लोगों की रक्षा करने के लिए क्या चाहिए क्योंकि हम उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कांग्रेस के साथ काम कर रहे हैं। श्री ब्लिंकन ने कहा कि श्री बिडेन श्री नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान इजरायल की सुरक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करेंगे और उसके युद्ध लक्ष्यों एवं रणनीति पर व्यापक जानकारी प्राप्त करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों नेता गाजा के नागरिकों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए एक योजना विकसित करने पर सहमत हुए हैं लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## इजरायल हमले में गोलीबारी के लिए फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग कर रहा


**यरुशलेम।** इजराइली सशस्त्र बलों ने कथित तौर पर मंगलवार को फॉस्फोरस हथियारों का उपयोग करके लेबनानी सीमा पर कई गांवों तथा गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों पर रात भर गोलीबारी की। ह्यूमन राइट्स वॉच ने दावा किया कि सात अक्टूबर को हमास की घुसपैठ और उसके बाद रॉकेट हमलों के बाद शत्रुता के दौरान इजरायल ने गाजा तथा लेबनान के खिलाफ सफेद फास्फोरस हथियारों का इस्तेमाल किया। पिछले मंगलवार को फिलिस्तीनी विदेश मंत्रालय ने इजरायली सशस्त्र बलों पर सफेद फास्फोरस वाले गोला-बारूद का उपयोग करने का आरोप लगाया था। वहीं संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि संगठन को इजरायल द्वारा ऐसे हथियारों के संभावित उपयोग पर किसी भी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। इस बीच गाजा में 200 से 250 इजरायली बंदी हैं। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने आज यह जानकारी दी। ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने टेलीविज़न भाषण में कहा कि समूह ने 200 कैदियों को रखा है और बाकी को गाजा पट्टी में अन्य प्रतिरोध गुटों ने पकड़ लिया है।

# बाइडेन आज करेंगे इजराइल का दौरा

**तेल अवीव,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने घोषणा की है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन बुधवार को इज़राइल का दौरा करेंगे। सीएनएन ने बताया कि 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर अभूतपूर्व हमला शुरू करने के बाद युद्धग्रस्त राष्ट्र की अपनी दूसरी यात्रा पर सोमवार को तेल अवीव पहुंचे ब्लिंकन ने यहूदी राज्य की कैबिनेट के साथ सात घंटे से अधिक लंबी बैठक के अंत में बाइडेन की यात्रा की घोषणा की।

**अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने दी जानकारी**

राज्य सचिव ने कहा, बुधवार को अपनी यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति बाइडेन इजरायल के सैन्य अभियानों के बारे में जानेंगे और इस बात पर चर्चा करेंगे कि इस दौरान नागरिक हताहतों की संख्या कम हो और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता इस तरह से मिल सके, जिससे हमास को कोई



फायदा न हो। उन्होंने कहा, बाइडेन इजरायल के साथ अमेरिका की एकजुटता और उसकी सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

सीएनएन ने राज्य सचिव के हवाले से कहा, वह इस संकट का फायदा उठाकर इजराइल पर हमला करने की कोशिश कर रहे किसी भी देश को संदेश देंगे कि वह ऐसा न करें।

व्हाइट हाउस के अनुसार, बाइडेन इज़राइल के अलावा जॉर्डन का भी दौरा करेंगे, जहां वह किंग अब्दुल्ला द्वितीय, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और फिलिस्तीनी प्राधिकरण के अध्यक्ष महमूद अब्बास से मिलेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 18 अक्टूबर, 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज आप आध्यात्मिक विचारों में ज्यादा रुचि लेंगे। गूढ़ रहस्यमय विद्याओं की तरफ विशेष आकर्षण होगा। गहरे चिंतन- मनन से अलौकिक अनुभूति होगी। वाणी पर संयम रखने से बहुत-सी गलतफहमियों से बच सकेंगे।

वृषभ -आज आपको दांपत्यजीवन का विशेष आनंद मिलेगा। आप सपरिवार किसी सामाजिक स्थान पर घूमने जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन करने का अवसर आएगा।

मिथुन -कार्य सफलता और यश-कीर्ति प्राप्त करने के लिए आज का दिन शुभ है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आर्थिक लाभ की संभावनाएं हैं।

कर्क -आज का दिन शांत रहकर गुजारने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको बेचैन करेंगी। आकस्मिक खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद के कारण मनमुटाव होंगे।

सिंह -नकारात्मक विचार हताशा पैदा करेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता अनुभव करेंगे। घर में किसी से विवाद हो सकता है। माता-पिता के साथ मतभेद होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

कन्या -आज किसी भी काम की नई शुरुआत कर सकते हैं। आपको काम में सफलता मिलेगी। आप विरोधियों को भी परास्त कर सकेंगे। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रहेंगे। आर्थिक लाभ भी होगा।

तुला -अपना जिद्दी व्यवहार छोड़कर काम करें। आपकी अनियंत्रित वाणी किसी से मनमुटाव हो सकता है। दुविधा में फंसा मन आपको किसी ठोस निर्णय पर नहीं आने देगा। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना उचित होगा।

वृश्चिक -तन-मन से खुश और प्रफुल्लित रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ उत्तम भोजन, यात्रा या मुलाकात का अवसर आएगा। जीवनसाथी के साथ आत्मीयता बढ़ेगी। आर्थिक लाभ होगा। शुभ अवसर पर बाहर जाना होगा।

धनु -आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दुःखी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

मकर -नौकरी- धंधे और व्यापार के क्षेत्र में आज का दिन लाभदायक रहेगा। मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ घूमने जाएंगे। मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मित्रों और पुत्र से लाभ होगा।

कुंभ -आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे होंगे। इससे आपको खुशी मिलेगी। नौकरी-व्यवसाय में परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। काम में सफलता मिलेगी। गृहस्थ जीवन में आनंद रहेगा। धन प्राप्ति और पदोन्नति के योग हैं।

मीन -नकारात्मक विचार आप पर हावी न हो, इसका ख्याल रखें। मानसिक अस्वस्थता से परेशानी हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों के साथ सावधानीपूर्वक काम करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1898-अमेरिका ने स्पेन से प्यूर्टो रिको को अपने कब्जे में लिया।
1922-ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन की स्थापना।
1925-उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का जन्म।
1944-द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी जर्मनी से चेकोस्लोवाकिया की स्वतंत्रता के लिये सोवियत संघ ने लड़ाई शुरु की।
1950-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता ओम पुरी का जन्म।
1972-पहले बहुद्देशीय हेलिकॉप्टर एस ए 315 का बैंगलोर में परीक्षण।
1980-पहली हिमालय कार रैली को बम्बई (मुंबई) के ब्रेबोर्न स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
1985-सम्पूर्ण विश्व में व्यापक विरोध के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी सरकार द्वारा अश्वेत कवि बेंजामिन मोलोइस को फ़ाँसी।
1991-दक्षिण पश्चिम एशिया और दक्षिणी पूर्वी यूरोप के मुहाने पर स्थित अजरबैजान ने तत्कालीन सोवियत संघ से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1995-कोलंबिया के कार्टाजेना में गुट निरपेक्ष देशों का ग्यारहवां शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
1998-भारत और पाकिस्तान आणविक ख़तरे रोकने के लिए सहमत।
2000-श्रीलंका में पहली बार विपक्षी सदस्य अनुरा भंडारनायके को संसद अध्यक्ष बनाने की सहमति।
2004-कुख्यात चंदन तस्कर वीरप्पन मारा गया।
2005-पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने नियंत्रण रेखा को भूकम्प राहत कार्य के लिए खोलने का सुझाव दिया।
2007-आठ वर्ष के बाद बेनजीर भुट्टो अपने वतन पाकिस्तान लौटीं।
2008-उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने रायबरेली की रेल कोच फैक्ट्री के लिए 189.25 करोड़ एकड़ भूमि रेल मंत्रालय को वापस की।

## पुतिन, जिनपिंग फिलिस्तीन-इजरायल संकट पर कर सकते है चर्चा

**बीजिंग,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिगपिंग बीजिंग में बैठक के दौरान फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष की स्थिति पर चर्चा कर सकते है। क्रेमलिन के प्रवक्ता द्रमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री पेस्कोव से जब यह पूछा गया कि क्या इस संघर्ष पर राष्ट्रपतियों द्वारा चर्चा की जाएगी, उन्होंने कहा निश्चित रुप से यह एक ऐसा मुद्दा है जो दुनिया के सभी नेताओं के एजेंडे में शीर्ष में है।



## थाई सरकार ने दी मंजूरी
# 90 दिन तक बिना वीजा के रह सकेंगे रूसी पर्यटक

**बैंकॉक,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। थाईलैंड के कैबिनेट ने मंगलवार को कहा कि रूसी पर्यटक अब एक नवंबर से 30 अप्रैल 2024 तक बिना वीजा के देश में 90 दिनों तक रह सकेंगे। कैबिनेट प्रोटोकॉल में कहा गया है कि रूस को उन देशों की सूची में शामिल किया गया है जिनके नागरिक पर्यटन के लिए आने पर राज्य में 90 दिनों तक रहने के लिए वीजा या अनुमति प्राप्त करने की आवश्यकता से मुक्त हो जाते हैं। दस्तावेज में कहा गया है कि यह उपाय रूसी संघ के साथ आर्थिक और विदेश नीति की बातचीत के सर्वोत्तम हित में लिया गया है जो विशेष रूप से लोगों से लोगों के संबंधों के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संबंधों का आधार हैं। सरकार ने आंतरिक मंत्रालय और आव्रजन सहित कई विभागों को संबंधित आदेशों, कानूनों तथा विनियमों में संशोधन करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा को थाईलैंड की राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों पर उपाय के प्रभाव की निगरानी करने का भी काम सौंपा गया है। एक अंतरसरकारी समझौते के तहत रूसी और थाईलैंड के पर्यटकों को 30 दिनों के लिए एक-दूसरे के देशों में वीजा-मुक्त प्रवेश का आनंद मिला।थाईलैंड के प्रधानमंत्री श्रेथा थाविसिन ने कहा कि सरकार देश में रूसी पर्यटकों के लिए वीजा-मुक्त रहने की अवधि को 30 से बढ़ाकर 90 दिन करने की योजना बना रही है।



रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99

**भारत का राजपत्र**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-11102023-249291

असाधारण

भाग II – खण्ड 3 – उप-खण्ड (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

[सं. 4216] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्तूबर 10, 2023/आश्विन 18, 1945

**रेल मंत्रालय**
(उत्तर रेलवे) (निर्माण संगठन)
**अधिसूचना**
नई दिल्ली, 10 अक्तूबर, 2023

**(इस संबंध में राजपत्र अधिसूचना 06.09.2023 को का. आ. 3968 (अ) द्वारा प्रकाशित की गई थी। जिसको कुछ लिपिकीय त्रुटियों के दृष्टिगत रद्द माना जाए। यह अधिसूचना उपरोक्त रद्द अधिसूचना के बदले में पढ़ी जाए)**

**का.आ.4387(अ)**—केन्द्रीय सरकार रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24), (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20 क की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि लोक प्रयोजन के लिए यह भूमि विकास संक्षिप्त विवरण इससे उपाबद्ध अनुसूची में दिया गया है, दिल्ली राज्य के जिला दक्षिण पश्चिम में विशेष रेल परियोजना बिजवासन के फ्राईट एवं कोचिंग टर्मिनल के विकास हेतु कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित है, इस भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त भूमि में हितबद्ध व्यक्ति, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों की अवधि के भीतर उक्त अधिनियम की धारा 20 घ की उप-धारा (1) के अधीन उपरोक्त प्रयोजन के लिए इस भूमि के अर्जन के संबंध में आक्षेप कर सकेगा।

प्रत्येक ऐसा आक्षेप, सक्षम प्राधिकारी/सक्षम प्राधिकारी भूमि अधिग्रहण, अर्थात अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दक्षिण पश्चिम को लिखित रूप में किया जाएगा और उसमें उसके आधार उपवर्णित होंगे और सक्षम प्राधिकारी, आक्षेपकर्ता को व्यक्तिगत रूप से या किसी विधि व्यवसायी के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान करेगा और सभी ऐसे आक्षेपों की सुनवाई करने तथा ऐसी और जाँच यदि कोई हो, करने के पश्चात्, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आक्षेपों को अनुज्ञात या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 20 घ की उप-धारा (2) के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अधीन आने वाली भूमि का रेखांक और अन्य विवरण उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्ति द्वारा सक्षम प्राधिकारी के उपरोक्त कार्यालय में निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**दिल्ली राज्य के दक्षिण पश्चिम जिला में विशेष रेल परियोजना अर्थात् बिजवासन में फ्राईट एवं कोचिंग टर्मिनल के विकास हेतु कार्य अर्जित की जाने वाली भूमि का संरचना सहित या उसके रहित संक्षिप्त विवरण:**

| क्र. सं. | जिला/राज्य | तहसील/तालुका | ग्राम एवं हदबस्त सं./मुस्तील | खसरा संख्या | भूमि अर्जन हेतु भूमि का क्षे. (बीघा-बिस्वा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दक्षिण पश्चिम जिला, दिल्ली | कापसहेडा | भरथल | 51//24 | 4-16 |
| 2 | | | | 52//4/2 | 1-10 |
| 3 | | | | 52//26/1 | 0-6 |
| 4 | | | | 52//4/1 | 3-0 |
| | | | | Total = | 9-12 (0.8075 hectare) |

[फा. सं. 190-W/Land/Misc/CSB-I(Kapasheda)]

3209/2023 ए. के. सिंघल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

## इंडोनेशिया में इबू ज्वालामुखी फटा

**जकार्ता,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के उत्तरी मालुकु प्रांत में इबू ज्वालामुखी मंगलवार को फट गया, जिसके बाद अधिकारियों ने स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इलाके से दूर रहने की चेतावनी जारी की। इबू ज्वालामुखी मॉनिटरिंग पोस्ट के अनुसार, दोपहर 12.42 बजे ज्वालामुखी फटा, जिससे क्रेटर से 600 मीटर दूर तक गर्म राख फैल गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी चौकी के एक अधिकारी अहमद बासुकी ने एक बयान में कहा कि ज्वालामुखी के विस्फोट से मोटी, भूरे रंग की राख का एक स्तंभ निकला। उन्होंने कहा, जो लोग बाहर निकलते हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि ज्वालामुखी की राख गिरने पर नाक, मुंह और आंखों के लिए सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। समुद्र तल से 1,377 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इबू ज्वालामुखी अब खतरे के दूसरे स्तर पर है, जो उच्चतम स्तर चार से नीचे है।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2023

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं | 17:20 | | शुक्रवार, सोमवार | 24.11.2023 से 11.12.2023 |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 25.11.2023 से 09.12.2023 |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03635 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 20.11.2023 से 08.12.2023 |
| 03636 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | गया जं | 20:45 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 21.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05557 | जयनगर | 06:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 21.11.2023 से 05.12.2023 |
| 05558 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:30 | जयनगर | 06:30 | | बुधवार | 22.11.2023 से 06.12.2023 |
| 07651 | जालना | 23:35 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 18.10.2023 से 29.11.2023 |
| 07652 | छपरा | 22:15 | पुणे | 04:00 | | शुक्रवार | 20.10.2023 से 01.12.2023 |
| 05063 | छपरा | 16:15 | लोकमान्य तिलक | 07:25 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 20.10.2023 से 24.11.2023 |
| 05064 | लोकमान्य तिलक | 12:45 | सीवान जं. | 03:15 | | रविवार | 22.10.2023 से 26.11.2023 |
| 09417 | अहमदाबाद जं | 09:10 | पटना जं | 21:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 09418 | पटना जं | 23:45 | अहमदाबाद जं | 11:20 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं. | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.10.2023 से 29.11.2023 |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:40 | | गुरूवार | 26.10.2023 से 30.11.2023 |
| 04012 | नई दिल्ली | 19:20 | दरभंगा जं | 16:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 07.11.2023 से 28.11.2023 |
| 04011 | दरभंगा जं | 18:00 | नई दिल्ली | 16:40 | | बुधवार, शनिवार | 08.11.2023 से 29.11.2023 |
| 04518 | चंडीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 02.11.2023 से 30.11.2023 |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चंडीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 03.11.2023 से 01.12.2023 |
| 04530 | भटिंडा जं | 20:55 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 05.11.2023 से 29.11.2023 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | भटिंडा जं | 19:10 | | सोमवार, गुरूवार | 06.11.2023 से 30.11.2023 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 07.11.2023 से 28.11.2023 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 08.11.2023 से 29.11.2023 |
| 04488 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 04.11.2023 से 25.11.2023 |
| 04487 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार | 05.11.2023 से 26.11.2023 |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 07.11.2023 से 28.11.2023 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 09.11.2023 से 30.11.2023 |
| 01664 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | सहरसा जं | 11:20 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01663 | सहरसा जं | 14:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 05616 | गुवाहाटी | 18:15 | उदयपुर शहर | 21:05 | साप्ताहिक | रविवार | 29.10.2023 तक |
| 05615 | उदयपुर शहर | 14:20 | गुवाहाटी | 23:30 | | बुधवार | 01.11.2023 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 07:50 | अमृतसर जं | 00:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.10.2023 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 12:45 | कटिहार जं | 03:30 | | सोमवार | 30.10.2023 तक |
| 05537 | दरभंगा जं | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.12.2023 तक |
| 05538 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.12.2023 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 29.11.2023 तक |
| 09184 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:35 | | शुक्रवार | 01.12.2023 तक |
| 09525 | ओखा | 22:00 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 09526 | नाहरलगुन | 10:00 | ओखा | 03:35 | | शनिवार | 21.10.2023 से 02.12.2023 |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05577 | सहरसा जं | 19:10 | अम्बाला कैंट जं | 23:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 से 08.12.2023 |
| 05578 | अम्बाला कैंट | 03:40 | सहरसा जं | 09:45 | | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05531 | रक्सौल जं | 22:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 26.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05532 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:00 | रक्सौल जं | 14:30 | | सोमवार | 27.11.2023 से 11.12.2023 |
| 05273 | मुजफ्फरपुर जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 22.11.2023 से 09.12.2023 |
| 05274 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:25 | मुजफ्फरपुर जं | 07:00 | | गुरूवार, रविवार | 23.11.2023 से 10.12.2023 |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 20.10.2023 से 01.12.2023 |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | शनिवार | 21.10.2023 से 02.12.2023 |
| 02575 | हैदराबाद | 21:05 | गोरखपुर | 06:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 24.11.2023 तक |
| 02576 | गोरखपुर | 08:30 | हैदराबाद | 16:20 | | रविवार | 26.11.2023 तक |
| 01053 | लोकमान्य तिलक | 12:15 | बनारस | 16:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 27.11.2023 तक |
| 01054 | बनारस | 20:30 | लोकमान्य तिलक | 23:55 | | मंगलवार | 28.11.2023 तक |
| 01431 | पुणे | 16:15 | गोरखपुर | 21:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 20.10.2023 से 01.12.2023 |
| 01432 | गोरखपुर | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 21.10.2023 से 02.12.2023 |
| 05303 | गोरखपुर | 08:30 | महबूबनगर | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 21.10.2023 से 25.11.2023 |
| 05304 | महबूबनगर | 18:00 | गोरखपुर | 09:00 | | सोमवार | 23.10.2023 से 27.11.2023 |
| 04049 | नई दिल्ली | 23:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शनिवार | 27.11.2023 तक |
| 04050 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:30 | नई दिल्ली | 06:25 | | मंगलवार, रविवार | 28.11.2023 तक |
| 04080 | नई दिल्ली | 19:20 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, गुरूवार, शनि | 06.11.2023 से 30.11.2023 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:35 | नई दिल्ली | 09:00 | | मंगल, शुक्रवार, रवि | 07.11.2023 से 01.12.2023 |
| 01654 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 22.10.2023 से 26.11.2023 |
| 01653 | वाराणसी जं | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | मंगलवार | 24.10.2023 से 28.11.2023 |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 19.10.2023 से 30.11.2023 |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 20.10.2023 से 01.12.2023 |
| 04610 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:20 | वाराणसी जं | 23:55 | 03 फेरे | शुक्रवार | 20.10.2023 |
| 04609 | वाराणसी जं | 06:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:20 | | बुधवार, रविवार | 18.10.2023 एंव 22.10.2023 |

17.10.2023 तक की स्थिति

नोट: उपरोक्त विशेष रेलगाड़ी में केवल आरक्षित स्थान ही उपलब्ध होगा। कृपया अपना स्थान पहले से सुनश्चित कर लें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# प्रादेशिकी

## पीएम मोदी के सम्मान में महिला मोर्चा का सम्मेलन 30 को

**देहरादून।** नवरात्रि के पावन पर्व पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने मंडल स्तर पर महिला सम्मेलन कर रहा है ।यह सम्मेलन 30 अक्टूबर तक सभी मंडलों में चलेगा । भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल का कहना है कि नवरात्र के पावन पर्व के मौके पर दुर्गा के नव रूपों की पूजा हो रही है। ऐसे में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में 30 अक्टूबर तक महिला सम्मेलन कर रहा है। उनका कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जो निर्णय किया है इससे महिलाएं राजनीतिक तौर पर सशक्त होंगी।

# हमारा लक्ष्य ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का है लक्ष्य : धामी

■ अमरनाथ तिवारी

- धामी ने दुबाई में किया प्रवासी भारतीयों को संबोधित
- एयरपोर्ट पर प्रवासी भारतीयों ने किया जोरदार स्वागत

**देहरादून,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। सीएम पुष्कर सिंह धामी दिसम्बर में आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अधिक से अधिक निवेशकों की भागीदारी के लिये लन्दन के बाद दुबई एवं आबूधाबी के भ्रमण पर है। दुबई एयरपोर्ट पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुबई में रह रहे समस्त प्रवासी भारतीयों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री 'इन्वेस्ट इन उत्तराखण्ड' अभियान के तहत संयुक्त अरब अमीरात में उद्योगपतियों एवं प्रवासी भारतीयों से मिले। उत्तराखण्ड में निवेश की संभावनाओं पर आयोजित बैठकों में भी मुख्यमंत्री ने प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही योग, आध्यात्मिक की भी भूमि है। उत्तराखण्ड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारी जड़े उत्तराखण्ड से जुड़ी हुई हैं। मुख्यमंत्री ने सभी प्रवासी उत्तराखण्डियों का आह्वान करते हुए कहा कि वह साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखण्ड जरूर आएँ।



इससे उनकी भावी पीढी को भी अपनी मातृभूमि से जुडने की प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारे प्रवासी भाईयों ने अपनी प्रतिभा एवं मेहनत से स्वयं के साथ अपनी मातृभूमि का भी नाम रोशन किया है। यह हम सभी के लिये सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि अपने अप्रवासी भाई-बहनों और उत्तराखंड सरकार के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने तथा उनके निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में एक उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल बनाया गया है।

## दुबई में सीएम धामी 5450 करोड़ के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन-पर्यटन, शिक्षा, इफ्रा, रियल एस्टेट से जुड़े समूहों के साथ निवेश करार

दुबई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दुबई दौरे के पहले ही दिन 5450 करोड़ रुपए के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन हुए हैं। मुख्यमंत्री धामी उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-23 हेतु दुबई गए हुए हैं। दुबई में आयोजित रोड शो में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दुबई में अभी तक विभिन्न उद्योग समूहों के साथ 5450 करोड़ के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए जा चुके हैं। जबकि कई अन्य उद्योग समूहों के साथ बैठक जारी है। आज उत्तराखण्ड सरकार एवं विभिन्न उद्योग समूहों के साथ इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए। जिनमें पर्यटन, शिक्षा, इन्फ्रा,रियल एस्टेट से जुड़े उद्योग समूहों के साथ 5450 करोड़ के निवेश पर करार किया गया। दुबई में अब तक सर बायेटेक एवं हयात इंडिया के साथ 2 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए गए। इसके अलावा कार्मिला न्यूट्रीशन टेक्नोलॉजी ग्रुप के साथ फार्मा प्रोडक्शन हेतु 950 करोड़, जीटीसी ग्रुप के साथ 800 करोड़,फ्लो कॉग्लोमिरेट समूह के साथ रियल एस्टेट, इन्फ्रा एवं पर्यटन के क्षेत्र में निवेश हेतु 500 करोड़ का एमओयू, एक्सले ग्रुप के साथ मैन्यु फैक्चरिंग सेक्टर हेतु 700 करोड़, शरफ लॉजिस्टिक के साथ 500 करोड़ के इन्वेस्टमेंट एमओयू साइन किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड में निवेश अनुकूल सिस्टम विकसित किया गया है। राज्य में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत काम हुआ है। भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय संबंध पहले से और अधिक मजबूत हुए हैं।

# सूबे में इंतकाल व निशानदेही के लंबित मामलों की फेरिस्त लगातार बढ़ी

**शिमला,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। सूबे में इंतकाल व निशानदेही के लंबित मामलों की फेरिस्त लगातार बढ़ती जा रही है। लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ने से लोगों की दिक्कतों में इजाफा हो रहा है। लोगों की दिक्कतों को भांपते हुए अब सरकार ने प्रदेश में पहली मर्तबा मुटेशन अदालतों के आयोजन का फैसला लिया है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने शिमला में पत्रकारों के साथ बातचीत में बताया कि इंतकाल व निशानदेही के लंबित मामलों के निपटारे के मकसद से हर माह तहसील स्तर पर मुटेशन अदालतें आयोजित की जाएंगी। आगामी 30 अक्तूबर से इन अदालतों की शुरूआत होगी। कुल्लू जिला को छोड़ कर बाकी जिलों में 30 व 31 अक्तूबर को मुटेशन अदालतें लगेंगी। कुल्लू जिला में मुटेशन अदालतों का आयोजन 31 अक्तूबर व एक नवंबर को होगा। मुख्यमंत्री स्वयं कुल्लू जिला में मुटेशन अदालत में उपस्थित रहेंगे।

राजस्व मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 22786 इंतकाल के मामले सालों से लंबित पड़े हुए हैं। लंबित मामलों में से 37 फीसद अकेले कांगड़ा जिला में हैं। सालों से लोग पटवार खानों, तहसीलों, डीसी ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन इंतकाल के मामले सुलझ नहीं रहे। ऐसे में अब सरकार ने मामलों के निपटारे के लिए हर माह इंतकाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है। जिला मुख्यालय व तहसील में यह दिवस मनाया जाएगा।

### जिलों में लंबित पड़े मामले

| जिला | निशानदेही | इंतकाल |
|---|---|---|
| हमीरपुर | 2683 | 752 |
| बिलासपुर | 1810 | 1145 |
| किन्नौर | 210 | 111 |
| मंडी | 3454 | 2193 |
| कांगड़ा | 5953 | 8484 |
| शिमला | 2656 | 2186 |
| सोलन | 2177 | 1556 |
| सिरमौर | 1477 | 1223 |
| कुल्लू | 1637 | 1374 |
| लाहौल | 83 | 68 |
| चंबा | 698 | 890 |
| ऊना | 3864 | 1720 |
| कांगड़ा | 350 | 778 |
| शिमला | 75 | 306 |
| **कुल** | 27127 | 22786 |

प्रदेश में 27127 निशानदेही में मामले विभिन्न राजस्व अदालतों में निपटारे के लिए लंबित हैं। सालों से इन मामलों का भी निपटारा नहीं हो पा रहा। अब सरकार निशानदेही व इंतकाल के मामलों को निपटाने के लिए हर माह इंतकाल दिवस मनाने जा रही है। कुल्लू जिला को छोड़कर सभी जिलों के मुख्यालय व तहसील कार्यालयों में यह दिवस इस महीने की 30 व 31 को मनाया जाएगा। जबकि कुल्लू में 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को होगा। यहां पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू स्वयं मौजूद रहेंगे। राज्य सचिवालय में पत्रकार वार्ता के दौरान राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि लोगों को किस तरह सुविधाएं देना है सरकार इस पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में जो जनमंच हुए वह झंडमंच बन कर रह गए। यह जनमंच केवल लंच तक ही सिमित रहे। इसमें धन का दुरुपयोग किया गया। लोगों की परेशानियां अभी तक भी वैसी की वैसी ही है।

### बिंदल मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखते रहें

जगत सिंह नेगी ने इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बिंदल मुंगेरी लाल के हसीन सपने देखते रहें। लेकिन वह यह बताए कि उन्हें स्पीकर पद से क्यों हटाया गया। वह यह भी बताए कि स्पीकर पद से हटाने के बाद जब अध्यक्ष बनाया गया तो क्यों हटाया। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास बोलने को कुछ नहीं है तो वह कुछ भी बोले जा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### खाई में गिरा वाहन, चालक की मौत

**नैनीताल।** सोमवार देर रात काकड़ीघाट के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस दुर्घटना में वाहन चालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात पुलिस चैकी खैरना के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचना मिली कि काकड़ीघाट के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस व एसडीआरएफ टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ टीम द्वारा रात्रि के घनघोर अंधेरे व अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों में वैकल्पिक मार्ग से होते हुए उक्त शव तक पहुँच बनाई तथा कड़ी मशक्कत से शव को मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन काकड़ीघाट के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलटते हुए लगभग 100 मीटर गहरी खाई में गिरने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। वाहन में सिर्फ चालक ही सवार था जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी। मृतक की पहचान पूरण सिंह बिष्ट पुत्र नेत्र सिंह बिष्ट, 38 वर्ष, निवासी पिथौरागढ़ के रूप में हुई है।

### फैक्ट्री में लगी भीषण आग, करोड़ों के अनुसार का अनुमान

**रुड़की।** देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्टरी में आग लग गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 13 टीमें आग बुझाने में लगी रही। आग इतनी भीषण थी कि कई घंटो बाद आग पर काबू पाया जा सका है। वहीं, आग से करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार देर रात सूचना मिली कि नारायण इंडस्ट्रीज रायपुर इंडस्ट्रीज एरिया भगवानपुर में भीषण आग लगी है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रभारी भगवानपुर एवं प्रभारी रुड़की के नेतृत्व में तीन गाड़ियों ने अग्निशमन कार्य प्रारंभ किया। सीएफओ हरिद्वार अभिनव त्यागी भी मौके पर पहुँचे, परंतु आग को बढ़ते हुए देखकर मायापुर से 2 गाड़ियां एवं लक्सर एवं देहरादून से दो गाड़ियां एवं सहारनपुर से दो गाड़ियां मौके पर मंगाई गई। आग इतनी भयावह थी कि कई लाख लीटर पानी एवं कई सौ लीटर फोम के इस्तेमाल के बाद भी आग पर काबू पाया जाना बहुत कठिन था। नजदीकी गोदरेज इंडस्ट्रीज की तरफ इस आग को बढ़ता देखकर फायर सर्विस ने तत्परता से आग पर काबू पाया एवं नारायण इंडस्ट्री के एक हिस्से में ही आग को चारों तरफ से घेरकर बुझाया गया जिसमें करीब 7-8 घंटे का समय लगा। फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई से आस पास मौजूद पचासों फैक्ट्रियों में आग फैलने से रोका गया तथा कई सौ करोड़ के नुकसान को टाला गया। प्राथमिक जाँच में पाया गया है कि इंडस्ट्री के अंदर बल्ब एवं ट्यूबलाइट का काम संचालित था तथा प्रीतम इंडस्ट्रीज का वेयरहाउस भी मौजूद था। आग लगने का कारणों का अभी पता नहीं लग सका है परंतु सुरक्षा के प्रति लापरवाही कितना घातक साबित हो सकती है यह इस बात से सिद्ध है कि अगर घटना पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो पूरा रायपुर इंडस्ट्रियल क्षेत्र आग का शिकार हो सकता था। इस दौरान मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण स्वप्न किशोर सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अभिनव त्यागी, क्षेत्राधिकारी मंगलौर बी एस चैहान, प्रभारी अधिकारी फायर यूनिट भगवानपुर अग्निशमन द्वितीय अधिकारी केशव दत्त तिवारी मौके पर मौजूद रहे।

# जलाने की लकड़ी, फ्यूल वुड पर मिलने वाली सब्सिडी को फिर से बहाल करने को लेकर प्रदेश सरकार से बात करने का आश्वासन

**शिमला,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने जनजातीय क्षेत्र पांगी में सभी लोगों के लिये जलाने की लकड़ी,फ्यूल वुड पर मिलने वाली सब्सिडी को फिर से बहाल करने को लेकर प्रदेश सरकार से बात करने का आश्वासन लोगों को दिया है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में अधिकारियों व कर्मचारियों की कमी पूरी करने के लिये इनको मिलने वाली प्रोत्साहन राशि, जनजातीय भत्ता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि प्राय: देखा गया है कि कठिन भूगोलिक परिस्थितियों के चलते प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में स्थानांतरित अधिकारी व कर्मचारी अपनी सेवाएं देने से बचने का प्रयास करते है,इसलिए इन्हें इन क्षेत्रों में सेवाएं देने के लिये प्रोत्साहन के साथ साथ इनका विशेष जनजातीय भत्ता बढ़ाएं जाने की बहुत आवश्यकता है। प्रतिभा सिंह ने आज यहां कहा कि वह अपने संसदीय क्षेत्र मण्डी के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के भरमौर विधानसभा क्षेत्र के किलाड़ का दो दिवसीय दौरा करके वापिस लौटी है। उन्होंने कहा कि उदयपुर से किलाड़ सड़क जो सीमा सड़क संगठन के पास है उसको जल्द पक्का करने व इसके सुधार का मामला भी सीमा सड़क संगठन के उच्च अधिकारियों के साथ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बर्फबारी की बजह से यहां आने जाने वाले लोगों को सड़क सपर्क टूटने की बजह से भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है इसलिए यहां के लोगों की मांग पर चैहणी पास में प्रस्तावित सुरंग निर्माण का मामला भी केंद्र सरकार से उठाया जाएगा,जिससे यह क्षेत्र पूरे साल सड़क सम्पर्क से जुड़ा रहें।



# हाईकोर्ट ने नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को किया निलंबित

- वित्तीय अनियमितता पर पालिकाध्यक्ष के अधिकार सीज
- रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में बनाई जांच कमेटी
- सीएस को 10 दिन में जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए आदेश

**नैनीताल,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल फ्लैट मैदान में नियम विरुद्ध लगे झूलों को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल पालिकाध्यक्ष के अधिकार सीज करते हुए अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज न्यायमूर्ति इरशाद हुसैन की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर इन अनियमितताओं की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही प्रदेश के मुख्य सचिव से भी जांच कर रिपोर्ट दस दिन में कोर्ट में पेश करने को कहा है। कोर्ट ने अधिशासी अधिकारी को 50 हजार रुपये की राशि याचिकाकर्ता रमेश सजवाण को भुगतान करने के भी निर्देश दिए हैं। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। कोर्ट के आदेश पर पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी व अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल मंगलवार को भी कोर्ट में हाजिर हुए थे।



मामले के अनुसार, फ्लैट में झूलों का टेंडर नगरपालिका नैनीताल ने 1 अक्टूबर से 5 नवंबर तक के लिए देहरादून के रमेश सजवाण को करीब 6.75 लाख रुपए में दिया था। इस दौरान किसन पाल भारद्वाज ने भी आवेदन किया था। जिसे पालिका द्वारा निरस्त कर दिया। पालिका ने यह प्रक्रिया बिना निविदा आमंत्रित किए ही कर दी थी। जिसे किसन भारद्वाज ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

### क्या है पूरा मामला ?

नैनीताल। इस मामले में 10 अक्टूबर को मुख्य न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए नगर पालिका नैनीताल को उसी दिन झूले हटाने के निर्देश दिए थे और आज 12 अक्टूबर को कोर्ट के आदेश का पालन करने की रिपोर्ट पेश करने को कहा था। लेकिन फ्लैट से झूलों को 12 अक्टूबर तक भी पूरी तरह नहीं हटाया गया था। जिस पर कोर्ट ने पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी व अधिशासी अधिकारी को कोर्ट में तलब किया। साथ ही उन्हें नियमविरुद्ध झूले संचालन करने पर कड़ी फटकार लगाई और उन्हें कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने खेल मैदान में 6 हफ्ते तक व्यवसायिक गतिविधियां करने की अनुमति देने पर गंभीर रुख अपनाते हुए इसका स्वत: संज्ञान लेते हुए इसे जनहित याचिका के रूप में पंजीकृत किया। खंडपीठ ने इस पूरे मामले में वित्तीय अनियमितताएं होने का संज्ञान लिया है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच के निर्देश डटे हैं।

# प्रदेश में 11 ईको-टूरिज्म स्थल चिन्हित: सुक्खू

## एक हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित होंगी पर्यटन गतिविधियां

**शिमला,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में ईको-टूरिज्म पर्यटन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित कर रही है और इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित की जा रही है। यह बात मुख्यमंत्री ने सोमवार सायं यहां हिमाचल प्रदेश ईको-टूरिज्म सोसाइटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण वन क्षेत्रों में 11 ईको-पर्यटन स्थल चिन्हित किए गए हैं। इनमें पालमपुर वन मंडल में स्वार, सौरभ वन विहार, न्यूगल पार्क, बीड़-बिलिंग, पार्वती वन मंडल में कसोल, खीर गंगा व सुमारूपा, सिराज में सोझा, कोटगढ़ में नारकंडा और शिमला वन मंडल के तहत शोघी कैंपिंग स्थल व पोटर हिल कैंपिंग स्थल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ईको-पर्यटन स्थल एक हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होगा। आउटसोर्सिंग के माध्यम से विकसित व संचालित किए जाने वाले इन स्थलों के लिए आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति ने हिमाचल को अलौकिक सौंदर्य से नवाजा है और हिमाचल की मनभावन वादियां देश-विदेश से सैलानियों को आकर्षित करती हैं। उन्होंने कहा कि ईको-पर्यटन को प्रोत्साहित करने से राज्य में पर्यटकों की आमद बढ़ेगी और राजस्व में भी इजाफा होगा तथा प्रदेश में रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में अन्य स्थानों पर भी ईको-पर्यटन स्थल चिन्हित कर उन्हें पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा।

बैठक में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार व संजय अवस्थी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, सचिव वन अमनदीप गर्ग, प्रधान मुख्य अरण्यपाल वन राजीव कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान निजी सचिव विवेक भाटिया व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आपदा में राज्य सरकार के प्रयासों को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने सराहा

शिमला। हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष मॉनसून सीजन में भारी बारिश, भू-स्खलन तथा बाढ़ से आई आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों के तहत बेहतरीन नेतृत्व प्रदान के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने भी सराहा है। उन्हें सशक्त राजनीतिक नेतृत्व तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ कर जनहित और जन कल्याण के लिए 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। वर्ल्ड बुक आफ रिकॉर्ड्स के अधिकारियों सुमित सिंगला और जसवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को यह सम्मान प्रदान किया। इससे पहले वर्ल्ड बैंक और नीति आयोग ने भी आपदा के दौरान बेहतर राहत एवं बचाव कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों की प्रशंसा की है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फंसे हुए लोगों की मदद के लिए आपदा के बीच 72 घंटे रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का नेतृत्व किया। उनके मार्गदर्शन में 75 हजार पर्यटकों और 15 हजार गाड़ियों को प्रदेश से सुरक्षित निकाला गया। इसके साथ-साथ 48 घंटे की छोटी सी अवधि के दौरान बिजली, पानी और संचार सेवाओं जैसी आवश्यक को अस्थाई तौर पर बहाल कर दिया गया, जिससे स्थिति सामान्य हुई तथा लोगों को राहत मिली। मुख्यमंत्री स्वयं ग्राउंड जीरो पर रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी कर अधिकारियों को उचित निर्देश देते रहे।

# उत्तराखंड में विश्वकर्मा योजना से ओबीसी को साधने में जुटी भाजपा

**सांसद लॉकेट चटर्जी ने कार्यकर्ताओं को दिए गुरु मंत्र**

**हल्द्वानी,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। नैनीताल जिले के हल्द्वानी शहर में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और पश्चिम बंगाल से सांसद लॉकेट चटर्जी ने शिरकत की। इस दौरान ओबीसी मोर्चे के पदाधिकारियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च की गई विश्वकर्मा योजना का लाभ आम जन तक पहुंचाने की अपील की गई। इसके लिए पार्टी पदाधिकारियों को लोगों के बीच जाकर योजनाओं की जानकारी देने और पात्र लोगों तक लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग के लोगों के बारे में सोचते हैं। यही वजह है कि उन्होंने विश्वकर्मा योजना लॉन्च की, जिसमें गरीब कामगार लोगों को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। विश्वकर्मा योजना की प्रभारी सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा कि बड़े पैमाने पर गरीब और स्वरोजगार कर आत्म सम्मान से जीने वाले लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। सांसद लॉकेट चटर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतने का दावा किया है। महेंद्र भट्ट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा योजना पिछड़ा और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लोगों तक पहुंचने के लिए सुदृढ़ योजना बन रही है। विश्वकर्मा योजना से पारंपरिक पेशे से जुड़े लोग और कारीगर लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में विश्वकर्मा जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी।

# प्राकृतिक खेती का प्रचलन बदलने का प्रयास केवल इसलिए क्योंकि यह जयराम सरकार की पहल

**शिमला,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल के कृषि मंत्री का बयान आया है कि हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती का काम बंद कर दिया जाएगा और पुराने प्राकृतिक खेती प्रणाली की तरफ फिर से कार्य शुरू किया जाएगा। यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण है, हमें ऐसा लगता है कि (प्राकृतिक) खेती का कार्य पूर्व की जयराम ठाकुर सरकार ने हिमाचल प्रदेश में शुरू किया था। शायद यह ही कांग्रेस हैं। वर्तमान सरकार इस फैसले को बदलना चाहती है, जहां पूरे देश भर में प्राकृतिक खेती का कार्य तेजी से बढ़ रहा है, वहीं हिमाचल प्रदेश में ऐसा नकारात्मक कदम उठाकर इस उत्तम कार्य को यह सरकार पीछे की ओर धकेलना चाहती है। हमारे पूर्व में रहे राज्यपाल ने भी इस कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया था। जिसका प्रचार आज गुजरात और दक्षिण भारत में किया गया है। आज पूरे विश्व के वैज्ञानिकों का भी यह मानना है कि प्राकृतिक खेती से आम जनमानस को स्वास्थ्य लाभ मिलता है। आम खेती में हम केमिकल, पेस्टीसाइड, यूरिया कीटनाशक का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकार को इस जनहित के विषय को लेकर गंभीर चिंतन करना चाहिए।

डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि 2022 के चुनावों में जिला पंचायतीराज कर्मचारियों के साथ कांग्रेस के नेता भाषण दे रहे थे, कि सरकार बनते ही उनकी सभी समस्याओं का समाधान कर देंगे और वह भी चुटकी बजाकर।

# भ्रष्टाचार व अन्य मामलों की हो जांच समयबद्धता से पूरी जांच: राधा रातूड़ी

## एसीएस ने ली 1064 पर प्राप्त हुई भ्रष्टाचार की शिकायतों पर समीक्षा बैठक

- विभाग शिकायतों के स्थायी समाधान के लिए संस्थागत सुधार करें
- राज्य गठन के बाद से अब तक राज्य में कुल 252 हुए ट्रैप

**देहरादून,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। अपर मुख्य सचिव गृह राधा रतूड़ी ने सतर्कता विभाग को भ्रष्टाचार व अन्य महत्वपूर्ण केसो की जांच समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के दौरान एसीएस ने टोल फ्री नम्बर 1064 पर प्राप्त भ्रष्टाचार से सम्बन्धित शिकायतों का विभागवार विश्लेषण करके अधिक शिकायतों वालों विभागों की जानकारी कार्मिक विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय को नियमित रूप से भेजने के निर्देश दिए हैं। कार्मिक विभाग ऐसे विभागों की कार्य संस्कृति सुधारने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।



एसीएस रतूड़ी ने सीएम हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1905 पर प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु आईटी के अधिकाधिक प्रयोग करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जन शिकायतों के स्थायी समाधान के लिए संस्थागत सुधार का मार्ग अपनाये। अपर मुख्य सचिव ने सतर्कता विभाग को भ्रष्टाचार व अन्य महत्वपूर्ण संवेदनशील केसो की जांच के लिए स्पेशलाइज्ड कमेटी गठन के निर्देश दिए, इस कमेटी में मामले से सम्बन्धित सभी टेकनीकल विशेषज्ञ होंगे जो समयबद्धता से केसों की जांच सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सतर्कता विभाग को उत्तराखण्ड सचिवालय में कार्मिकों के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के सम्बन्ध में कार्यशाला आयोजित करने के भी निर्देश दिए हैं। एसीएस श्रीमती रतूड़ी ने राज्य की विभिन्न जांच एजेन्सियों के मध्य सूचनाओं के आदान प्रदान एवं प्रभावी समन्वय के लिए गृह विभाग के अनुरक्षण में नियमित बैठकों के आयोजन के लिए निर्देश दिए हैं।

बैठक में सतर्कता विभाग की और से जानकारी दी गई कि राज्य गठन के बाद से अब तक राज्य में कुल 252 ट्रैप हुए हैं। राज्य गठन के बाद से वर्तमान तक कुल 59 केसों में सजा हो चुकी है।

# प्रादेशिकी

## अखिल भारतीय किसान मेला व कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**मेरठ,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारम्भ राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने किया। इस अवसर पर विधायक मेरठ शहर रफीक अंसारी, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, कुलपति चौ. चरण सिंह विवि संगीता शुक्ला, प्रबन्ध परिषद के सदस्य मनोहर सिंह तोमर, विषय विशेषज्ञ, अन्य संबंधित अधिकारी, पदक विजेता सुश्री पारूल चौधरी, किरन बालियान, छात्र-छात्राएं, उद्यमी महिलाएं व किसान मौजूद रहे। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आज की स्थिति बदल गई है अब गरीब घरों और किसानों की बेटियां खेल के मैदान में आगे बढ रही हैं। खेल के क्षेत्र में इस बार हमारी बेटियों ने एशियन गेम्स में इतिहास बनाया हैं।

# विकास संबंधी समस्या हो निस्तारित : केशव मौर्य

## उप मुख्यमंत्री ने विकास अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र को किया संबोधित

**लखनऊ,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी पूरी निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। केशव प्रसाद मौर्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में आयोजित खंड विकास अधिकारियों के 15 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि खंड विकास अधिकारी विकास की हर योजना के केंद्र में रहते हैं। खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को आदर्श ब्लॉक बनाएं। अपने ब्लॉक क्षेत्र की विकास से संबंधित हर समस्या का समाधान करें। अपनी कलम और वाणी की ताकत से ग्रामीण जनता को सामाजिक सरोकारों से जोड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी लाभार्थियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण व स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर विशेष रूप से फोकस करें। 2047 तक भारत को हर हाल में विकसित देश बनाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक शुक्रवार को प्रत्येक ब्लॉक की 2 ग्राम पंचायतों में हो रही



**खण्ड विकास अधिकारी अपने ब्लॉक को बनाएं आदर्श ब्लॉक : केशव प्रसाद मौर्य**

ग्राम चौपालों का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराया जाए। अधिकारी अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों को भी समझें। सरकार की मंशा और जन भावनाओं के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

खण्ड विकास अधिकारी अपनी पूरी प्रतिभा दिखाते हुए नवाचार करके दिखाएं। कहा कि खण्ड विकास अधिकारी अपने विकास खण्ड की 10-10 सबसे पिछड़ी ग्राम पंचायतों का चयन करके वहां पर विशेष रूप से फोकस करें और उन्हें उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम सभाओ की बराबरी पर लाएं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त विकास खण्ड बनाने का संकल्प लेकर जांय। विकास के नए प्रतिमान स्थापित करें। नया माडल बनाएं। अमृत सरोवरो, अमृत वाटिकाओं को दर्शनीय बनाएं। ताकि आने वाली पीढ़ियां आपको याद करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में यदि किसी पात्र को कोई कर्मचारी या सम्बंधित अपात्र करेगा, तो बहुत सख्त कार्यवाही की जाए। गांवों में ऐसा काम करें कि आपके काम की चर्चा मन की बात में होने लगे। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय से ही भारत उदय होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों में क्षमता संवर्धन और सभी आवश्यक नियमों व कानूनों की जानकारी दी जा रही है ,जो बहुत ही सराहनीय उन्होंने कहा प्रशिक्षण अपने उद्देश्यों में कामयाब हो रहा है और बेहतर से बेहतर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्थान का अपना विशेष महत्व है।

उन्होंने कहा कि देश आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गया और तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है ।हम सबको मिलकर अच्छा से अच्छा परिणाम देना है। योजनाओं को धरातल पर उतारने में भी खंड विकास अधिकारी भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खण्ड विकास अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें अधिकारी

खंड विकास अधिकारी गांव और गरीब के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारें। प्रधानमंत्री के विजन और मुख्यमंत्री की अगुवाई में चलाए जा रहे विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाएं। डबल इंजन सरकार में विकास का अनुकूल वातावरण बना है। विकास युक्त, भ्रष्टाचार मुक्त अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश बनाना है। उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना है। खण्ड विकास अधिकारी लक्ष्य तय करें, रणनीति बनाएं, मन से काम करें कामयाबी जरूर मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में जहां खण्ड विकास अधिकारियों में नयी ऊर्जा व नए उत्साह का संचार किया, वहीं देश व समाज के प्रति उनके दायित्वों का बोध भी कराया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर ग्राम, बनेंगे, तभी आत्मनिर्भर ब्लॉक बनेंगे, तभी उत्तर प्रदेश और भारत आत्मनिर्भर बनेगा।

# मोटे अनाजों पर काम करने वाले किसानों का सम्मान करेगी उप्र सरकार

**लखनऊ,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। योगी सरकार श्रीअन्न यानी मोटे अनाजों (मिलेट्स) पर काम करने वाले किसानों का सम्मान करेगी। योगी सरकार मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत किसानों को प्रोत्साहित भी कर रही है। इसी क्रम में कृषि कुंभ 2.0 के पूर्व 27 से 29 अक्टूबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव व राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला होगी। सीएम योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे। पहले दिन छह मंडल, दूसरे दिन पांच मंडल व तीसरे दिन सात मंडल के किसान इसमें हिस्सा लेंगे। साथ ही इसमें कृषि विश्वविद्यालयों व दो कॉलेज के शिक्षक-बच्चे भी हिस्सा लेंगे। त्रिदिवसीय महोत्सव के जरिए योगी सरकार प्रगतिशील किसानों को जहां सम्मानित करेगी, वहीं मिलेट्स उत्पादों के लिए अन्य किसानों को प्रेरित भी करेगी। सरकार महोत्सव के माध्यम से मिलेट्स फसलों के उत्पादन, उपभोग, विपणन, निर्यात आदि के बारे में भी जागरूक करेगी। सम्मेलन में हर मंडल के प्रत्येक जनपद से 50 प्रगतिशील किसान, कृषक उत्पादक संगठन के 10 प्रतिनिधि व 10 प्राविधिक सहायक हिस्सा



- **मुख्यमंत्री की पहल पर 27 से 29 अक्टूबर तक चलेगा श्रीअन्न महोत्सव**
- **पहले दिन छह, दूसरे दिन पांच और आखिरी दिन सात मंडल के प्रगतिशील किसान होंगे शामिल**

लेंगे। राज्य स्तरीय कार्यशाला में 35 एफपीओ को सीड मनी के लिए प्रमाण पत्र दिया जाएगा। सीएम हर एफपीओ को प्रति इकाई 4 लाख रुपए प्रदान करेंगे। साथ ही मिलेट्स आधारित प्रसंस्करण संयंत्र लगाने वाली सरकारी संस्थाओं को भी अनुदान राशि दी जाएगी। यहां श्रीअन्न के उत्पादों के 40 स्टॉल भी लगेंगे।

### पहले दिन लखनऊ तो आखिरी दिन गोरखपुर के किसान करेंगे प्रतिभाग

त्रिदिवसीय श्रीअन्न महोत्सव में सभी 18 मंडल के किसान हिस्सा लेंगे। लखनऊ समेत छह मंडल के किसान पहले दिन तो गोरखपुर समेत 7 मंडल के किसान आखिरी दिन यहां प्रतिभाग करेंगे। 27 अक्टूबर को लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, बस्ती, आजमगढ़ व देवीपाटन मंडल। 28 अक्टूबर को सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, आगरा व मुरादाबाद। 29 अक्टूबर को गोरखपुर, बरेली, वाराणसी, झांसी, चित्रकूट, प्रयागराज व मीरजापुर।

## सार संक्षेप

### सरकारी की शिक्षा प्रणाली की मशा को लग रहा पलीता

**मवाना/हस्तिनापुर।** सरकारी विद्यालयों में शिक्षक शिक्षिकाएं समय से नहीं पहुंच रहे हैं। स्कूलों के बाहर बच्चे शिक्षकों का इंतजार करके घर वापस लौट जाते हैं। शिक्षकों की मनमानी के चलते स्कूली बच्चों का भविष्य अंधकार खोता जा रहा है। खघस तौर से प्राथमिक विद्यालय के बाहर स्कूली बच्चे अपने शिक्षकों का इंतजार करते हुए देखे जा सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नित नए प्रयास किए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं. मगर सरकार की शिक्षा प्रणाली की मंशा को शिक्षा विभाग के शिक्षक पलीता लगा रहे हैं. बाह ब्लॉक क्षेत्र के ज्यादातर विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी देखी जा सकती है। खादर क्षेत्र के स्कूलों को भम्रण किया तो अध्यापकों के समय पर स्कूल ना पहुचनें की हकीकत नजर आई। लगभग 9 बजें प्राथमिक विद्यालय झडाका पहुची तो स्कूल के मैन गेट से लेकर कमरों तक ताले लटके थे। टीम के सदस्यों ने जब ग्रामीणों से बात की तो ग्रामीणो ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि अध्यापकों को स्कूल में लेट पहुंचना आम बात है जिसके चलते स्कूलों में बच्चों की संख्या भी कम है।

### एशियन गोल्ड मेडलिस्ट अनु रानी का किया स्वागत

**मवाना।** मेरठ-पौड़ी मार्ग स्थित रुद्रा इंटरनेशनल मंगलवार को एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन करने वाली खिलाडी अनु रानी का जोरदार स्वागत किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं ने अनु रानी को तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। गोल्ड मेडलिस्ट अनु रानी ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों को खेलों के प्रती प्रोत्साहित किया और उन्हें बताया की खेलो के माध्यम से भी हम जीवन में बुलंदियों को छू सकते हैं और अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। अनु रानी को अपने बीच पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने स्वागत ताल के साथ अनु रानी का स्वागत किया और खेलों से सम्बन्धित प्रश्नों पर अनु रानी से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर शिवानी सिंह, एडमिशन और मार्केटिंग हैड सुमित काकरान, स्पोर्टस ऑफीसर लक्ष्मीकांत शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी अनुज नागर, एडमिन हैड मुकुल शर्मा, प्रधान लेखाकार संदीप कुमार ने गोल्ड मेडलिस्ट अनु रानी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। प्रधानाचार्या ने अपना कीमती समय देने के लिए अनु रानी का आभार व्यक्त किया और बच्चों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### शोभित विवि मेरठ की एनसीसी को मिला उत्कृष्ट स्थान

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय में संचालित 70 यूपी बटालियन एनसीसी सीनियर डिवीजन मेरठ की इकाई का बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज मग्गो द्वारा परफॉर्मेंस ऑडिट में सभी मानकों के आधार पर शोभित विश्वविद्यालय मेरठ की एनसीसी इकाई को उत्कृष्ट श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.जयानंद ने विश्वविद्यालय के एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.कुलदीप कुमार एवं विश्वविद्यालय के एनसीसी के छात्रों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

# बसपा नेता अनुपम दुबे के होटल पर चला बुलडोजर

**फर्रुखाबाद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। बसपा नेता भूमि माफिया एवं गैंगस्टर में जेल में बद डॉक्टर अनुपम दुबे के ठंडी सड़क स्थित होटल गुरु शरणम 20 करोड़ में योगी का बुलडोजर गरज रहा है। होटल के धस्तीकरण के जिला प्रशासन के आदेश के बाद सुबह से ही पुलिस प्रशासन ने होटल के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी तक वेरीगेटिंग लगा रखी थी। मीडियाकर्मियों को भी होटल के पास जाने से रोक दिया गया। होटल के धस्तीकरण की जानकारी पर पहुंची बसपा नेता डॉक्टर अनुपम दुबे की पत्नी मीनाक्षी दुबे ने बताया कि हाईकोर्ट से रोक काऑर्डर हो गया है जिला प्रशासन के पास आप आ गया होगा जिला प्रशासन ने बताया की ऐसी कोई भी सूचना मेरे पास नहीं आई। अपर जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति ने बताया हाईकोर्ट का कोई भी आदेश मेरे कार्यालय में नहीं आया। जबकि मीनाक्षी दुबे को होटल के पास जाने से पुलिस प्रशासन ने रोक दिया यही नहीं प्रशासन ने मीडिया को भी कवरेज के लिए होटल तक जाने नहीं दिया गया। बताते हैं कि डॉक्टर अनुपम दुबे का होटल कब्रिस्तान एवं तालाब की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करके बनाया गया था। पूर्व नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव में होटल गिरने का आदेश पहले ही कर दिया था। कानूनी पेच के कारण आधार में लटक गया था।



# साबुन फैक्ट्री में दो धमाके, चार की मौत

**मेरठ,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार की सुबह लोहिनगर थाना क्षेत्र के एक मकान में दो विस्फोट हुए। धमाका इतना जोरदार था कि 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि करीब 10 मजदूर मलबे में दब गए। जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आसपास के कई मकान भी धमाके से प्रभावित हुए और क्षतिग्रस्त होग गए। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बयान जारी कर कहा कि मौके साबुन का स्टॉक व कुछ मशीने मिली हैं।

पटाखों की सूचना को खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टि में अभी साबुल पैकेजिंग की बात सामने आई है। अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही अन्य कारणों को बताया जा सकेगा। वहीं बिल्डंग के किराएदार को पकड़ने के लिए पुलिस ने दबिश दी। आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। आईजी नचिकेत झा व उर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर भी मौके पर पहुंचे। सीएम ने भी घटना का संज्ञान लिया है। हादसे के बाद कांग्रेस ने ट्वीट कर सरकार से घायलों के बेहतर इलाज के लिए आह्वान किया। लोहिया नगर क्षेत्र की एक बिल्डिंग में साबुन फैक्ट्री है। मंगलवार सुबह यहां 14 मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान बिल्डिंग में अचानक 30 मिनट के अंतराल में दो धमाके हुए। जिससे पूरी बिल्डिंग धराशाई हो गई और 5 लोगों की मौत हो गई। अन्य 10 घायल है जिनको गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में सभी पुरूष बताए जा रहे हैं।



- **जोरदार धमाके से कई मकान क्षतिग्रस्त**
- **साबुन फैक्ट्री में धमाका बता रहा प्रशासन**

### मलबे में गत्तों के अन्दर रखे पटाखे मिले

साबुन फैक्ट्री की आड़ में पटाखे बनाने का शक है। मलबा में मिले गत्तों में पटाखे भी मिले हैं। जिसको फायर सेफ्टी वालों ने बतौर सबूत जब्त किया है। पूरे धमाके को प्रशासन बार-बार साबुन फैक्ट्री में धमाका बता रहा है। आस-पास के लोगों का कहना है कि यहां पटाखे बनाए जाते हैं। मौके से मिले प्लास्टिक खोखे और पैकिंग रैपर्स भी पटाखों वाले लग रहे हैं।

# धूमधाम के साथ निकाली गई श्रीराम विवाह शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला मंडल सरस्वती भवन रेलवे रोड पर भगवान श्री राम विवाह शोभा यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई शोभा यात्रा के समय बरसात बरसात में व्यवधान डाल दिया शोभा यात्रा देखने आए लोगों में बरसात से भगदड़ मच गई। बरसात बंद होने के बाद शोभा यात्रा निकल गई। शोभा यात्रा में सर्वप्रथम विघ्न हरण मंगल करण भगवान श्री गणेश मां दुर्गा सरस्वती राधा कृष्ण विष्णु लक्ष्मी शनिदेव महाराज परशुराम विश्वामित्र लड्डू गोपाल हनुमान काली का अखाड़ा परशुराम राजा दशरथ की मनमोहक झांकियां के बाद भगवान श्री राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न चारों भाई अलग-अलग राथ पर विराजमान थे।



श्री राम बारात शोभा यात्रा के समय अचानक आई बरसात से शोभा यात्रा देखने आए लोगों में भगदड़ मच गई एक समय कमेटी के लोगों के चेहरों पर बरसात के समय हवाइयां उड़ गई । बरसात रुकने के बाद मंडल के पदाधिकारी में रौनक लौटी।

# मैहर माता का रहस्य, मंदिर खुलने से पहले हो जाती है पूजा

■ **स्वामीनाथ शुक्ल**

**मैहर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मैहर माता का मंदिर खुलने से पहले शारदा माता की पूजा हो जाती है। मंदिर खुलने से पहले अंदर से घंटी बजने की आवाज सुनाई पड़ती है। इस रहस्य का पता लगाने के लिए बैज्ञानिकों की टीम भी गई थी। लेकिन किसी नतीजे पर नहीं पहुंची थी।

जिससे बैज्ञानिकों की टीम वापस लौट गई थी। इस मंदिर से आल्हा-ऊदल का इतिहास भी जुड़ा है। मंदिर के इतिहास में और धार्मिक पन्नों में लिखा है कि राजा दक्ष की पुत्री का विवाह भगवान शिव से हुआ था। एक बार राजा दक्ष बहुत बड़ी यज्ञ का अनुष्ठान किए थे। अनुष्ठान में सभी को निमंत्रण पत्र भेजा गया था। लेकिन राजा दक्ष बेटी और दामाद को निमंत्रण नहीं दिए थे। लेकिन पिता के अनुष्ठान की भनक लगने के बाद बेटी बिना बुलाए पहुंच गई थी। जिससे राजा दक्ष बेटी को देखकर बहुत क्रोधित हो गए थे। गुस्से में बेटी और भगवान शिव दोनों का बहुत अपमान कर दिए थे। पिता के अपमान से आहत बेटी सती हो गई थी। माता सती के अपमान की जानकारी होने पर भगवान शिव बहुत क्रोधित हो गए थे। जिससे सती के शव को कंधे पर रखकर तांडव नृत्य करने लगे थे। भगवान शिव के गुस्से वाले तांडव नृत्य से चारों तरफ प्रलय आ गई थी। इस प्रलय से संसार को बचाने के लिए भगवान विष्णु ने सती के पुनर्जन्म और भगवान शिव के तांडव नृत्य को रोकने के लिए सती के शरीर को सुदर्शन से काटकर 52 टुकड़े कर दिए थे। मान्यता है कि माता सती के टुकड़े और आभूषण जहां जहां गिरे हुए थे। वही स्थान पवित्र होकर 52 शक्तिपीठ बन गए। मैहर माता भी एक शक्तिपीठ माना जाता है। मैहर में माता सती के गले का हार गिरा था। जिससे इसका नाम मैहर माता हो गया था।

मैहर का अर्थ मां के हार से जुड़ा है। मैहर में शारदा माता का मंदिर मध्य प्रदेश के सतना जिले में है। मंदिर हिंदुओं के आस्था का केंद्र माना जाता है। मंदिर का रहस्य किसी से छिपा नहीं हैं। कहा जाता है कि मंदिर खुलने से पहले ही माता शारदा की पूजा हो जाती है। शारदा माता का मंदिर त्रिकूट पर्वत पर है। इसकी ऊंचाई 600 फिट है। मंदिर में जाने के लिए भक्तों को 1001 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। मान्यता है कि आल्हा ने यहां 12 वर्ष तपस्या की थी।

# मवाना व सठला में न हो जाए कहीं धमाका !

**मवाना,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंगलवार को लोहिया नगर साबुन गोदाम में हुए जबरदस्त धमाकों में चार लोगों की मौके पर मौत एवं दर्जनभर घायल हुए लोगों पर उच्चाधिकारियों ने स्थानीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि गत एक महीने पहले थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सठला में दो बार पटाखा विस्फोट होने से पटाखघ तस्करों का चेहरा बेनकाब हो गया था लेकिन गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई थी। एसडीएम अखिलेश यादव एवं सीओ आशीष शर्मा के नेतृत्व में चलाए गए ऑपरेशन में पटाखा तस्करों पर नकेल कस भारी मात्रा में पटाखों को जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। लोहिया नगर अंतर्गत आने वाले साबुन गोदाम में हुए जबरदस्त धमाके में चार लोगों की दर्दनाक मौत होने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।



**स्थानीय पुलिस को अलर्ट रहने के निर्देश**




**मेरठ कॉलेज के एम.ए. फिलासफी (दर्शनशास्त्र) 2021- 22 में टॉप करने पर विभागाध्यक्ष अनीता मलिक द्वारा छात्र भूपेंद्र कुमार को सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी व ढाई हजार का चैक देकर भूपेन्द्र को पुरस्कृत किया गया। भूपेन्द्र कुमार उन्नाव में सब-इंस्पेक्टर पद की ट्रेनिंग पर हैं। इसी के चलते यह पुरुस्कार उनके पिता तेजपाल सिंह ने ग्रहण किया। फोटो देशबन्धु**

# फर्जी डिग्री मामले में गुजरात माडल को पछाड़ अगुवा बना अवध विवि

## फर्जी डिग्री मामले में गुजरात माडल को पछाड़ अगुवा बना अवध विवि

■ **ओम प्रकाश सिंह**

**अयोध्या,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को शैक्षणिक दृष्टि से विश्वगुरु बनाने के लिए प्रयासरत हैं। ये अलग बात है कि उनकी एंटायर पालिटिक्स की डिग्री पर ही विवाद है। लगता है कि एंटायर पालिटिक्स जैसी डिग्री देने के मामले में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों ने भी गुजरात माडल अपना लिया है। रामनगरी अयोध्या का डाक्टर राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अपनी अवैध छवि के साथ अगुवा बना हुआ है। ताजा मामले में विश्वविद्यालय ने उत्तीर्ण वर्ष के पहले के वर्ष की उपाधि निर्गत कर दिया है। शिकायत राजभवन में लंबित है। विश्वविद्यालय आरटीआई का जवाब भी नहीं दे रहा। संसद के अंदर और बाहर फर्जी डिग्रियों का मामला गूंज रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री का विवाद अभी चल ही रहा है। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भाजपा सांसद निशीकांत दूबे की डिग्री को फर्जी बताकर जांच की मांग किया है। केंद्रीय शिक्षामंत्रालय व राजभवनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरने वाले कुलपतियों की मनमानी से कई केंद्रीय व यूपी के अधिकांश विश्वविद्यालय डिग्री बांटने का केंद्र बनकर रह गए हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों के मुकाबले उत्तर भारतीय राज्यों में उच्च शिक्षा की गति रसातल की ओर है। देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश के मामले में तो स्थिति बेहद गंभीर है। कुलपतियों का काम एक खास विचारधारा के तले कार्य करना ही रह गया है। यूपी के राज्य विश्वविद्यालयों में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली एंटायर पालिटिक्स जैसी डिग्रियां सहज उपलब्ध हो रही हैं। मैं




बड़ी कि तू बड़ी की तर्ज पर फर्जी डिग्रियां व मार्कशीट देने के मामले में देश के विश्वविद्यालयों में होड़ लगी है। रामनगरी के अवध विश्वविद्यालय ने तो गुजरात माडल को भी पीछे छोड़ दिया है। आप पार्टी के नेता दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेन्द्र सिंह तोमर की फर्जी डिग्री का मामला इसी विश्वविद्यालय से जुड़ा था। दिल्ली बार काउंसिल और सूचना के अधिकार के तहत जो सूचना विश्वविद्यालय ने दिया था उसके मुताबिक तोमर ने जो डिग्रियां दिखाई थी उसका कोई भी रिकॉर्ड विश्वविद्यालय के पास नहीं था। गुजरात विश्वविद्यालय की तरह अवध विश्वविद्यालय ने भी फर्जी डिग्री के संदर्भ में कोई केस दर्ज नहीं कराया था। यहां के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ की कार्य प्रणाली से शिक्षक संघ भी आहत है। कहा जाता है कि विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के नाथ हैं उमानाथ। ज्ञान की देवी सरस्वती के मंदिर में लक्ष्मी की आराधना हो रही है। हाल ही में अवध विश्वविद्यालय का एक और कारनामा सामने आया है। जिसमें विश्वविद्यालय ने उत्तीर्ण वर्ष के पहले ही उपाधि निर्गत कर दिया है। राजभवन को भेजी गई शिकायत के अनुसार एक विद्यार्थी ने 2017 में एमए अर्थशास्त्र की परीक्षा दिया।

- **ज्ञान की देवी सरस्वती के मंदिर में हो रही है लक्ष्मी की आराधना**
- **आरटीआई का जवाब भी नहीं देता है विश्वविद्यालय**

जिसमें वह मौखिकी परीक्षा में सम्मिलित न होने के कारण फेल हो गया। विश्वविद्यालय की मिली भगत से विद्यार्थी ने अगले वर्ष 2018 में मौखिकी परीक्षा दिया और उसे 2017 की उपाधि निर्गत कर दिया गया। नियमानुसार विद्यार्थी 2018 में लिखित और मौखिकी दोनों की परीक्षा देता और उत्तीर्ण होने पर जो उपाधि निर्गत होती वह 2018 की प्रदान की जाती। इस संदर्भ में भी विश्वविद्यालय आरटीआई का जवाब नहीं दे रहा है।

# धड़ल्ले से हो रहा हरे पेड़ों का कटान

**मवाना/हस्तिनापुर,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकार पर्यावरण को संरक्षण प्रदान करने के लिए हर जतन कर रही है। ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे। जिसको लेकर सरकार पानी की तरह रुपए बहाकर लगातार वृक्षारोपण एवं जागरूकता अभियान चला रही है।

ग्रीन यूपी, क्लीन यूपी बनाने के लिए सरकार सभी से वृक्षारोपण करने की अपील कर रही है। वहीं दूसरी ओर वन विभाग की उदासीनता के चलते बेखौफ वन माफिया वन संरक्षित क्षेत्र में हरियाली पर आरा चला रहे हैं। लेकिन विभाग अवैध कटाई पर कार्यवाही करने में दिलचस्पी नही दिखाती है। वन विभाग के कुछ कर्मचारियों की साठ-गांठ से वन माफिया बेखौफ होकर प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर आरा चला रहे हैं।

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 18 अक्टूबर, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### ममूटी-स्टारर 'कन्नूर स्क्वाड' का लेटेस्ट ट्रैक 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' हुआ हिट

**नई दिल्ली।** मलयालम सुपरस्टार ममूटी की नई क्राइम-थ्रिलर फिल्म 'कन्नूर स्क्वाड' ने अपने लेटेस्ट ट्रैक 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' के लिए म्यूजिक वीडियो जारी किया है, जो एक बहुत ही मनभावन और सुखदायक ट्रैक है जिसे सुनने का आनंद ही कुछ और है। 'मृदु भावे ध्रुदा क्रूथये' एक बहुत ही भावपूर्ण गीत है, जिसमें सुशीन श्याम की सुरीली आवाज है। म्यूजिक वीडियो में ममूटी और उनकी टीम, जो सभी केरल पुलिस से हैं, एक लॉन्ग रोड ट्रिप पर एक पुलिस वैन में जा रहे हैं। यह ट्रिप केरल से मुंबई तक की है। इससे पहले वे उत्तर प्रदेश के फैजाबाद शहर में पहुंचे। पूरे वीडियो में, हम उन्हें बस एक रोड ट्रिप पर देखते हैं, जहां बाद में उन्हें मुंबई पुलिस के एक कांस्टेबल का फोन आता है जो कहता है कि उनके पास उनके लिए एक गिफ्ट है।

### उच्चरक्तचाप को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव डिमेंशिया और हृदय रोग के लिए खतरा

**सिडनी,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्लड प्रेशर के उतार-चढ़ाव से मनोभ्रंश रोग (डिमेंशिया) हो सकता है। वहीं, इससे वैस्कुलर (रक्त धमनियों की भीतरी दीवारों पर वसा जमा होना) का भी खतरा बना रहता है। एक रिसर्च से यह बात सामने आई है। अध्ययन का नेतृत्व करने वाले यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया (यूनिएसए) के शोधकर्ताओं के अनुसार, 24 घंटों के भीतर, कई दिनों या हफ्तों में रक्तचाप (बीपी) में उतार-चढ़ाव बिगड़े हुए स्वास्थ्य का संकेत है।

- **24 घंटों के भीतर, रक्तचाप में उतार-चढ़ाव बिगड़ा स्वास्थ्य**
- **उच्च रक्तचाप मनोभ्रंश के लिए एक जोखिम**

उच्च सिस्टोलिक बीपी भिन्नता (शीर्ष संख्या जो दिल की धड़कन होने पर धमनियों में दबाव को मापती है) भी धमनियों के सख्त होने से जुड़ी होती है, जो हृदय रोग से जुड़ी होती है। यह सर्वविदित है कि उच्च रक्तचाप मनोभ्रंश (डिमेंशिया) के लिए एक जोखिम कारक है, लेकिन रक्तचाप में उतार-चढ़ाव पर बहुत कम ध्यान दिया जाता है। सेरेब्रल सर्कुलेशन - कॉग्निशन एंड बिहेवियर जर्नल में प्रकाशित पेपर में प्रमुख लेखक डारिया गटरिज ने कहा कि नैदानिक उपचार रक्तचाप की परिवर्तनशीलता को नजरअंदाज करते हुए उच्च रक्तचाप पर ध्यान केंद्रित करते हैं। गटरिज ने कहा कि रक्तचाप अलग-अलग समय सीमा में उतार-चढ़ाव कर सकता है। इससे मनोभ्रंश और रक्त वाहिका स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाता है। उन तंत्रों का पता लगाने में मदद करने के लिए जो बीपी के उतार-चढ़ाव को मनोभ्रंश से जोड़ते हैं, शोधकर्ताओं ने 60-80 वर्ष की आयु के 70 स्वस्थ वृद्ध वयस्कों को भर्ती किया, जिनमें मनोभ्रंश या संज्ञानात्मक हानि के कोई लक्षण नहीं थे। उनके रक्तचाप की निगरानी की गई, उन्होंने संज्ञानात्मक परीक्षण पूरा किया, और मस्तिष्क और धमनियों में उनकी धमनी कठोरता को ट्रांसक्रानियल डॉपलर सोनोग्राफी और पल्स वेव विश्लेषण का उपयोग करके मापा गया। लेखकों ने लिखा कि हमने पाया कि एक दिन के भीतर, साथ ही पूरे दिन में उच्च रक्तचाप परिवर्तनशीलता, कम संज्ञानात्मक प्रदर्शन से जुड़ी हुई थी। हमने यह भी पाया कि सिस्टोलिक बीपी के भीतर उच्च रक्तचाप भिन्नता धमनियों में उच्च रक्त वाहिका कठोरता से जुड़ी हुई थी। शोधकर्ताओं ने देखा कि इन परिणामों से संकेत मिलता है कि विभिन्न प्रकार के बीपी परिवर्तनशीलता संभवत: विभिन्न अंतर्निहित जैविक तंत्रों को दर्शाती है, और सिस्टोलिक और डायस्टोलिक रक्तचाप भिन्नता दोनों वयस्कों में संज्ञानात्मक कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि बीपी परिवर्तनशीलता संभावित रूप से प्रारंभिक नैदानिक मार्कर या उपचार लक्ष्य के रूप में काम कर सकती है।



# 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए आलिया भट्ट ने पहनी अपनी शादी की साड़ी

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार पाने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने मंगलवार को समारोह में अपनी शादी की साड़ी पहनी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भाग लिया।

इस मौके पर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। जैसे ही आलिया प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए मंच पर गईं, वह झुक गईं और मंच के फर्श को छू लिया। अभिनेत्री अपनी शादी की साड़ी में खूबसूरत लग रही थी जो हाथीदांत रंग की थी। उन्होंने अपने लुक को चोकर नेक पीस, मैचिंग इयररिंग्स के साथ पूरा किया और अपने बालों को सफेद गुलाब के साथ एक बन में बांधा। उन्होंने लाल बिंदी और मिनिमल मेकअप के साथ लुक को पूरा किया।

आलिया ने कैमरे के सामने मुस्कुराहट बिखेरी और हाथ जोड़ लिए। पुरस्कार समारोह में अभिनेत्री के साथ उनके पति और अभिनेता रणबीर कपूर भी मौजूद थे। अभिनेता को काले रंग की पोशाक पहने देखा गया, और वह आलिया की तस्वीरें क्लिक कर रहे थे। 2022 में रिलीज हुई 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। फिल्म में शांतनु माहेश्वरी, विजय राज, जिम सर्भ और अजय देवगन भी हैं। आलिया ने अप्रैल 2022 में रणबीर से शादी की और दंपति की एक बेटी राहा है।



- **'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अभिनय के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार**

## अयोध्या में भगवान राम के जन्म से खुशियां, बजने लगी बधाई





**ग्रेटर नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में गोस्वामी सुशील महाराज के दिशा निर्देशन में रामलीला का मंचन राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों द्वारा किया जा रहा रामलीला मैदान ऐच्छर पाई सेक्टर में मंगलवार को मंचन में मुख्य अतिथि नवाब सिंह नागर, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे। मंचन की शुरूआत गणेश पूजन के साथ हुई।

इसके बाद रावण दरबार में असुर शक्तियों का ऐसा प्रदर्शन हुआ जिसे देख दर्शक भी डर से कांप उठे, देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं का युद्ध बड़ा भयंकर रहा असुरों की पराक्रम से विवश हो देवताओं ने भगवान की शरण ली, भगवान श्री राम जन्म से पृथ्वी के साथ-साथ देवलोक में भी खुशी का माहौल बना, माता सीता जन्म का दृश्य बड़ा अलौकिक था, और भगवान श्री राम की बाल लीलाओं की कथा ने सभी श्रद्धालु भक्तगणों का मन मोह लिया। रामलीला मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक गोश्वामी सुशील महाराज, राजकुमार नागर, शेर सिंह भाटी, संरक्षक हरवीर मावी, प्रदीप शर्मा, बालकिशन सफीपुर, सुशील नागर, अध्यक्ष आनन्द भाटी, महासचिव ममता तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय नागर, धीरेंद्र भाटी मीडिया प्रभारी, उमेश गौतम, महेश शर्मा, पवन नागर, रोशनी सिंह, सतबीर मुखिया, रक़म सिंह भाटी, मनोज गुप्ता, चैनपाल प्रधान, नवनीत गुप्ता, फिरे प्रधान आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा दीक्षा पाने के बाद भगवान राम व लक्ष्मण ने मारीच व सुबाहु का किया बध



**ग्रेटर नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। श्री रामलीला कमेटी साइट-4 में रामलीला मंचन के दूसरे दिन रावण वेदमती संवाद से शुरु हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाब सिंह नागर पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने भगवान राम के चरित्र का वर्णन किया और कहा कि हम सबको जीवन में श्री राम के चरित्र को अपनाना चाहिए। रामलीला के मंचन में अयोध्या में राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुधन जन्म से चारों ओर खुशी की लहर दौड़ पड़ती है, नगरवासी उत्सव मनाते हैं उधर सीता जी का जन्म भी होता है अयोध्या में वशिष्ठ जी द्वारा चारो पुत्रों का नामकरण संस्कार होता है। राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुधन जैसे- जैसे चारों राजकुमार बड़े होते हैं। दशरथ जी चारों राजकुमारों को वशिष्ठ जी के आश्रम में शिक्षा-दीक्षा के लिए भेज देते हैं। उधर विश्वामित्र सुबाहु मारीच के अत्याचार से परेशान होकर राजा दशरथ के पास जाते है और राम लक्ष्मण को मांग कर लाते हैं। विश्वामित्र जी के आशीर्वाद से भगवान श्री राम जी के द्वारा ताडका-सुबाहु-मारीच का वध कर दिया जाता है। उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया बुधवार को लीला में अहिल्या उद्धार, जनकपुरी भृमण, गौरी पूजन लीलाओ का मंचन होगा। इस अवसर पर मनोज गर्ग सौरभ बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, विनोद कसाना, कुलदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, हरेन्द्र भाटी, के के शर्मा, मुकुल गोयल, अमित गोयल, श्यामवीर भाटी, सुनील प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।



## सनम सेखों ने जीता पहला जेके टायर ड्रिफ्ट चैलेंज चैंपियन का खिताब

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत के ड्रिफ्ट चैंपियन कहे जाने वाले सनम सेखों ने पहले जेके टायर ड्रिफ्ट चैलेंज में दबदबा बनाए रखा और देश की पहली आधिकारिक ड्रिफ्टिंग प्रतियोगिता में तीन में से दो श्रेणियों में निर्विरोध जीत हासिल की। अनुभवी ड्रिफ्टर, मुदित ग्रोवर भी जेके टायर ड्रिफ्ट चैलेंज की सभी तीन श्रेणियों में पोडियम पर रहे। सेखों, अपनी विशेष रूप से तैयार की गई लेक्सस जीएस 300 को चारों कोनों की ओर साइड में घुमाते हुए संतुलित और नियंत्रण में दिखे और मुदित ने अपनी बीएमडब्लू ई46 में टायर-स्मोकिंग कार कंट्रोल के उत्कृष्ट प्रदर्शन में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में ट्विस्टिंग ड्रिफ्ट ट्रैक पर अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। चंडीगढ़ के इस ड्राइवर ने 744 अंकों के साथ डी1 श्रेणी जीती, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जुगराज सिंह भुर्जी ने बीएमडब्ल्यू एम3 चलाकर केवल 476 अंक हासिल किए। मुदित ग्रोवर ने 286 अंकों के साथ बीएमडब्ल्यू ई 46 में तीसरा स्थान हासिल किया। सेखों ने 460 अंक बनाए औरडी2 श्रेणी भी जीत लीऔर मुदित ग्रोवर (262 अंक) तथा मुग्धा ग्रोवर मर्सिडीज सी 200 (156 अंक) के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। हालांकि, नाबाद रहने की उनकी उम्मीद धराशायी हो गई, जब मुदित ने उनके 636 अंकों के मुकाबले 700 अंकों के साथ जीत हासिल की, जबकि सम्यक कपूर 281 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जेके टायर के मोटरस्पोर्ट्स प्रमुख संजय शर्मा ने कहा कि भारत की पहली ड्रिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हमें जिस तरह की उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है, उससे हम अभिभूत हैं। ड्रिफ्टिंग पूरी दुनिया में लोकप्रियता हासिल कर रही है, आज जितने लोग आये वह देखकर बहुत अच्छा लगा। बीआईसी ने ड्रिफ्ट चैलेंज के अलावा, जेके टायर फॉर्मूला इंपीरियल और इंडियन कार्टिंग रेस की भी मेज़बानी की।





## प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,**17 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा में स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में स्वनाम धन्य अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से समानित प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना ने अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय के समूह गान दल द्वारा मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर अभिषेक मिश्रा ने संगत की। अपने संबोधन में पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना ने कहा कि संगीत आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है और भारतीय शास्त्रीय गायन संपूर्ण विश्व में विशिष्ट शैली के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने युवा पीढ़ी को सचेत करते हुए कहा कि वह पश्विमी संस्कृति की भूल भुलैया में न खोकर अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक कलाओं को अपनाए। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या संध्या अवस्थी ने कहा कि ऐसे शास्त्रीय कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक धरोहरों से जोड़ते हैं और इन कलाओं के प्रति उनके मन में अनुराग जगाते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में स्पिक मैके संस्था का आभार भी प्रकट किया पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना को सच्चा कलाकार बताते हुए कहा कि वे सच्चे कलाकार है और उनकी प्रस्तुतियों में संगीत के प्रति समर्पण के दर्शन होते हैं।



### बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ निकली बारात की खूब चर्चा

# ससुराल में प्रताड़ित बेटी को वापस घर लौटा लाया पिता

- **शोषण व प्रताड़ना की वजह से साथ रह पाना मुश्किल**
- **साक्षी ने तलाक के लिए कोर्ट में केस फाइल किया**

**रांची,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। रांची में निकली एक बारात खूब चर्चा में है। यह बारात बेटी के ससुराल के लिए विदाई की खातिर नहीं, बल्कि ससुराल की प्रताड़ना से मुक्ति के लिए निकली। पिता ने ससुराल में शोषित-प्रताड़ित हो रही विवाहिता पुत्री को वापस अपने घर लाने के लिए बैंड-बाजा और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली। उन्होंने बीते 15 अक्टूबर को निकाली गई इस बारात की वीडियो सोमवार को अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट की और लिखा कि बड़े अरमानों और धूमधाम के साथ लोग अपनी बेटियों की शादी करते हैं, लेकिन यदि जीवनसाथी और परिवार गलत निकलता है या गलत काम करता है तो आपको अपनी बेटी को आदर और सम्मान के साथ अपने घर वापस लाना चाहिए क्योंकि बेटियां बहुत अनमोल होती हैं।

इस साहसी पिता का नाम है प्रेम गुप्ता, जो रांची के कैलाश नगर कुम्हारटोली के रहने वाले हैं। उनका कहना है कि 28 अप्रैल 2022 को उन्होंने बड़े अरमानों और धूम-धड़ाके के साथ बेटी साक्षी गुप्ता की शादी सचिन कुमार नामक युवक से की। वह झारखंड बिजली वितरण निगम में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत है और रांची के सर्वेश्वरी नगर का रहने वाला है।

उनका आरोप है कि कुछ ही दिनों बाद बेटी ससुराल में प्रताड़ित होने लगी। पति जब-तब उसे घर से बाहर निकाल देता। करीब एक साल बाद साक्षी को पता चला कि जिस शख्स के साथ उसकी शादी हुई है, उसने पहले से दो शादियां कर रखी हैं। उसके पांवों के नीचे की जमीन खिसक गई।

साक्षी कहती हैं, सब कुछ जानने के बाद भी मैंने हिम्मत नहीं हारी और रिश्ते को किसी तरह बचाने की कोशिश की। लेकिन, शोषण और प्रताड़ना की वजह से जब लगा कि उसके साथ रह पाना मुश्किल है तो रिश्ते की कैद से बाहर निकलने का फैसला किया। पिता और मायके वालों ने भी साक्षी के फैसले पर मुहर लगाई और उसकी ससुराल से बाकायदा बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ बारात निकाली और उसे मायके वापस ले आए।

प्रेम गुप्ता कहते हैं कि बेटी के शोषण से मुक्त होने की खुशी में उन्होंने यह कदम उठाया। साक्षी ने तलाक के लिए कोर्ट में केस फाइल किया है। लड़के ने गुजारा भत्ता देने की बात कही है। जल्द ही तलाक पर कानूनी तौर पर मुहर लग जाने की उम्मीद है।





## कुपवाड़ा में 75 साल बाद ऐतिहासिक शारदा मंदिर में हुई नवरात्रि पूजा

**श्रीनगर,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। 1947 के बाद पहली बार, जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के टीटवाल गांव में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास शारदा देवी मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई।

शरद नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को पूजा आयोजित की गई और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हम्पी के स्वामी गोविंदानंद सरस्वती अपने अनुयायियों के साथ कर्नाटक में भगवान हनुमान की जन्मस्थली किष्किंधा से रथ यात्रा पर सवार होकर टीटवाल गांव पहुंचे। इस दौरान कुछ कश्मीरी पंडित भी मौजूद थे, इनमें ए.के. रैना, एक प्रसिद्ध थिएटर कलाकार हैं, जिन्होंने 'कश्मीर फाइल्स' फिल्म में अभिनय किया है। टीटवाल गांव में मंदिर और गुरुद्वारा को 1947 में कबायली हमलावरों ने जला दिया था और उसी तर्ज पर जमीन के उसी टुकड़े पर एक नया मंदिर और गुरुद्वारा बनाया गया है, जिसका उद्घाटन 23 मार्च, 2023 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। 75 वर्षों के बाद ऐतिहासिक मंदिर में नवरात्रि पूजा की सराहना करते हुए, अमित शाह ने कहा कि यह गहन आध्यात्मिक महत्व की बात है कि 1947 के बाद पहली बार, इस वर्ष कश्मीर के ऐतिहासिक शारदा मंदिर में नवरात्रि पूजा आयोजित की गई है। वर्ष की शुरुआत में, चैत्र नवरात्रि पूजा होती है और अब शारदीय नवरात्रि पूजा के मंत्र मंदिर में गूंजते हैं। मैं 23 मार्च 2023 को जीर्णोद्धार के बाद मंदिर को फिर से खोलने के लिए भाग्यशाली था। यह घाटी में न केवल शांति की वापसी का प्रतीक है, बल्कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक लौ को फिर से जगाने का भी प्रतीक है। शारदा का प्राचीन मंदिर 18 महाशक्ति पीठों में से एक है और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की नीलम घाटी में खंडहरों में स्थित है। यह मंदिर हिंदू देवी मां शारदा को समर्पित है, जिन्हें ज्ञान और बुद्धि की देवी, सरस्वती का अवतार माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, मंदिर का निर्माण मूल रूप से पांडवों द्वारा अपने निर्वासन के दौरान किया गया था। यह भी माना जाता है कि 8वीं शताब्दी के दौरान इस क्षेत्र पर शासन करने वाले राजा ललितादित्य मुक्तपीड ने बाद में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था।

# प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए कच्छ की महिला की अनूठी पहल

**गांधीनगर,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। गुजरात में कच्छ की एक महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि जब हम आज स्वच्छ भारत के मिशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, तब एक सशक्त महिला की कहानी सभी के लिए प्रेरणादायी बन गई, इस महिला ने गांवों को प्लास्टिक कचरे से मुक्ति दिलाने के लिए एक अनूठी पहल की है। उन्होंने एक आत्मनिर्भर महिला के रूप में न केवल गुजरात, बल्कि दुनिया भर की महिलाओं को भी प्रेरित करने का काम किया है। प्लास्टिक कचरे से बनाए निर्यात गुणवत्ता उत्पाद कच्छ के भुज शहर के निकट स्थित अवध नगर में रहने वाली 50 वर्षीय राजीबेन वणकर प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर उससे शॉपिंग बैग, पर्स, मोबाइल कवर, ट्रे, योगा मैट, फाइल फोल्डर और चश्मा कवर जैसी ट्रेंडी और दैनिक उपयोग की चीजें बनाती हैं। इस कार्य में उनके साथ 50 महिलाएं भी जुड़ी हैं, जो कटिंग से लेकर उत्पादों के निर्माण के विभिन्न चरणों का कार्य करती हैं।

- **प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर शॉपिंग बैग, पर्स, मोबाइल कवर, ट्रे, योगा मैट, फाइल फोल्डर व चश्मा कवर जैसी चींजे बनाती हैं राजीबेन**



जब राजीबेन की उम्र 13 साल की थी तब उन्होंने अपने पिता की बीमारी को देखते हुए बुनाई कार्य सीखने का निश्चय किया। परंपरागत रूप से यह पुरुषों का काम था, लेकिन परिवार की मदद करने के उद्देश्य से उन्होंने यह काम सीखना शुरू किया। विवाह के कुछ साल बाद पति का निधन हो जाने के कारण उन्होंने परिवार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली और बुनाई कार्य के माध्यम से स्थानीय स्तर पर काम करना शुरू कर दिया। वे कच्छ की 'खमीर' नामक संस्था से जुड़ीं और वहां प्लास्टिक रीसाइक्लिंग का काम सीखा।

राजीबेन ने बताया कि पहले मैं 'खमीर' नामक एक एनजीओ में बुनाई का काम करती थी। यहां एक विदेशी महिला डिजाइनर हमारे साथ जुड़ीं और उन्होंने मुझे प्लास्टिक को रीसाइक्लिंग कर विभिन्न उत्पाद बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। 2012 में राजीबेन ने 'खमीर' में प्लास्टिक रीसाइक्लिंग का काम शुरू किया। पर्याप्त प्रशिक्षण हासिल करने के बाद 2018 में उन्होंने स्थानीय महिलाओं को साथ जोड़कर अपने गांव में ही यह काम शुरू किया। प्लास्टिक रीसाइक्लिंग के इस कार्य में उन्हें गांवों को प्लास्टिक के कूड़े से मुक्त करने का उपाय नजर आया, इसलिए उन्होंने अपने इस कार्य को उस बड़े उद्देश्य के साथ जोड़ दिया। कूड़ा बीनने से लेकर अंतिम उत्पाद बनने तक की यात्रा यह प्रक्रिया चार चरणों से होकर गुजरती है। सबसे पहले प्लास्टिक एकत्र किया जाता है। फिर प्लास्टिक को साफ कर उसे सुखाया जाता है, बाद में प्लास्टिक की पट्टियां काटी जाती हैं और फिर उससे उत्पाद बनाए जाते हैं। कूड़ा बीनने वाली महिलाएं प्लास्टिक इकट्ठा कर राजीबेन को देती हैं, जिसके एवज में वे उन्हें निर्धारित पारिश्रमिक का भुगतान करती हैं। राजीबेन के साथ काम करने वाली महिलाएं प्रतिमाह छह हजार रुपए तक कमा लेती हैं। अब उनके अनेक उत्पाद ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं और दिल्ली, मुंबई तथा बैंगलुरु जैसे देश के बड़े शहरों से लेकर लंदन जैसे दुनिया के प्रमुख शहरों तक पहुंच गए हैं।

# [अर्थ जगत]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 1.97 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.17 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.03 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.94 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.77 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 1.55 प्रतिशत |
| एल एड टी | 1.21 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.84 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.50 प्रतिशत |
| जेएसडब्लू स्टील | 0.22 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## डाबर को मिला 320.6 करोड़ रुपए का जीएसटी डिमांड नोटिस

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। एफएमसीजी प्रमुख डाबर को जीएसटी अधिकारियों से 320.60 करोड़ रुपये का भुगतान करने का नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को एक नियामक फाइलिंग में ये बात कही। जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम जोनल यूनिट द्वारा 16 अक्टूबर को जारी डिमांड नोटिस में कहा गया है कि अगर कंपनी टैक्स का भुगतान करने में विफल रहती है तो कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। डाबर ने आगे कहा, 'कंपनी संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब/प्रस्तुति दाखिल कर इसे चुनौती देगी।'



# वेदांता ने जापानी कंपनियों को भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने को किया आमंत्रित

**टोक्यो/मुंबई,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। जापान और भारत के बीच सहयोग और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुजरात सरकार ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट से पहले जापान के प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स उद्यमियों को लक्षित करने वाले रोड शो के लिए वेदांता को आमंत्रित किया है। वैश्विक प्राकृतिक संसाधन और प्रौद्योगिकी समूह वेदांता ने भारत, विशेषकर गुजरात में निवेश के जबरदस्त अवसरों पर प्रकाश डाला और जापानी कंपनियों से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्रांति में भागीदार बनने का आग्रह किया। वेदांता के सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले व्यवसाय के वैश्विक प्रबंध निदेशक आकाश के. हेब्बार ने दो दिवसीय रोड शो में टोक्यो और ओसाका में भारतीय दूतावास में जापानी उद्योग के नेताओं की एक सभा को संबोधित किया। उन्होंने भारत में, विशेष रूप से गुजरात में निवेशक-अनुकूल माहौल को रेखांकित किया, और जापानी कंपनियों




को भारत के समृद्ध इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग में शामिल होने के लिए असाधारण अवसर प्रदान करने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने गुजरात सरकार को उनकी नीतिगत स्थिरता, सुशासन, उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाओं और राज्य की सक्रिय और कुशल टीम द्वारा हर कदम पर व्यापार करने में आसानी के लिए मदद के लिए बधाई दी। देश में बड़े अवसरों के बारे में बात करते हुए, आकर्ष हेब्बार ने कहा, 'भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग भारत सरकार की मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और 100 स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहलों से बढ़ी है, इसका उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण, डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति है। इसके अतिरिक्त, इंटरनेट की बढ़ती पहुंच और ई-कॉमर्स के बढ़ते चलन ने इलेक्ट्रॉनिक्स की मांग को और बढ़ा दिया है। 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने धोलेरा एसआईआर, गुजरात में सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले फैब्स स्थापित करने की वेदांता की महत्वाकांक्षी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की और जापानी कंपनियों को राज्य में देश का पहला इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने में मदद करने के लिए वेदांता के साथ साझेदारी करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने यह भी बताया कि हब में सैकड़ों एसएमई को आकर्षित करने और एक लाख से अधिक नौकरियां पैदा करने की क्षमता है।

जापानी उद्योग को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'इस इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र में आने और निवेश करने की इच्छुक कंपनियों के लिए 80 अरब डॉलर का अवसर है, और वेदांता भारत में निवेश करने में रुचि रखने वाली जापानी कंपनियों के लिए एंकर होगी।' वेदांता का जापान के साथ पुराना रिश्ता है, समूह की कंपनी का मुख्यालय जापान में है। पिछले साल के अंत में, कंपनी ने भारत के सेमीकंडक्टर और ग्लास डिस्प्ले विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए 30 जापानी प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस कार्यक्रम की मेजबानी जापान में भारत के राजदूत सिबी जॉर्ज और ओसाका कोबे के महावाणिज्य दूत निखिलेश गिरी ने की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विजय नेहरा, आईएएस, सचिव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने किया और संचालन जेट्रो के महानिदेशक ताकेहिको फुरुकावा ने किया। भारत में स्थित अग्रणी भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थीं।

## टेबल स्पेस ने टीएस सुइट्स किया लॉन्च किया, 500 करोड़ रुपए निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के प्रीमियर मैनेज्ड वर्कस्पेस प्रोवाइडर टेबल स्पेस, जो दुनिया के टॉप फॉर्च्यून 10 क्लाइंट्स में से 50 प्रतिशत को सर्विस प्रदान करता है, ने प्रीमियम और तत्काल ऑफिस सोल्यूशन की अधूरी मांग को पूरा करने के लिए अग्रणी अवधारणा 'टीएस सुइट' लॉन्च किया है। बैंगलोर, पुणे, गुड़गांव, नोएडा और चेन्नई में प्रीमियम लोकेशन्स पर फिलहाल इसके आठ से ज्यादा सेंटर हैं। अब, टेबल स्पेस अगले 18 महीनों के भीतर 25 सेंटर्स तक पेशकश का विस्तार करेगा और अगले 18 महीनों में लगभग 500 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है। टीएस सुइट अपने नेशनल नेटवर्क में शॉर्ट और मिड टर्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर वर्ल्ड क्लास, सिक्योर और कंप्लेंट प्री-बिल्ड ऑफिस का एक प्रीमियम नेटवर्क प्रदान करता है। इसकी सर्विस फास्ट और मजबूत दोनों है, जो संगठनों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण चीजों पर फोकस करने के लिए सशक्त बनाती है, साथ ही यह बाकी चीजों का प्रबंधन करती है।

आरंभिक पूछताछ से लेकर लाइव होने तक, टीएस सुइट्स 24 घंटे से कम का प्रभावशाली टर्नअराउंड समय प्रदान करता है, जिससे निर्बाध व्यापार गति सुनिश्चित होती है। टेबल स्पेस के सह-संस्थापक और मुख्य निवेश अधिकारी, करण चोपड़ा, जो टीएस सुइट पहल और पेशकश का नेतृत्व कर रहे हैं, के अनुसार, 'टीएस सुइट्स रेडी-टू-कब्जे वाले ग्रेड-ए वर्कशॉप्स के माध्यम से क्लाइंट्स को मॉड्यूलर ग्रोथ के अवसर प्रदान करता है। स्पीड और फ्लेक्सिबिलिटी का पर्याय, यह बेजोड़ प्रीमियम सर्विस संगठनों को अपने मुख्य कार्यों पर पूरे दिल से ध्यान केंद्रित करने का अधिकार देती है, जबकि हम (टेबल स्पेस) बाकी का ध्यान रखते हैं।'

उन्होंने कहा, 'देश में फॉर्च्यून 500 कंपनियों और बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम करने की हमारी समृद्ध विरासत और 7 मिलियन से अधिक वर्गफुट वर्कस्पेस प्रदान करने का एक प्रूवेन ट्रैक रिकॉर्ड, प्रीमियम ऑफर बनाने के लिए आवश्यक अंतर्दृष्टि प्रदान करता है जो प्रासंगिक बाजार की जरूरतों को पूरा करता है।

## इंजन लीज फाइनेंस और स्पाइसजेट अंतरिम समझौते पर पहुंचे: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय को सोमवार को सूचित किया गया कि इंजन लीज फाइनेंस कॉरपोरेशन एविएशन सर्विसेज लिमिटेड और नकदी संकट से जूझ रही स्पाइसजेट एयरलाइन एक अंतरिम समझौते पर पहुंच गई है। सुनवाई के दौरान, दोनों पक्षों के कानूनी प्रतिनिधियों ने अदालत को सूचित किया कि निपटान की शर्तों पर सहमति हो गई है और परिणामस्वरूप, दोनों कानूनी टीमों ने स्थगन का अनुरोध किया। अदालत ने 8 फरवरी, 2024 को मामले की सुनवाई तय करते हुए स्थगन मंजूर कर लिया।




समझौते के तहत स्पाइसजेट को जनवरी तक इंजन लीज फाइनेंस बीवी को 2 मिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान करना होगा। इसके अलावा, स्पाइसजेट ने विवादित इंजन को 25 जनवरी तक वापस करने की प्रतिबद्धता जताई है। यदि स्पाइसजेट इन दायित्वों को पूरा करने में विफल रहता है तो इंजन लीज फाइनेंस बीवी के पास समाप्ति को बनाए रखने और कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार बरकरार है। 27 सितंबर को इंजन लीज बीवी ने बचे हुए एकमात्र इंजन को वापस करने की मांग करते हुए मामले को दिल्ली उच्च न्यायालय में ले जाया था। पट्टादाता ने शुरू में कम लागत वाले वाहक को नौ इंजन पट्टे पर दिए थे, और पट्टा समझौते की शर्तों के अनुसार, समझौता समाप्त होने पर आठ इंजन वापस कर दिए गए थे।

## रिवोल्ट मोटर्स ने 'इंडिया ब्लू' क्रिकेट स्पेशल एडिशन इलेक्ट्रिक बाइक की लॉन्च

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (आईएएनएस)। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी रिवोल्ट मोटर्स ने मंगलवार को आरवी400 %इंडिया ब्लू-क्रिकेट स्पेशल एडिशन इलेक्ट्रिक बाइक% नाम से एक नई ई-बाइक लॉन्च की। ब्लू फिनिश प्रीमियम एस्थेटिक को उजागर करती है, जो भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के जुनून और गौरव को दर्शाती है। कंपनी ने कहा कि यह एक मास्टरपीस है, जो रिवोल्ट आरवी400 के जबरदस्त फीचर्स के साथ-साथ इनोवेशन, स्टाइल और सस्टेनेबिलिटी को जोड़ती है। बिजनेस चेयरपर्सन अंजलि रतन ने कहा, %%हमें 2023 वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम के प्रति हमारे अटूट समर्थन के प्रतीक के रूप में आरवी400 इंडिया ब्लू को पेश करते हुए खुशी हो रही है। यह एडिशन इको-फ्रेंडली, प्रीमियम एक्सपीरियंस प्रदान करने के लिए टेक्नोलॉजी और स्टाइल के संयोजन के हमारे विजन को पूरी तरह से समाहित करता है।%%उन्होंने कहा, %%इंडिया ब्लू कलर सिर्फ एक कलर नहीं है। यह एक बयान है और हमारा मानना है कि यह हमारे रिवोल्ट आरवी400 लाइनअप में सुंदरता और गौरव का स्पर्श जोड़ता है। इंडिया ब्लू स्पेशल एडिशन गेम की भावना का जश्न मनाते हुए क्लीन और सस्टेनेबल कम्यूटिंग का प्रतीक है, जो इसे उन लोगों के लिए जरूरी बनाता है जो क्रिकेट और ओपन रोड दोनों को पसंद करते हैं। कंपनी ने कहा, चूंकि यह लिमिटेड नंबर्स वाला एक क्रिकेट स्पेशल एडिशन है, इसलिए इंडिया ब्लू पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध होगा। ई-बाइक की कीमत का खुलासा बाद में किया जाएगा। 2017 में स्थापित रिवोल्ट इंटेलीकॉर्प भारत के इलेक्ट्रिक वाहन परिदृश्य में अग्रणी है। इनोवेटिव टेकिनोलॉजी पर ध्यान देने के साथ, रतन इंडिया एंटरप्राइजेज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (रिवोल्ट मोटर्स), ई-कॉमर्स (कोकोब्लू रिटेल), फैशन ब्रांड (नियो ब्रांड्स), फिनटेक (वेफिन), और ड्रोन (नियोस्की) सहित अलग-अलग उद्योगों में बदलाव ला रहा है।

**सार संक्षेप**

### पीडब्ल्यू आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट शुरू

**नई दिल्ली।** एड टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने पीडब्ल्यू इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन (पीडब्ल्यू-आईओआई) के माध्यम से अपने शैक्षिक पोर्टफोलियो का विस्तार कर रहा है। संस्थान ने आज यहां जारी बयान में कहा कि ऑफ टेक्नोलॉजी (एसओटी) की सफलता के बाद, पीडब्ल्यू-आईओआई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एसओएम) का शुरू किया गया है। यह तीन साल का आवासीय यूजी कोर्स है, जिसका उद्देश्य प्रबंधन और प्रौद्योगिकी के तहत व्यापार और उद्यमिता के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। एसओएम बिजनेस, उद्यमिता और प्रौद्योगिकी प्रबंधन के गतिशील क्षेत्र में दक्षता पाने के इच्छुक लोगों के लिए तैयार एक विस्तृत कोर्स है। यहां अनुभवी शिक्षकों और सलाहकारों की फैकल्टी है, जो शीर्ष कंपनियों में इंडस्ट्री लीडर्स हैं। साथ ही उद्योग-केंद्रित पाठ्यक्रम, 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति का अवसर और वास्तविक परियोजनाओं से व्यावहारिक जुड़ाव की मदद से, छात्र सफल व्यावसायिक यात्रा पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह कोर्स वास्तविक जीवन की चुनौतियों, और नए प्रयोग करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे छात्र स्टार्टअप शुरू करने और उद्योग की चुनौतियों को हल करने, विचारों को मूर्त रूप देने और जानकारी का सही इस्तेमाल करने में सक्षम होते हैं।

### अजमेरा रियल्टी को मुंबई में आवासीय परियोजना के पुनर्विकास का ठेका


मुंबई। शेयर बाजार में सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी अजमेरा रियल्टी एंड इंफ्रा इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसे मुंबई के वर्सोवा इलाके में एक पुरानी सहकारी आवास समिति के पुनर्विकास का ठेका मिला है। कंपनी की एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि बालकृष्ण सहकारी हाउसिंग सोसाइटी के पुनर्विकास की इस परियोजना से उसे 360 करोड़ रुपए की बिक्री की उम्मीद है।

### एक्सपीरियन डेवलपर्स की द डिवाइन नाइन की पेशकश

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी एक्सपीरियन डेवलपर्स ने 'द डिवाइन नाइन' नवरात्रि ऑफर की घोषणा की है, जो उन घर खरीददारों के लिए एक सीमित समय तक उपलब्ध है जहां 60 लाख रुपये से अधिक के लाभ का वादा किया गया है। कंपनी ने आज यहां कहा कि इस ऑफर के तहत 31 अक्टूबर एक्सपीरियन की अलग-अलग प्रॉपर्टीज़ के पोर्टपोलियो में कई लाभ मिलेंगे। सेक्टर 112, गुरुग्राम में स्थित विंडचैंट्स में 2 मास्टर बेडरूम के साथ ड्युप्लेक्स विलामेंट की ऑन-द-स्पॉट बुकिंग करने पर 59.99 लाख रूपए की छूट के लाभ के साथ ही उन्हें 9.99 लाख रूपए मूल्य के होम अप्लायंस मिलेंगे। 'अपार्टमेंट' और 'पेंटहाउस' खरीदने वालों को प्रत्येक बुकिंग के साथ 10 ग्राम का गोल्ड कॉइन दिया जायेगा। वेस्टलीज़ प्लॉट्स के लिए ऑफर है। लखनऊ स्थित एक्सपीरियो में हाइ स्ट्रीट ऑफिस या रिटेल स्पेस की प्रत्येक खरीदारी पर खरीदारों को 10 ग्राम तक का गोल्ड कॉइन मिलेगा।

# गिरावट से उबरा शेयर बाजार

मुंबई, 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पिछले तीन दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 262.16 अंक की छलांग लगाकर 66428.09 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 79.75 अंक उछलकर 19811.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,514.28 अंक और स्मॉलकैप 0.70 प्रतिशत चढ़कर 38,585.62 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3825 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2184 में लिवाली जबकि 1506 में बिकवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियां तेजी जबकि शेष 12 गिरावट पर रही। बीएसई में कैपिटल गुड्स की 0.11 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.07, सीडी 0.19, ऊर्जा 0.94, एफएमसीजी 0.56, वित्तीय सेवाएं 0.66, हेल्थकेयर 0.25, इंडस्ट्रियल्स 0.37, आईटी 0.28, दूरसंचार 0.64, यूटिलिटीज 1.21, ऑटो 0.03, बैंकिंग 0.48, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.08, धातु 0.60, तेल एवं गैस 0.80, पावर 0.98, टेक 0.30 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.27 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.34, जापान का निक्केई 1.20, हांगकांग का हैंगसेंग 0.75 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.32 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.04 प्रतिशत उतर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 391 अंक की तेजी के साथ 66,558.15 अंक पर खुला और थोड़ी देर बाद ही 66,559.82 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंतिम चरण में हुई बिकवाली के दबाव में यह 66,309.18 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 66,166.93 अंक की तुलना में 0.39 प्रतिशत चढ़कर 66,428.09 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह निफ्टी भी 111 अंक की छलांग लगाकर19,843.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,849.75 अंक के उच्चतम जबकि 19,775.65 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,731.75 अंक के मुकाबले 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 19,811.50 अंक पर रहा। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में पावरग्रिड 1.97, टेक महिंद्रा 1.17, एनटीपीसी 1.03, भारती एयरटेल 0.94, एचडीएफसी बैंक 0.77, इंफोसिस 0.58, रिलायंस 0.54, आईसीआईसीआई बैंक 0.46, टाटा स्टील 0.28, विप्रो 0.28, एसबीआई 0.12 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.10 प्रतिशत शामिल रही।

## चीन में आईफोन 15 सीरीज की बिक्री आईफोन 14 की तुलना में 4.5 प्रतिशत कम

**हांगकांग,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन में पहले 17 दिनों में आईफोन 15 सीरीज यूनिट की बिक्री पिछले साल के आईफोन 14 के मुकाबले खराब प्रदर्शन कर रही है, जो उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, आईफोन प्लस मॉडल को छोड़कर, जो पिछले साल तीन हफ्ते देर से जारी किया गया था, चीन में बिक्री में 10 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, डेटा अमेरिका में आने वाले शुरुआती आंकड़ों के विपरीत है, जो सभी मॉडलों, खासकर आईफोन 15 प्रो मैक्स में मजबूत मांग को दर्शाता है। विश्लेषक मेंगमेंग झांग ने कहा, '15 सीरीज के लिए चीन के हेडलाइन नंबर रेड कलर में हैं, और यह उपभोक्ता खर्च में व्यापक गिरावट का प्रतिबिंब है।' हालांकि, एनालिस्ट ने कहा कि प्रो मैक्स पर आपूर्ति बेमेल प्री-हॉलीडे शॉपिंग पीरियड के साथ-साथ कुछ मांग को कैलेंडर चौथी तिमाही तक बढ़ा सकता है। शुरुआती अमेरिकी आंकड़े चीन के बिल्कुल विपरीत हैं, आईफोन 15 की सेल्स के पहले नौ दिनों में कुल यूनिट सेल्स में दोहरे अंकों में बेस, प्रो और स्पेशल रूप से प्रो मैक्स मॉडल में हेल्दी डिमांड दिखाई दे रही है।



उत्तरी अमेरिका के अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहॉक ने कहा, नए आईफोन के लिए बैक-टू-बैक शानदार वीकेंड के साथ अमेरिका अभी हॉट है। 15 सीरीज का समग्र स्वागत बहुत सकारात्मक रहा है और हम आईफोन 11 और 12 यूजर्स से एक बड़े अपग्रेड साइकल की उम्मीद कर रहे हैं। फील्डहैक ने कहा, 'बेशक, हम सेल्स के पहले कुछ हफ्तों के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह एक पॉजिटिव साइन है और चीन के आंकड़ों को काफी प्रभावित करता है।'

## रोल्स-रॉयस ने लागत में कटौती के तहत 2,500 कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना बनाई

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। वैश्विक इंजीनियरिंग दिग्गज रोल्स-रॉयस ने लागत में भारी कटौती के तहत वैश्विक स्तर पर 2,500 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने की योजना की घोषणा की है। बीपी के पूर्व कार्यकारी तुफान एर्गिनबिल्गिक ने जनवरी में रोल्स-रॉयस के सीईओ के रूप में पदभार संभाला था, जब उन्होंने प्रतिष्ठित विमान इंजन निर्माता को एक बर्निंग प्लेटफॉर्म बताकर कंपनी के कर्मचारियों को चौंका दिया था, जिसका संचालन अस्थिर था। कंपनी दुनिया भर में 42,000 लोगों को रोजगार देती है, जिसमें से लगभग आधा कार्यबल यूके में स्थित है। जब कोरोना महामारी के दौरान एयरलाइंस बंद हो गई थी तब रोल्स-रॉयस का वित्तीय प्रदर्शन गिर गया था, लेकिन पिछले साल वैश्विक हवाई यात्रा में सुधार के साथ इसमें सुधार हुआ है। द गार्जियन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि, लंबी दूरी की यात्रा पर कंपनी के फोकस का मतलब है कि यह उन प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गया है जो छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाते हैं, 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है। कंपनी का लंबी दूरी की यात्रा पर ध्यान केंद्रित करने का मतलब है कि वह छोटी दूरी के विमानों के लिए इंजन बनाने वाले प्रतिद्वंद्वियों से पिछड़ गई है, साल 2023 की शुरुआत के बाद से इसके शेयर की कीमत दोगुनी से अधिक हो गई है, हालांकि 2019 में यह अपने महामारी-पूर्व स्तर से कम है।

# वैवाहिक सीजन में देश में लगभग 35 लाख शादियां होंगी: कैट

**नई दिल्ली,** 17 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली सहित देश भर के व्यापारी आगामी शादी के मौसम के लिए एक बड़ी बिक्री करने पूरी तरह से तैयारी में जुट गये हैं क्योंकि दिवाली के तुरंत बाद शादियों का सीजन शुरू हो रहा है और इस दौरान करीब 35 लाख शादियां होने का अनुमान है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज यह अनुमान जताते हुये कहा कि इस वर्ष 23 नवंबर, देव उठान एकादशी से शादियों का सीजन शुरू होकर 15 दिसम्बर तक चलेगा। एक अनुमान के अनुसार किए इस अवधि के दौरान देश भर में लगभग 35 लाख शादियां संपन्न होंगी, जिसमें शादी की खरीदारी और शादी से संबंधित अनेक प्रकार की सर्विस के ज़रिए सेवाएँ



लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपए का बड़ा खर्च इस सीजन में होने की संभावना है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी सी भरतिया ने कहा कि कैट की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा हाल ही देश के 20 प्रमुख शहरों के व्यापारियों एवं सर्विस प्रोवाइडर के बीच किए गए एक सर्वे के अनुसार अकेले दिल्ली में इस सीज़न में 3.5 लाख से अधिक शादियाँ होने की उम्मीद है, जिससे दिल्ली में लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का कारोबार होने की संभावना है। पिछले साल इसी अवधि में करीब 32 लाख शादियां हुईं और खर्च 3.75 लाख करोड़ रुपए आंका गया था।

श्री भरतिया ने कहा कि इस शादी सीजन में करीब 6 लाख शादियों में प्रति शादी 3 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा, जबकि करीब 10 लाख शादियों में प्रति शादी करीब 6 लाख, 12 लाख रुपए का खर्च आएगा. शादियों में प्रति शादी लगभग 10 लाख खर्च होंगे, 6 लाख शादियों में प्रति शादी 25 लाख खर्च होंगे, 50 हजार शादियों में प्रति शादी 50 लाख खर्च होंगे और 50 हजार शादियाँ ऐसी होंगी जिनमें 1 करोड़ या उससे अधिक पैसे खर्च होंगे। कुल मिलाकर 4.25 लाख करोड़ रुपए व्यय किये जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि शादी के सीजन में कारोबार की अच्छी संभावनाओं को देखते हुए देशभर के व्यापारियों ने व्यापक तैयारियां की हैं। ग्राहकों की संभावित भीड़ को देखते हुए व्यापारी अपने यहां सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलाकर इस एक महीने में शादी के सीजन में बाजारों में शादी की खरीदारी से करीब 4.25 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह होगा। शादी के सीज़न का अगला चरण जनवरी के मध्य से शुरू होगा और जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विवाह का लगभग 20 प्रतिशत खर्च दूल्हा-दुल्हन पक्ष को जाता है जबकि 80 प्रतिशत खर्च विवाह संपन्न कराने में काम करने वाली अन्य तीसरी एजेंसियों को जाता है।

